जैन विश्व भारती संस्थान
(मान्य विश्वविद्यालय)
लाडनूं – 341 306

मुनि श्री चौथमल जी कृत

कालु – कौमुदी

हिन्दी व्याख्या
समणी हिमप्रज्ञा

बी. ए. द्वितीय वर्ष
कारक (329 सूत्र से 392 सूत्र तक)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

सूत्र (कारक प्रकरण)

329. क्रिया निमित्तं कारकम्
330. स्वतंत्रः कर्ता
331. नाम्नः प्रथमा
332. आमन्त्रणे
333. कर्तुर्व्याप्यं कर्म
334. गौणात्
335. कर्मणि द्वितीया
336. क्रियाविशेषणात्
337. स्मृत्यर्थदयेशां वा
338. अधेः शीङ्स्थासामाधारः
339. अन्वध्याङ्भ्यो वसः
340. उपान्निवासे
341. दुहाद्यर्थानामविवक्षितम्
342. गतिबोधाहारशब्दार्थाऽकर्मणाम्
343. न नीखाद्यदिह्वाशब्दायक्रन्दाम्
344. निकषासमयाहाधिगन्तरान्तरेणातियेनतेनैः
345. सर्वोभयाभिपरिभिस्तसन्तैः
346. उपर्यधोऽधिभिर्द्वित्त्वे
347. उपेन चोत्कृष्टे
348. कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे
349. अपवर्गे तृतीया
350. कर्तृसाधनहेत्वित्थंभूतलक्षणेषु
351. सहार्थे
352. येनाङ्गि विकारः
353. निषेधार्थकृताद्यैः
354. प्रकृत्यादय आख्यायाम्
355. कर्मक्रियाभिप्रेयो दानपात्रम्
356. दानपात्रे चतुर्थी
357. रूच्यर्थानां प्रीयमाणः
358. श्लाघह्नु स्थाशपां ज्ञीप्स्यमानः
359. क्रुध्द्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रतिकोपः
360. तादर्थ्ये
361. समर्थार्थनमः स्वस्तिस्वाहास्वधावषड्भिः
362. गतेरप्राप्ते वा
363. हितसुखाभ्याम्
364. अपायेऽवधिरपादानम्
365. पञ्चम्यपादाने
366. प्रभृत्यन्यार्थाराद्दिक्शब्दैः
367. पर्यपाभ्यां वर्जने
368. आङावधौ
369. आख्यातर्युपयोगे
370. दूरान्तिकार्थबहिर्भिः
371. शेषे
372. कर्तृकर्मणोः कृति
373. उभयप्राप्तौ कर्तरि वा
374. तृन्नुदन्ताव्ययक्वस्वानशतृक्तक्तवतुकिखलर्थानाम्
375. अकमेरुकस्य
376. द्विषः शतुर्वा
377. क्तस्य वर्तमानाधारयोः
378. भावे वा
379. कृत्यानां कर्तरि वा
380. आधारे सप्तमी
381. यस्य भावेन भावलक्षणम्
382. षष्ठ्यनादरे
383. निमित्तात्कर्मसंयुक्तात्
384. साध्वसाधुभ्याम्
385. निर्धारणेऽविभागे सप्तमी च
386. स्वामीश्वराधिपतिदायादसाक्षिप्रतिभूप्रसूतैर्वा
387. तूल्यार्थैस्तृतीयाषष्ठ्यौ
388. ऋते द्वितीयापञ्चम्यौ
389. विना तृतीया च
390. दूरान्तिकार्थादसत्त्वात्सप्तमी ताश्च
391. हेत्वर्थैस्तृतीयाद्याः
392. सर्वादिश्च सर्वाः

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अथ कारक प्रकरणम्

(329) क्रिया निमित्तं कारकम् ।। 2।4।1।
क्रियाया निमित्तं कर्त्रादि कारकसंज्ञं स्यात्।

■ क्रिया के निमित्त कर्ता आदि की कारक[1] संज्ञा होती है।

(330) स्वतन्त्रः कर्ता ।। 2।4।2।
यः क्रियासिद्धौ प्राधान्येन विवक्ष्यते स कारकः कर्तृसंज्ञः स्यात्।

■ जो क्रिया की सिद्धि में प्रधान रूप से कहा जाता है उस कारक की कर्ता[2] संज्ञा होती है। अब क्रमानुसार प्रथमा आदि विभक्तियों के प्रयोग पर विचार किया जायेगा।

(331) नाम्नः प्रथमा।।2।4।44।
नाम्नः प्रथमा विभक्तिः स्यात्। जिनः, श्रीः, ज्ञानम्, द्रोणः, खारी, आढकम्, एकः, द्वौ, बहवः।

■ नाम से प्रथमा विभक्ति होती है।
जिनः (जिन)
श्रीः (लक्ष्मी)
ज्ञानम् (ज्ञान)
द्रोणः (16 सेर का द्रोण)
खारी (12 मण 32 सेर को खारी कहते हैं)
आढ़कम (चार सेर का आढ़कम)
एकः (एक)
द्वौ (दो)

---

[1] क्रिया के साथ जिनका सीधा सम्बन्ध होता है उन शब्दों को या क्रिया के होने में जो निमित्त बनते हैं उनको कारक कहते हैं। जैसे- 'रामः गृहं गच्छति' वाक्य में राम और गृह का संबंध गच्छति क्रिया से है, इसलिये ये दोनों शब्द कारक हैं। संस्कृत में कारक छह हैं—
1. कर्ता
2. कर्म
3. साधन (करण)
4. दानपात्र (सम्प्रदान)
5. अपादान
6. आधार

सम्बन्ध और सम्बोधन कारक नहीं माने जाते हैं क्योंकि इनका सीधा सम्बन्ध क्रिया के साथ नहीं होता है।
जैसे- 'लता रामस्य पुस्तकं पठति' इस वाक्य में राम का क्रिया के साथ सीधा सम्बन्ध नहीं है। अतः यह कारक नहीं है।

[2] क्रिया की सिद्धि में कर्ता का स्थान प्रधान है, जो क्रिया करता है उसे और जिस शब्द से क्रिया करने वाले का बोध हो उसे कर्ता कारक कहते हैं। जैसे रामः पठति में पढना क्रिया को करने वाला राम अतः इसमें कर्त्ता कारक तथा प्रथमा विभक्ति है।
कर्ता तीन प्रकार के होते हैं—
(अ) स्वतन्त्र कर्ता—
दूसरों की प्रेरणा के बिना ही अपनी इच्छानुसार कार्य करने वाला कर्ता स्वतन्त्र कर्ता होता है। जैसे शिष्यः गुरुं प्रणमति - शिष्य गुरु को प्रणाम करता है।
(ब) प्रेरक कर्ता-
स्वतन्त्र कर्ता को प्रेरित करने वाला कर्ता 'प्रेरक कर्ता' होता है। जैसे - उपाध्यायः शिष्येण गुरुं प्रणामयति- उपाध्याय शिष्य से गुरु को प्रणाम करवाता है। यहां प्रेरक कर्ता उपाध्याय है।
(स) कर्मकर्ता-
कर्म ही जहां कर्ता हो जाता है वह कर्मकर्ता है। जैसे पच्यन्ते शालयः स्वयमेत्र-
चावल अपने आप पकते हैं। इसकी पूर्व अवस्था है-सूदः शालीन् पचति अर्थात् रसोईया चावल पकाता है। कर्ता के व्यापार का जब कर्म में आरोप कर दिया जाता है तब कर्म ही कर्ता बन जाता है। उपर्युक्त वाक्य में सूद कर्ता है और चावल कर्म है। सूद की क्रिया का चावलों में आरोप किया गया है-चावल अपने आप पकते हैं।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

बहवः (बहुत) उपर्युक्त उदाहरणों में नाम्नः प्रथमा (331) से प्रथमा विभक्ति हुई है।

(332) आमन्त्रणे।। 2।4।45।

आमन्त्रणमभिमुखीकरणम्। आमन्त्रणेऽर्थे नाम्नः प्रथमा विभक्तिः स्यात्। हे जिन, हे जिनौ, हे जिनाः।

■ (आमन्त्रणमभिमुखीकरणम्) आमन्त्रण का अर्थ है अपनी ओर आकर्षित करना या अपने सम्मुख करना। आमन्त्रण (सम्बोधन) अर्थ में नाम से प्रथमा विभक्ति होती है।
हे जिन, हे जिनौ, हे जिनाः।
इन सभी रूपों में आमन्त्रणे (332) से आमन्त्रण अर्थ में प्रथमा विभक्ति हुई है।

(333) कर्तुर्व्याप्यं कर्म ।।2।।4।3।

कर्त्रा क्रियया यद् व्याप्तुमिष्यते, तद् व्याप्यं कारकं कर्मसंज्ञं स्यात्।

■ कर्ता क्रिया के द्वारा जिसे (व्याप्य) प्राप्त करने की इच्छा करता है, उस व्याप्य कारक की कर्म[1] संज्ञा होती है। जैसे रामः ग्रामं गच्छति यहां राम ग्राम को प्राप्त करना चाहता है अतः ग्राम की कर्म संज्ञा होती है।

(334) गौणात्।। 2।4।46।

अधिकारसूत्रमेतत्। त्यादिभिरनुक्तो गौणः। अग्रे वक्ष्यमाणा द्वितीयादयो विभक्तयो गौणान्नाम्न एव स्युरिति वेदितव्यम्।

■ यह अधिकार सूत्र है (अर्थात् इसकी प्रधानता सभी विभक्तियों में रहेगी)। तिप् आदि से जो अनुक्त है अर्थात् जो नहीं कहा गया है, वह गौण है। आगे कही जाने वाली द्वितीया आदि विभक्तियां गौण नाम से ही जान लेनी चाहिए।

(335) कर्मणि द्वितीया।। 2।4।47।

कर्मणि कारके गौणान्नाम्नो द्वितीया विभक्तिः स्यात्। कटं करोति, काष्ठं दहति, कूपं पश्यति। गौणादिति किम्-घटः क्रियते, कृष्णेन कंसो हतः।

■ कर्म कारक में गौण नाम से द्वितिया विभक्ति होती है।
रामः कटं करोति (राम चटाई करता है)
गौणात् ... (334) की सहायता से
कर्मणि द्वितीया (335) से कट शब्द गौण होने से कट शब्द से द्वितीया विभक्ति हुई है।
काष्ठं दहति (काष्ठ जलाता है)
कूपं पश्यति (कूप देखता है)
इन दोनों रूपों में
कर्तुर्प्याप्यं (333) से कर्म संज्ञा, गौणात् (334) की सहायता से
कर्मणि द्वितीया (335) से काष्ठ, कूप में द्वितीया विभक्ति।
काष्ठं दहति, कूपं पश्यति
यहां पर काष्ठ तथा कूप शब्द गौण होने से द्वितीया विभक्ति हुई है।
द्वितीया गौण से होती है यहाँ गौण होना चाहिए ऐसा क्यों?
रामेण घटः क्रियते, कृष्णेन कंसो हतः राम के द्वारा घट किया गया है। कृष्ण के द्वारा कंस मारा गया है।

---

[1] कर्ता अपनी क्रिया के द्वारा जो वस्तु निष्पन्न करता है या जिस वस्तु पर कर्त्ता के व्यापार का फल पड़ता है उसे कर्म कहते हैं। कर्म की यह विस्तृत परिभाषा है। संक्षेप में कर्ता जो कुछ करता है वह कर्म है।
कर्म के तीन भेद किये जाते है- (अ) निर्वत्य (ब) विकार्य (स) प्राप्य।
(अ) निर्वर्त्य- इसका अर्थ है उत्पाद्य। उत्पाद्य वस्तुएं दो श्रेणी की होती है। एक तो वे जो जन्म से उत्पन्न हो, जैसे माता सूतं प्रसूते। दूसरी वे है जो अविद्यमान हो और उनका निर्माण किया जाये, जैसे तन्तुवायः कटं करोति ।
(ब) विकार्य- वर्तमान वस्तु को अवस्थान्तरित करने से अथवा कर्ता की क्रिया से वस्तु के स्वभाव परिवर्तन होने से जो विकार होता है उस कर्म को विकार्य कहते हैं। जैसे- स्वर्णकारः काञ्चनं कुण्डलीं कुरुते। काष्ठं दहति।
(स) प्राप्य- जिसमें क्रिया से कुछ भी विशेषता न होती हो उसे प्राप्य कहते हैं। जैसे-चक्षुष्मान् आदित्यं पश्यति। यहाँ दर्शन क्रिया से आदित्य में न तो कुछ भी उत्पन्न होता है और न विकृत।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

यहां घट तथा कंस प्रधान होने से स्वतंत्रः कर्ता से प्रथमा विभक्ति हुई है।
कर्म होने पर भी कर्मणि द्वितीया (335) से द्वितीया विभक्ति नहीं हुई है।

(336) क्रियाविशेषणात् ।। 2।4।48।

क्रियाविशेषणान्नाम्नो द्वितीया विभक्तिः स्यात्। मन्दं गच्छति, मृदु पचति।

■ क्रिया विशेषण नाम से द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे मन्दं गच्छति, मृदु पचति।
मन्दं गच्छति (धीरे जाता है)
मृदु पचति (अच्छा (स्वादिष्ट) पकाता है)
यहां मन्द और मृदु दोनों शब्द क्रमशः गच्छति, पचति क्रिया की विशेषता बताता है
गौणात् (334) की सहायता से क्रिया विशेषणात् (336) से द्वितीया विभक्ति हुई है।

(337) स्मृत्यर्थदयेशां वा।। 2।4।4।

एषां व्याप्यं कर्मसंज्ञं वा स्यात्। पक्षे शेषषष्ठी। मातुः स्मरति, मातरं स्मरति, सर्पिषो दयते, सर्पिर्दयते, लोकानामीष्टे, लोकानीष्टे।

■ स्मृत्यर्थ, दय्, ईश् इनके व्याप्य की कर्म संज्ञा विकल्प से होती है। पक्ष में षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे मातरं स्मरति, मातुः स्मरति, सर्पिर्दयते, सर्पिषो दयते, लोकानिष्टे, लोकानामीष्टे।
स्मृति अर्थ में-मातरं स्मरति (माता का स्मरण करता है)
मातृ स्मरण अर्थ का व्याप्य होने से स्मृत्यर्थदयेशां वा (337) से मातृ शब्द की कर्म संज्ञा।
गौणात् की सहायता से
कर्मणि द्वितीया (335) से मातृ शब्द की विकल्प से द्वितीया विभक्ति।
मातरं स्मरति
शेषे (371) से षष्ठी विभक्ति
मातुः स्मरति
सर्पिर्दयते (घी देता है)
सर्पिषो दयते
लोकानीष्टे (लोगों के लिए इष्ट है)
लोकानामीष्टे
यहां इन दोनों रूपों में
दय (देने) अर्थ में
ईश् (इष्ट) अर्थ में
सर्पि तथा लोक शब्द की
स्मृत्यर्थदयेशां वा (337) से विकल्प से कर्म संज्ञा।
गौणात् (334) की सहायता से
कर्मणि द्वितीया (335) से द्वितीया विभक्ति क्रमशः सर्पिर्दयते, लोकानीष्टे।
शेषे (371) से सर्पि तथा लोक शब्द की षष्ठी विभक्ति।
क्रमशः सर्पिषो दयते, लोकानामीष्टे।

(338) अधेः शीङ्स्थासामाधारः।। 2।4।14।

अधेः परेषामेषामाधारः कर्मसंज्ञः स्यात्। ग्राममधिशेते, अधितिष्ठति, अध्यास्ते वा मुनिः। अधेरिति किम्-शयने शेते।

■ अधि (उपसर्ग) से परे शीङ्, स्था, आस् धातु के आधार की कर्म संज्ञा होती है। जैसे-ग्राममधिशेते, अधितिष्ठति, अध्यास्ते वा मुनिः।
शीङ् (सोना), स्था (ठहरना), आस् (बैठना)
ग्राममधिशेते (मुनि गांव में सोता है)
ग्राममधितिष्ठति (मुनि गांव में ठहरता है)
ग्राममध्यास्ते (मुनि गांव में बैठता है)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

यहां अधि उपसर्ग पूर्वक शीङ्, स्था, आस् धातु होने से
अधेः शीङ्स्थासामाधारः (338) से ग्राम शब्द की कर्म संज्ञा।
गौणात् (334) की सहायता से
कर्मणि द्वितीया (335) से ग्राम शब्द से द्वितीया विभक्ति हुई है।
अधि उपसर्ग होना चाहिए ऐसा क्यों?
शयने शेते (शयन पर सोता है)

यहां शीङ् धातु है लेकिन अधि उपसर्ग नहीं है अतः आधार की कर्म संज्ञा नहीं हुई है आधारे सप्तमी (380) से सप्तमी विभक्ति हुई है।

(339) अन्वध्याङ्भ्यो वसः।। 2।4।15।

अन्वादिपूर्वकस्य वसतेराधारः कर्मसंज्ञः स्यात्। ग्राममनुवसति, अधिवसति, आवसति वा साधुः।

■ अनु, अधि, आङ् पूर्वक वस् धातु के आधार की कर्म संज्ञा होती है। जैसे-ग्राममनुवसति, अधिवसति, आवसति वा साधुः। (साधु गांव में रहता है)
अनु, अधि, आङ् उपसर्ग पूर्वक वस् धातु के योग में ग्राम शब्द की
अन्वध्याङ्भ्यो वसः (339) से कर्म संज्ञा।
गौणात् (334) की सहायता से
कर्मणि द्वितीया (335) से ग्राम शब्द से द्वितीया विभक्ति हुई है।

(340) उपान्निवासे।।2।4।16।

निवासेऽर्थे उपात्परस्य वसतेराधारः कर्मसंज्ञः स्यात्। ग्राममुपवसति, निवासं करोतीत्यर्थः। निवासे इति किम्-वने उपवसति, उपवासं करोतीत्यर्थः।

■ निवास अर्थ में उप उपसर्ग के परे वस् धातु के आधार की कर्म संज्ञा होती है। जैसे-ग्राममुपवसति (गांव में निवास करता है)
उप उपसर्ग पूर्वक वस् धातु के योग में ग्राम शब्द की
उपान्निवासे (340) से आधार अर्थ की कर्म संज्ञा होने पर
गौणात् (334) की सहायता से
कर्मणि द्वितीया (335) से ग्राम शब्द की द्वितीया विभक्ति हुई है।
निवास अर्थ होना चाहिए ऐसा क्यों?
वने उपवसति (वन में उपवास करता है)

यहां निवास अर्थ नहीं है उपवास (अनशन) अर्थ है। अतः यहां वस धातु के आधार की कर्म संज्ञा नहीं होती है।

(341) दुहाद्यर्थानामविवक्षितम्।।2।4।19।

दुहादीनां तदर्थानाञ्च धातूनां योगे अविवक्षितं कारकं सम्बन्धो वा कर्मसंज्ञं स्यात्। गां दोग्धि, स्त्रावयति, क्षारयति वा पय इत्यादि।

दुहिः पचिर्याचिरूधी च दण्डिः, पृच्छिर्मथिब्रूचिजिशास्मुषश्च।
नीकृष्बहिर्ह्नन्निति चाप्यमीषा मर्थे गताः स्युर्युगकर्मयुक्ताः ॥1॥

■ दुह् आदि के और उसी अर्थवाली धातुओं का योग होने पर अविवक्षित कारक (जिसे हम कहना नहीं चाहते) उसकी तथा सम्बन्ध की कर्म संज्ञा होती है। जैसे गां दोग्धि, स्रावयति, क्षारयति वा पय इत्यादि। (गाय से दूध दुहता है)
यहां दुह् धातु के योग में गो शब्द की-
दुहाद्यर्थानामविवक्षितम् (341) से कर्म संज्ञा।
गौणात् (334) की सहायता से
कर्मणि द्वितीया (335) से गो शब्द की द्वितीया विभक्ति हुई है।
(गाय से दूध दुहता है)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

गां पयः दोग्ध—इस वाक्य में गाय अपादान कारक है, उसमें पंचमी विभक्ति चाहिए परन्तु वह अपादान के रूप में विवक्षित नहीं हैं, अपितु दुग्ध रूप कर्म के निमित्त रूप में विवक्षित है। इसीलिए 'पयः' के साथ ही 'गाय' की भी कर्म संज्ञा अर्थात् द्वितीया विभक्ति हो जाती है।

श्लोक का अर्थ—दुह्, पच्, याच्, रूध, दण्ड, पृच्छ्, मथ्, ब्रू, चि, जि, शास्, मुष्, नी, कृष्, वह्, ह्रीन्।

ये सोलह धातुएं और इन धातुओं के अर्थ में आने वाली अन्य धातुएं द्वि कर्म युक्त होती है। अर्थात् इन सभी धातुओं के दो कर्म होते हैं: 1. प्रधान या मुख्य कर्म, 2. गौण या अप्रधान कर्म

दुह् (दुहना) गां पयः दोग्धि

यहां पयः प्रधान कर्म है और गां गौण कर्म है। इसी प्रकार–

पच् (पकाना) तण्डुलान् ओदनं पचति

(चावलों से भात पकाता है)

याच् (मांगना)

पौरवं गां याचते (राजा से गाय मांगता है)

रूध् (रोकना)

व्रजम् अवरूणद्धि गाम् (गाय को बाड़े में रोकता है)

दण्ड् (दण्ड देना)

गर्गान् शतं दण्डयति (गर्गो पर सौ रुपये दण्ड लगाता है)

पृच्छ (पूछना)

छात्रं पन्थानम् पृच्छति (छात्र से मार्ग पूछता है)

मथ् (मथना)

अमृतमम्बुनिधिं मथ्नाति (समुद्र से अमृत को मथता है)

ब्रू (कहना)

शिष्यं धर्मं ब्रूते (शिष्य को धर्म का उपदेश देता है)

चि (चुनना)

वृक्षम् अवचिनोति फलानि (पेड़ से फल चुनता है)

जि (जीतना)

शतं जयति देवदत्तम् (देवदत्त से सौ रुपए जीतता है)

शास् (सिखाना)

शिष्यं धर्मं अनुशास्ति (शिष्य को धर्म का उपदेश देता है)

मुष् (चुराना)

चैत्रं शतं मुष्णाति (चैत्र के सौ रुपये चुराता है)

नी (ले जाना)

स अजां ग्रामं नयति (वह बकरी को गांव में ले जाता है)

ह्री (हरना), कृष (खींचना), वह् (ढ़ोना)

ग्रामं शाखां कर्षति।

ग्रामं भारं वहति हरति वा।

उपर्युक्त सभी उदाहरणों में द्वितीया विभक्ति हुई है।

(342) गतिबोधाहारशब्दार्थाऽकर्मणाम्।।2।4।21।

गत्याद्यर्थानामकर्मणाञ्च धातूनामञिन्नवस्थायां यः कर्ता स ञौ सति कर्मसंज्ञः स्यात्। गच्छति मैत्रो ग्रामम्, गमयति मैत्रं ग्रामम्, बुध्यते शिष्यो धर्मम्, बोधयति शिष्यं धर्मम्, भुङ्क्ते शिशुरोदनम्, भोजयति शिशुमोदनम्, जल्पति मैत्रो मन्त्रः। गत्यर्थादीनामिति किम्–पचति ओदनं चैत्रः, पाचयति ओदनं चैत्रेण मैत्रः।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

■ गति अर्थवाली (गम् यांक्, इंक्) बोध अर्थवाली (बुध्, ज्ञा, विद् आदि) आहार अर्थवाली (भक्ष्, अद्, अश्, खाद् आदि) शब्द अर्थवाली (जल्प, वद, पठ्, अधि+इ आदि) और अकर्मक धातुओं का अञिन्न् अवस्था में जो कर्ता होता है उसकी ञिन्न् (प्रेरणार्थक णिच् सहित) होने पर कर्म संज्ञा होती है। अर्थात् गति आदि अर्थो वाली धातुओं के साथ सामान्य अवस्था में जो कर्ता होता है वह प्रेरणार्थक (णिच्) ञिनन्त होने पर कर्म हो जाता है।

सामान्य (अञिन्न)	प्रेरणार्थ (ञिनन्त)
1. गत्यर्थक –	
गच्छति मैत्रो ग्रामम्।	गमयति मैत्रं ग्रामम्।
(मैत्र गांव जाता है)	(मैत्र को गांव भेजा जाता है)
2. बुद्ध्यर्थक –	
बुध्यते शिष्यो धर्मम्।	बोधयति शिष्यं धर्मम्।
(शिष्य धर्म को जानता है)	शिष्य को धर्म का (बोध) ज्ञान कराया जाता है।
3. आहारार्थक –	
भुङ्क्ते शिशुरोदनम्	भोजयति शिशुमोदनम्
(शिशु चावल खाता है)	(शिशु को चावल खिलाया जाता है।)

अञिन्न में	ञिन्न में
शब्दार्थक –	
जल्पति मैत्रो मन्त्रम्।	जल्पयति मैत्रं मन्त्रम्।
(मैत्र मन्त्र बोलता है)	(मैत्र को मन्त्र बुलवाया जाता है)
अकर्मक –	
आस्ते मैत्रः	आसयति मैत्रं चैत्रः
(मैत्र बैठता है)	(चैत्र के द्वारा मैत्र को बिठाया जाता है)

उपर्युक्त उदाहरणों में अञिन्न अवस्था का कर्ता ञिन्न अवस्था में कर्म हो गया है।

गति अर्थ वाली, बोध अर्थवाली, आहार अर्थवाली, शब्द अर्थवाली और अकर्मक धातुएं होना चाहिए ऐसा क्यों?

पचति ओदनं चैत्रः (चैत्र चावल पकाता है)

पाचयति ओदनं चैत्रेण मैत्रः (मैत्र चैत्र से भात पकवाता है)

यहां पच् धातु गति आदि अर्थ से बाहर हैं, अतः कर्तृसाधनहेत्वित्थंभूतलक्षणेषु (350) से चैत्र की तृतीया विभक्ति हुई है।

(343) न नीखाद्यदिह्वाशब्दायक्रन्दाम् ।।2।4।26।

एषामञिनः कर्ता ञौ कर्मसंज्ञो न स्यात्। नाययति भारं भृत्येन, खादयति अन्नं मैत्रेण, आदयति अपूपं पुत्रेण, ह्वाययति, शब्दाययति, क्रन्दयति वा मैत्रं चैत्रेण।

■ नी, खादि, अदि, ह्वेन्, शब्दाय, क्रन्द इन धातुओं के अञिन्न का कर्ता की ञिन्न होने पर कर्म संज्ञा नहीं होती है किन्तु कर्तृसाधन ... (350) से वहां तृतीया विभक्ति होती है।

अञिन्न	ञिन्न
नी (ले जाना)	नायि
नयति भारं भृत्यः।	नाययति भारं भृत्येन।
(नौकर भार ले जाता है)	(नौकर से भार लिवाया जाता है)
खादि (खाना)	

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

खादति अन्नं मैत्रः। — खादयति अन्नं मैत्रेण।
(मैत्र अन्न खाता है) — (मैत्र को अन्न खिलवाता है)
अदि (खाना)
अत्ति अपूपं पुत्रः। — आदयति अपूपं पुत्रेण।
(पुत्र माल पुआ खाता है) — (पुत्र को मालपुआ खिलवाता है)
ह्वेन (स्पर्धा और शब्द करना)
ह्वयति मैत्रं चैत्रः। — ह्वाययति मैत्रं चैत्रेण।
(चैत्र मैत्र को बुलाता है) — (चैत्र के द्वारा मैत्र को बुलवाया जाता है)
शब्दाय (शब्द करना)
शब्दायति मैत्रं चैत्रः । — शब्दाययति मैत्रं चैत्रेण।
(चैत्र मैत्र को शब्द करता है) — (चैत्र के द्वारा मैत्र को शब्द करवाया जाता है)
क्रन्द रोना, बुलाना
क्रन्दति मैत्रं चैत्रः — क्रन्दयति मैत्रं चैत्रेण
चैत्र मैत्र को बुलाता है — चैत्र के द्वारा मैत्र को बुलवाया जाता है

(344) निकषासमयाहाधिगन्तरेणातियेनतेनैः ।।2।4।49।

एभिर्युक्तान्नाम्नो द्वितीया स्यात्। निकषा ग्रामम्, समया पर्वतम्, हा चैत्रम्, धिक् मिथ्यादृष्टिम्, अन्तरा निषधं नीलवन्तं च मेरुः, जिनदर्शनमन्तरेण किम्, अतिकुरुन् पाण्डुसेना, येन तेन वा पश्चिमां गतः।

■ निकषा, समया, हा, धिग्, अन्तरा, अन्तरेण, अति, येन, तेन इनसे युक्त नाम से द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—

निकषा, समया (समीप)
निकषा ग्रामम्, समया पर्वतम्,
हा (खेद, दुख, उदासी, पीड़ा, अपव्यय विशेष)
हा चैत्रम् (चैत्र को दुःख है)
धिक् (धिक्कार)
धिक मिथ्यादृष्टिम् (मिथ्यादृष्टि को धिक्कार)
अन्तरा (बीच में)
अन्तरा निषधं नीलवन्तं च मेरुः
(निषध और नीलवन्त के बीच मेरु पर्वत है।)
अन्तरेण (बिना)
जिन दर्शनमन्तरेण किम्?
(जिन दर्शन के बिना क्या?)
अति (अधिक)
अति कुरुन् पाण्डुसेना।
(पाण्डु सेना से कौरव सेना अधिक है।)
येन (जैसे) तेन (तैसे)
येन तेन वा पश्चिमां गतः।
(जिस किसी प्रकार से पश्चिम दिशा में गया।)
निकषा, के योग में ग्राम की,
समया के योग में पर्वत की
हा के योग में चैत्र की
धिक् के योग में मिथ्यादृष्टि की
अन्तरा के योग में निषध नीलवन्तम् की

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अति के योग में कुरु की

येन तेन के योग में पश्चिम की निकषासमयाहाधिगन्तरान्तरेणाति येन तेनैः सूत्र (344) से द्वितीया विभक्ति हुई है।

(345) सर्वोभयाभिपरिभिस्तसन्तैः ।।2।4।50।

एभिस्तसन्तैर्युक्तान्नाम्नो द्वितीया स्यात्। सर्वतः, उभयतः, अभितः,परितो वा ग्रामं पर्वताः।

■ सर्वतः (सब ओर से), उभयतः (दोनों ओर से),

अभितः (सब ओर से), परितः (चारों ओर से)

इन तस् प्रत्ययान्त शब्दों के योग में द्वितीया विभक्ति होती है।

जैसे—सर्वतः ग्रामं पर्वतः, उभयतः ग्रामं परितो, अभितः ग्रामं पर्वतः।

सर्वतः, उभयतः, परितः, अभितः के योग में गौणात् (334) की सहायता से सर्वोभयामिपरिभिस्तसन्तैः (345) से ग्राम शब्द की द्वितीया विभक्ति हुई है।

(346) उपर्यधोऽधिभिर्द्वित्वे ।।2।4।51।

एभिर्द्विरुक्तैर्युक्तान्नाम्नो द्वितीया स्यात्। उपर्युपरि ग्रामम्, अधोऽधो ग्रामम्, अध्यधि ग्रामम्।

■ उपर्युपरि ग्रामम् (उपर-उपर), अधोऽधः (नीचे-नीचें) अध्यधि (भीतर-भीतर)

इन शब्दों से युक्त नाम से द्वितीया विभक्ति होती है।

जैसे—उपर्युपरि ग्रामम्, अधोऽधो ग्रामम्, अध्यधि ग्रामम्।

उपर्युपरि, अधोऽधो, अध्यधि के योग में उपर्यधोऽधिभिर्द्वित्वे (346) से ग्राम शब्द से द्वितीया विभक्ति हुई।

(347) उपेन चोत्कृष्टे ।।2।4।55।

उत्कृष्टेऽर्थे वर्तमानादुपेन अनुना च युक्तान्नाम्नो द्वितीया स्यात्। उपसर्वज्ञं शूराः, अन्वाचार्य साघवः, तस्माद्धीना इत्यर्थः।

■ उत्कृष्ट अर्थ में वर्तमान उप और अनु उपसर्ग से युक्त नाम से द्वितीया विभक्ति होती है।

जैसे—

उपसर्वज्ञं सुराः, अन्वाचार्यं साधवः, तस्माद्धीना इत्यर्थः।

उपसर्वज्ञं सुराः (देवताओं में सर्वज्ञ उत्कृष्ट है)

अन्वाचार्यं साधवः (साधुओं में आचार्य उत्कृष्ट है।)

उप और अनु उपसर्ग के योग में

सर्वज्ञ व आचार्य शब्द से द्वितीया विभक्ति होती है।

गौणात् (334) की सहायता से

उपेन चोत्कृष्टे (347) से सर्वज्ञ, आचार्य शब्द की क्रमशः द्वितीया विभक्ति हुई है।

(348) कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे ।।2।4।56।

काले अध्वनि च वर्तमानान्नाम्नो द्वितीया स्यात् अत्यन्तसंयोगे मासमघीते, क्रोशं पर्वतः।

■ कालवाची और मार्गवाची शब्दों से यदि ये शब्द (अत्यन्त संयोग) निरन्तरता के द्योतक हों तो उनसे द्वितीया विभक्ति होती है।

जैसे—मासमधीते। (पूरे महीने भर पढ़ता है।)

क्रोशं पर्वतः। (कोस भर पर्वत है।)

मास तथा क्रोस शब्द से -

कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे (348) से द्वितीया विभक्ति हुई है। क्योंकि अध्ययन क्रिया का मास से अत्यन्त संयोग है। उसी प्रकार पर्वत का कोस से अत्यन्त संयोग होने से यहां द्वितीया विभक्ति हुई है।

(349) अपवर्गे तृतीया ।।2।4।57।

अपवर्गः फलप्राप्तिः। कालाध्वनोरयन्तसंयोगे तृतीया स्यात् अपवर्गे। मासेनावश्यकमधीतम्, क्रोशेन शाकुन्तलमधीतम्। अपवर्ग इति किम्–मासमधीतो नायातः।

■ अपवर्ग का अर्थ है फल प्राप्ति या कार्य की सिद्धि।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

कालवाची और मार्गवाची शब्दों से अत्यन्त संयोग अर्थात् निरन्तर संयोग से फल प्राप्ति होने पर तृतीया विभक्ति होती है। जैसे-

मासेनावश्यकमधीतम्। (मास भर में आवश्यक पढ़ लिया)

क्रोशेन शाकुन्तलमधीतम्। (कोस भर में शाकुन्तल को पढ़ लिया।)

कालवाची मास शब्द से अत्यन्त संयोग होने पर मास शब्द से तथा मार्गवाची कोस शब्द से अत्यन्त संयोग होने पर गौणात् सूत्र की सहायता से

अपवर्गे तृतीया (349) से तृतीया विभक्ति होती है। क्रमशः

मासेनावश्यकमधीतम्,

क्रोशेन शाकुन्तजमधीतम्।

अपवर्ग (फल प्राप्ति) होना चाहिए ऐसा क्यों?

माधमधीतो नायातः। (मास भर पढ़ा कुछ भी नहीं आया।)

यहां फल प्राप्ति नहीं है अतः मास शब्द में तृतीया विभक्ति की बजाय द्वितीया विभक्ति हुई है।

(350) कर्तृसाधनहेत्वित्थंभूतलक्षणेषु ।।2।4।58।

एष्वर्थेषु वर्तमानान्नाम्नस्तृतीया स्यात्। चैत्रेण कृतम्, दात्रेण लुनाति, दानेन कीर्तिः। केनचिद् विशेषेण भूतः - प्राप्तः इत्थंभूतः। कमण्डलुना छात्रमद्राक्षीत्।

■ कर्ता, साधन, हेतु और इत्थंभूतलक्षण[1]

इन अर्थो में रहे हुए नाम से तृतीया विभक्ति होती है। जैसे-

कमण्डलुना छात्रमद्राक्षीत्। (कमण्डलु से युक्त छात्र को देखा।)

चैत्रेण कृतम्। (चैत्र के द्वारा किया गया।)

दात्रेण लुनाति। दांती (काटने का एक उपकरण) से काटता है।

दानेन कीर्तिः। (दान से कीर्ति, यश)

यहां चैत्र कर्ता है, दात्र साधन है, दान हेतु है तथा कमण्डलु इत्थंभूत है अतः इन शब्दों में गौणात् (334) की सहायता से कर्तृसाधनहेत्वित्थंभूतलक्षणेषु (350) से तृतीया विभक्ति हुई।

(351) सहार्थे ।।2।4।59।

सहार्थेगम्ये नाम्नस्तृतीया स्यात्। शिष्येण सह, साकम्, समम्, सार्धम् वा गतो गुरुः।

■ सह अर्थ प्रकट होने पर नाम से तृतीया विभक्ति होती है अर्थात् साकम्, समम्, सार्धम् आदि सह अर्थवाले शब्दों के योग मे तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—

शिष्येण सह, साकम् समम्, सार्धम् वा गतो गुरुः। (शिष्य के साथ गुरु गये)

सह, साकम्, समम्, सार्धम् इन सभी का अर्थ है साथ अतः यहां इन शब्दों के योग से सहार्थे (351) से शिष्य शब्द में तृतीया विभक्ति होती है।

(352) येनाङ्गिविकारः ।।2।4।60।

येन विकृतेनांगेनांगिनो विकारो लक्ष्यते ततस्तृतीया स्यात। अक्ष्णा काणः, पादेन खञ्जः।

■ जिस विकृत अंग से अंगी जीव (प्राणी) का विकार जाना जाता है उससे तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—

अक्ष्णा काणः। (नेत्र से काणा है।)

पादेन खञ्जः। (पैर से लंगड़ा है।)

यहां विकृत अंग आंख तथा पैर है अतः क्रमशः—

गौणात् (334) की सहायता से

येनाङ्गिविकारः (352) से अक्ष तथा पाद शब्दों में तृतीया विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

अक्ष्णा काणः, पादेन खञ्जः।

[1] किसी विशेष वस्तु या चिन्ह से व्यक्ति की पहचान होती है। जैसे-दण्डेन यतिः दण्ड से यति प्रतीत होता है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(353) निषेधार्थकृताद्यै : ।।2।।4।61।

निषेधार्थैः कृतादिभिर्युक्तान्नाम्नस्तृतीया स्यात्। कृतं तेन, अलं श्रमेण, किं गतेन।

■ निषेधार्थक कृतं, भवतु, अलं, किं, पूर्णम्, पर्याप्तम् आदि शब्दों से युक्त नाम से तृतीया विभक्ति होती है।

जैसे-

कृतं तेन	उससे क्या
अलं अतिश्रमेण	अतिश्रम से क्या
भवतु तेन	उसे रहने दो
तेन पूर्णम्	उससे क्या
पर्याप्तं धनेन	धन से क्या

यहां कृतं, अलं, किं, भवतु, पूर्णम्, पर्याप्तं ये सभी निषेध अर्थ वाले हैं अतः इन सभी शब्दों के योग में तेन, श्रमेण, गतेन, तेन, धनेन की निषेधार्थकृताद्यैः (353) से तृतीया विभक्ति हुई है।

(354) प्रकृत्यादय आख्यायाम् ।2।4।29।

प्रकृत्यादयः शब्दाः साधनसंज्ञकाः स्युः आख्यायां गम्यमानायाम्। साधनत्वात् तृतीया। प्रकृत्या चारुः, प्रायेण धार्मिकः, नाम्ना चैत्रः, जात्या क्षत्रियः, वर्णेन गौरः।

■ प्रकृति आदि शब्दों की साधन संज्ञा होती है प्रसिद्धि (आख्यायां) अर्थ प्रकट होने पर। अर्थात् यदि उनका अर्थ प्रसिद्धि का वाचक हो तो। जैसे—

प्रकृत्या चारुः (स्वभाव से सुन्दर)

प्रायेण धार्मिकः (प्रायः धार्मिक है)

नाम्ना चैत्रः (नाम से चैत्र है)

जात्या क्षत्रियः (जाति से क्षत्रिय है)

वर्णेन गौरः (वर्ण से गौरा है)

यहां चारु, धार्मिक, चैत्र, क्षत्रिय, गौर ये शब्द प्रसिद्धि वाचक है अतः इनके योग में-

प्रकृत्या, प्रायेण, नाम्ना, जात्या, वर्णेन इन शब्दों से -

प्रकृत्यादय आख्यायाम् (354) से तृतीया विभक्ति हुई है।

(355) कर्मक्रियाभिप्रेयो दानपात्रम् ।।2।4।32।

कर्मणा क्रियया वा यमभिप्रेयते स कारकः दानपात्रसंज्ञः स्यात्।

■ कर्म के द्वारा अथवा क्रिया के द्वारा जिसे देना अभिष्ट हो अथवा श्रद्धा, उपकार, या कीर्ति की इच्छा से जिसको कोई वस्तु दी जाये अथवा जिस के लिए कोई कार्य किया जाये उस कारक की दानपात्र संज्ञा होती है।

जैसे—श्रमणाय भिक्षां ददाति (श्रमण के लिए भिक्षा देता है)

यहां श्रमण को श्रद्धा से भिक्षा दी जा रही है इसलिए श्रमण की कर्मक्रियाभिप्रेयो दानपात्रम् (355) से दानपात्र संज्ञा दानपात्रे (356) से चतुर्थी विभक्ति। अतः श्रमणाय भिक्षां ददाति।

युद्धाय संनह्यते (युद्ध के लिए तैयार होता है) यहां वाक्य में कर्म नहीं केवल क्रिया है। अतः यहां युद्ध की कर्मक्रिया ... (355) से दानपात्र संज्ञा।

दानपात्रे (356) से चतुर्थी विभक्ति। अतः युद्धाय संनह्यते।

(356) दानपात्रे चतुर्थी ।।2।4।63।

दानपात्रसंज्ञकान्नाम्नश्चतुर्थी स्यात्। साधुभ्यो भिक्षां ददाति गुरवे कार्यं निवेदयति। दानपात्रे इति किम्-रजकस्य वस्त्रं ददाति।

■ दानपात्र संज्ञक नाम से चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे-

साधुभ्यो भिक्षां ददाति (साधुओं को भिक्षा देता है)

गुरवे कार्यं निवेदयति (गुरु को कार्य निवेदन करता है)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

यहां साधु को श्रद्धा के साथ भिक्षा दी जा रही है इसलिए साधु की तथा गुरु से निवेदन किया जाता है इसलिए गुरु की कर्म-क्रियाभिप्रेयो दानपात्रम् (355) से दानपात्र संज्ञा करके दानपात्रे चतुर्थी (356) से चतुर्थी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

प्रस्तुत सूत्र में दानपात्र होना चाहिए ऐसा कहने का परिणाम यह होता है कि रजकस्य वस्त्रं ददाति। इस प्रयोग में चतुर्थी नहीं होती क्योंकि यहां वस्तु का देना तो अवश्य है पर वह श्रद्धा आदि की भावना से नहीं दिया जाता अत: रजक की दानपात्र संज्ञा नहीं है।

(357) रूच्यर्थानां प्रीयमाण: ।।2।4।33।

रूच्यर्थधातूनां योगे प्रीयमाणो योऽर्थस्तत्कारकं दानपात्र संज्ञं स्यात्। मैत्राय रोचते मोदक:, चैत्राय स्वदते दधि।

■ रुचि अर्थ वाली धातुओं के योग में प्रसन्न होने वाले व्यक्ति (प्रीति करनेवाले कारक) की दानपात्र संज्ञा होती है फलस्वरूप उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है।

जैसे-

मैत्राय रोचते मोदक: (मैत्र को लड्डू अच्छा लगता है)

चैत्राय स्वदते दधि (चैत्र को दही स्वादिष्ट लगता है)

रुच् धातु के समान अर्थ वाली स्वद् धातु भी है। इसके योग में जिसे पदार्थ अच्छा लगता हो उस चैत्र, मैत्र की रूच्यर्थानां प्रीयमाण: (357) से दानपात्र संज्ञा।

दानपात्रे ... (356) से चतुर्थी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

(358) श्लाघह्नु स्थाशपां ज्ञीप्स्यमान: ।।2।4।34।

ज्ञीप्स्यमानो ज्ञापयितुमिष्यमाण:। श्लाघादीनां धातूनां योगे ज्ञीप्स्यमानो योऽर्थस्तत्कारकं दानपात्रसंज्ञं स्यात्। गुरवे श्लाघ्नुते, तिष्ठते, शपते वा। गुरुं ज्ञापयतीत्यर्थ:।

■ जिसे कुछ बताया जाए (ज्ञापित किया जाए) उसे ज्ञीप्स्यमान कहते हैं।

श्लाघ् (प्रशंसा करना) ह्नु (छिपाना) स्था (रूकना) शप् (उलाहना देना)

इन धातुओं के योग में ज्ञीप्स्यमान की दानपात्र संज्ञा होती है। फलस्वरूप इसमें चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे-प्रस्तुत उदाहरण में गुरु ज्ञीप्स्यमान हैं अत: वहां चतुर्थी विभक्ति होती है।

(359) क्रुध्द्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रतिकोप: ।।2।4।37।

क्रुधाद्यर्थानां धातूनां योगे यं प्रति कोपस्तत्कारकं दानपात्रसंज्ञं स्यात्। मैत्राय क्रुध्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति, असूयति वा चैत्र:।

■ क्रुध्, द्रुह्, ईर्ष्या, असूया इन अर्थ वाली सभी धातुओं के योग में जिसके प्रति क्रोध, द्रोह, ईर्ष्या, असूया आदि की जाये उस कारक की दानपात्र संज्ञा होती है। जैसे-

मैत्राय क्रुध्यति (मैत्र पर क्रोध करता है)

चैत्र मैत्राय द्रुह्यति (चैत्र मैत्र पर द्रोह करता है)

राम: तेभ्य: ईर्ष्यति (राम उनसे ईर्ष्या करता है)

बालक: बालकेभ्य: असूयति (बालक बालक में दोष निकालता है)

यहां मैत्र की तथा बालक आदि की इन धातुओं का योग होने से-क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोप: (359) से दानपात्र संज्ञा होती है। इसलिए दानपात्र ... (356) से चतुर्थी विभक्ति हुई है।

(360) तादर्थ्ये ।।2।4।64।

तादर्थ्ये सम्बन्धविशेषद्योत्ये चतुर्थी स्यात्। घटाय मृत्तिका, कुण्डलाय हिरण्यम्, यूपाय दारू।

■ तादर्थ्य, सम्बन्ध विशेष प्रकट होने पर चतुर्थी विभक्ति होती है। अर्थात् किसी वस्तु से किसी वस्तु का उपयोग होता हो तो उस उपयुक्त वस्तु में चतुर्थी विभक्ति होती है।

जैसे - घटाय मृत्तिका (घट के लिए मिट्टी)

कुण्डलाय हिरण्यम् (कुंडल के लिए सोना)

यूपाय दारु (स्तम्भ के लिए लकड़ी)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

यहां मिट्टी से घट, सोने से कुण्डल, लकड़ी से स्तम्भ निर्मित है अत: घट, कुण्डल, यूप में तादर्थ्ये (360) से चतुर्थी विभक्ति हुई है।

(361) समर्थार्थनम: स्वतिस्वाहास्वधावषड्भि: ।।2।4।67।

एभिर्युक्तान्नाम्नश्चतुर्थी स्यात्। समर्थोऽलं शक्त: क्षम: प्रभुर्वा मल्लो मल्लाय। नमो जिनेन्द्राय स्वस्ति पूज्याय, स्वाहा अग्नये, स्वधा पितृभ्य:, वषड् इन्द्राय। उपपदविभक्ते: कारकविभक्तिर्बलीयसीति नमस्करोति जिनान्।

■ समर्थ अर्थ वाले शब्द तथा नम: (नमस्कार) स्वस्ति (कल्याण, आशीर्वाद, स्वीकार सूचक अव्यय), स्वाहा (देवता के उद्देश्य से हवि छोड़ते समय इस शब्द का उच्चारण किया जाता है), स्वधा (मृत पुरुषों के उद्देश्य से हवि आदि का देना, पितरों को भोजनादि निवेदन करना) वषड् (जिसका उच्चारण अग्नि में आहुति देते समय यज्ञों में किया जाता है) शब्द योग मे चतुर्थी विभक्ति होती है।

समर्थोऽलं शक्त: क्षम: प्रभुर्वा मल्लो मल्लाय (पहलवान पहलवान के लिए काफी है)

नमो जिनेन्द्राय	(जिनेन्द्र को नमस्कार)
स्वस्ति पूज्याय	(पूज्य लोगों का कल्याण हो)
स्वाहा अग्नये	(अग्नि के लिए स्वाहा)
स्वधा पितृभ्य:	(पितरों के लिए अन्नादि द्रव्य)
वषड् इन्द्राय	(इन्द्र को हविदान)

यहां समर्थ और उसके अर्थ वाले शब्दों के योग में तथा नम:, स्वस्ति, स्वाहा, स्वघा, वषड् इन शब्दों के योग से मल्ल, जिनेन्द्र, अग्नि, पितृ इन शब्दों से चतुर्थी विभक्ति हुई है।

उपपद विभक्ते: कारक विभक्तिर्बलीयसीति नमस्करोति जिनान् (उपपद विभक्ति से कारक विभक्ति बलवान् होती है)

किसी पद (नम:, स्वस्ति, स्वाहा आदि) को मानकर होने वाली विभक्ति उपपद विभक्ति है। गुरवे नम: में नम: पद के कारण चतुर्थी विभक्ति हुई है। कर्म, करण आदि कारकों को मानकर होने वाली विभक्ति कारक है। जैसे—साधुभ्यो भिक्षां ददाति।

उपपद विभक्ति को रोककर कारक विभक्ति होती है। जैसे—

नमस्करोति देवान् (देवों को नमस्कार करता है)

यहां पर नम: के कारण चतुर्थी विभक्ति प्राप्त है किन्तु नमस्करोति क्रिया का कर्मसंज्ञ होने के कारण देवान् में द्वितीया विभक्ति हुई है।

(362) गतेरप्राप्ते वा ।।2।4।70।

गतेरप्राप्ते कर्मणि चतुर्थी वा स्यात्। गति: पादविहरणम्। ग्रामं ग्रामाय वा गच्छति, नगरं नगराय वा व्रजति। गतेरिति किम्–आदित्यं पश्यति। अप्राप्ते इति किम् ग्रामं गत:।

■ गति के द्वारा अप्राप्त कर्म में चतुर्थी विभक्ति विकल्प से होती है। अर्थात् गति के द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना हो और उस स्थान तक नहीं पहुंचा हो तो उस स्थान में चतुर्थी विभक्ति विकल्प से होती है।

गति: पाद विहरणम् - गति का अर्थ है पैरों से चलना। जैसे—

मुनि: ग्रामाय ग्रामं वा गच्छति (मुनि गांव को जाता है)

मुनि: नगरं नगराय वा व्रजति (मुनि नगर को जाता है)

ग्राम, तथा नगर में

गौणात् (334) की सहायता से

गतेरप्राप्ते वा (362) से विकल्प से चतुर्थी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

क्योंकि यहां शरीर से गति हो रही है तथा ग्राम, नगर अभी प्राप्त नहीं हुआ है अत: ग्राम, नगर शब्दों से चतुर्थी विभक्ति हुई है।

पक्ष में ग्रामं, नगरं गच्छति में द्वितीया विभक्ति होती है।

गति के द्वारा अप्राप्त कर्म में चतुर्थी करने का परिणाम होता है कि

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

आदित्यं पश्यति (सूर्य को देखता है) यहां चतुर्थी नही होती है क्योकि यहां गति नही है। अप्राप्त होना चाहिए ऐसा क्यों?

ग्रामं गतः (गांव पहुंच गया) यहां चतुर्थी नहीं हुई क्योंकि

यहां गांव की प्राप्ति हो गई है अतः गांव शब्द में कर्मणि द्वितीया से द्वितीया विभक्ति हुई है।

(363) हितसुखाभ्यात् ।।2।4।72।

आभ्यां योगे चतुर्थी वा स्यात्। पक्षे शेषषष्ठी। ग्रामाय ग्रामस्य वा हितं सुखं वा।

■ हित और सुख शब्द के योग में चतुर्थी विभक्ति विकल्प से होती है। जैसे—

ग्रामाय हितम्

ग्रामाय सुखम्

ग्रामस्य हितम्

पक्ष में गौणात् (334) की सहायता से

शेषे (371) से ग्राम शब्द की षष्ठी विभक्ति होती है।

(364) अपायेऽवधिरपादानम् ।।2।4।42।

अपायो विश्लेषस्तत्र योऽवधिर्विवक्षितः तत्कारकमपादानसंज्ञं स्यात्।

■ अपायो[1] विश्लेषः

अपाय में जो अवधि विवक्षित है उस कारक की अपादान संज्ञा होती है।

(365) पञ्चम्यपादाने ।। 2 । 4 । 75 ।

अपादाने वर्तमानान्नाम्नः पंचमी स्यात्। ग्रामादायाति, धावतोऽश्वात्पतति चोरेभ्यो बिभेति, यवेभ्यो गां निषेधयति, कूपादन्धं वारयति, अधर्माद् जुगुप्सते, धर्मात् प्रमाद्यति उपाध्यादन्तर्धत्ते, अध्ययनात् पराजयते।

■ अपादान में वर्तमान नाम से पंचमी विभक्ति होती है। जैसे—ग्रामाद् आयाति (गांव से आता है)

इस उदाहरण वाक्य में व्यक्ति का गांव से अलग होना सिद्ध हो रहा है यहां अलग होने से गांव की सीमा है इसलिए गांव का अवधि रूप है, अतः इसकी अपादान संज्ञा होने से पंचमी विभक्ति हुई है इसी प्रकार निम्नलिखित प्रयोगों में पंचमी विभक्ति होती है।

अश्वात् पतति	(घोड़े से गिरता है)
चोरेभ्यो बिमेति	(चोरों से डरता है)
यवेभ्यो गां निषेधयति	(जौ से गाय को हटाता है)
कूपादन्धं वारयति	(कुंआ से अन्धे को रोकता है)
अधर्मात् जुगुप्सते	(अधर्म से धृणा करता है)
धर्मात् प्रमाद्यति	(धर्म से प्रमाद करता है)
उपाध्यायात् अन्तर्धत्ते	(उपाध्याय से छिपता है)
अध्ययनात् पराजयते	(अध्ययन से हारता है)

(366) प्रभृत्यन्यार्थाराद्दिक्शब्दैः ।।2।4।81।

एभिर्युक्तान्नाम्नः पंचमी स्यात्। कार्तिक्याः प्रभृति, आरभ्य ग्रीष्मात्, अन्यो मैत्रात्, भिन्नश्चैत्रात्। आराद् दूरसमीपयोः—आरात् ग्रामात्, पूर्वो ग्रीष्माद् वसन्तः, पश्चिमो रामात् युधिष्ठिरः।

■ प्रभृति, आरभ्य, अन्य अर्थ वाले शब्द (भिन्न, व्यतिरिक्त, पृथक्, विलक्षण, इतर, हिरूक), आरात् (दूर और निकट का वाचक) और दिशावाची शब्दों से युक्त नाम के योग में पंचमी विभक्ति होती है। जैसे-

कार्तिक्याः प्रभृति, (कार्तिकी पूर्णिमा से आग्राहायणी पूर्णिमा एक मास बाद आती है)

आरभ्य ग्रीष्मात्, (ग्रीष्म ऋतु से आरंभ करके)

[1] अपाय का अर्थ है- पृथक होना, अलग होना। किसी व्यक्ति या वस्तु के पृथक् होने में जो कारक ध्रुव या अवधि रूप होता है उसे अपादान कहते है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अन्यो मैत्रात्   (मैत्र से भिन्न)
भिन्नश्चैत्रात्   (चैत्र से भिन्न)
आरात् ग्रामात्   (गांव से दूर या समीप)
पूर्वो ग्रीष्माद् वसन्तः   (ग्रीष्म से पहले वसन्त होता है)
पश्चिमो रामात् युधिष्ठिरः। (राम के बाद युधिष्ठिर हुए)
प्रभृति, आरभ्य, अन्य, भिन्न, आरात् दिशावाची शब्दों के योग में—कार्तिक्या, ग्रीष्मात्, मैत्रात्, ग्रामात्, रामात् इन शब्दों में—प्रभृत्यन्यार्थारा ... (366) से पंचमी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

(367) पर्यपाभ्यां वर्जने।।2।4।76।

आभ्यां युक्तात् वर्जनेऽर्थे वर्तमानान्नाम्नः पंचमी स्यात्। परित्रिगर्तेभ्यः अपत्रिगर्तेभ्यो वा वृष्टो मेघः, त्रिगर्तं मुक्त्वा इत्यर्थः।

■ वर्जन (छोड़कर) अर्थ में परि और अप से युक्त रहे हुए नाम से पंचमी विभक्ति होती है। जैसे–
परित्रिगर्तेभ्य : वृष्टो मेघो   (त्रिगर्त को छोड़कर मेघ बरसा)
अपत्रिगर्तेभ्यो वृष्टो मेघः (त्रिगर्त को छोङकर मेघ बरसा)
परि और अप अव्यय वर्जन अर्थ में होने से परि और अप के योग में त्रिगर्त शब्द से पर्यपाम्यां वर्जने (367) सूत्र से पंचमी विभक्ति हुई है।

(368) आङावधौ ।।2।4।77।

आङा युक्तादवधौ वर्तमानान्नाम्नः पंचमी स्यात्। आबालेभ्यो जिनभक्तिः।

■ आङ्[1] अवधि (मर्यादा) में रहे हुए नाम से पंचमी विभक्ति हो जाती है।

(369) आख्यातर्युपयोगे ।।2।4।78।

आख्याता वक्ता। नियमपूर्वकविद्याध्ययनमुपयोगः। आख्यातृवाचिनो नाम्नः पञ्चमी स्यात् उपयोगविषये। उपाध्यायादधीते शिष्यः। उपयोगे इति किम्—नटस्यगाथां शृणोति।

■ आख्याता का अर्थ है वक्ता, उपदेष्टा, शिक्षक या अध्यापक।

उपयोग—नियमपूर्वक विध्याध्ययन अर्थात् ब्रह्मचर्य आदि नियमों का पालन करते हुए विध्याध्ययन करने को उपयोग कहते हैं। आख्यातृवाची नाम से पंचमी विभक्ति होती है यदि उपयोग विषय हो तो। जैसे—उपाध्यायात् अधीते शिष्यः (शिष्य उपाध्याय से पढ़ता है)
अर्थात् नियमपूर्वक विध्याध्ययन करता है।
यहां नियमपूर्वक विध्याध्ययन होने से उपाध्याय शब्द से
गौणात् (334) की सहायता से
आख्यातर्युपयोगे (369) से पंचमी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।
उपयोग होना चाहिए ऐसा क्यों?
नटस्य गाथां श्रृणोति (नट की गाथा सुनता है)
इस प्रयोग में उपयोग के न होने के कारण चतुर्थी विभक्ति नहीं होती है।

---

[1] ईषदर्थे क्रिया योगे, मर्यादाभिविधौ च यः ।
एतमातं ङितं विद्यात् वाक्य स्मरणयोरङित् ॥
अर्थ—ईषद् अर्थ में आ रहे वहां ईषद् उष्णम जलम् का ओष्णम् जलम् हो जायेगा (थोड़े अर्थ में) क्रिया के योग में (आ होगा वहां आगच्छत्, आगच्छति), मर्यादा और अभिविधि अर्थ में जो आ हो उसे आङ् का आ समझना चाहिए। जैसे आमुक्तेः संसारः (मुक्ति तक या मुक्ति से पहले संसार है) यहां मर्यादा में आ है। अतः पंचमी विभक्ति प्रयुक्त हुई है। मर्यादा का अर्थ-तेन बिना (उसको छोड़कर), अभिविधि का अर्थ-तेन सह (उसको लेकर) आसकलाद् ब्रह्म (ब्रह्म सर्वत्र व्याप्त है) अभिविधि अर्थ में आ है, अतः पंचमी है। वाक्य अर्थ में (आ एवं नू मन्यसे, तू ऐसा मानते हो) और स्मरण अर्थ में (आ एवं किल तत् वह भी ऐसे ही है) आया हुआ आ अङित् अर्थात् शुद्ध आ है ऐसा समझना चाहिए। जहां शुद्ध आ रहता है वहां पर प्रकृतिभाव हो जाता है अर्थात् संधि कार्य नहीं होता है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(370) दूरान्तिकार्थबहिर्भिः ।।2।4।84।

एभियोंगे नाम्नः पञ्चमी वा स्यात्। पक्षे षष्ठी। दूरम्, विप्रकृष्टम्, अन्तिकम्, सन्निकृष्टम्, बहिर्वा ग्रामात् ग्रामस्य वा।

■ दूर तथा अन्तिक अर्थ वाले शब्दों तथा बहिः के योग में पंचमी विभक्ति विकल्प से होती है। पक्ष में षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे-

दूरं, विप्रकृष्टम् (दूर) ग्रामात् (गाँव से दूर)
अन्तिकम्, सन्निकृष्टम्(समीप) ग्रामात् (गाँव के समीप)
बहिः ग्रामात् (गाँव से बाहर)
यहां दूर, अन्तिकम्, बहिः का योग होने से ग्राम शब्द से
गौणात् (334) की सहायता से
दूरान्तिकार्थ बहिर्भिः (370) से विकल्प से पंचमी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।
पक्ष में-
दूरम्, अन्तिकम्, बहिर्वा ग्रामस्य।
गौणात् (334) की सहायता से
शेषे (371) सूत्र से ग्राम शब्द से षष्ठी विभक्ति हुई है।

(371) शेषे।।2।4। 87।

कर्मादिभ्योऽन्यः स्वस्वामिभावादिसम्बन्धः शेषः। तत्र वर्तमानान्नाम्नः षष्ठी स्यात्। राज्ञः पुरुषः, गुरूणां वचनं पथ्यम्।

■ कर्म, करण, संप्रदान, अपादान, अधिकरण से अन्य और स्व स्वामी आदि सम्बन्ध को शेष कहते हैं। शेष में वर्तमान नाम से षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे- राज्ञः पुरुषः (राजा का पुरुष), गुरूणां वचनं पथ्यम् (गुरु के वचन हितकर हैं) यहां उपयुर्क्त उदाहरण में शेषे (371) सूत्र से षष्ठी विभक्ति हुई है।

सम्बन्ध में षष्ठी विभक्ति होती है। सम्बन्ध अनेक प्रकार का होता है। जैसे—

1. स्वस्वामि भाव सम्बन्ध	राज्ञः पुरुषः	राजा का पुरुष
2. जन्य जनक भाव सम्बन्ध	दशरथस्य पुत्रः	दशरथ का पुत्र
3. अवयवावयवि भाव सम्बन्ध	पशोः पादः	पशु का पैर
4. आधाराधेय भाव सम्बन्ध	वृक्षस्य शाखा	वृक्ष की शाखा
5. प्रकृति विकार भाव सम्बन्ध	क्षीरस्य विकारः	दूध का विकार
6. समूह समूहि भाव सम्बन्ध	गवां समूहः	गायों का समूह
7. समीप समीपी भाव सम्बन्ध	कुम्भस्य स्वामी	कुंभ का स्वामी
8. पाल्य पालक भाव सम्बन्ध	पृथिव्याः स्वामी	पृथ्वी का स्वामी
9. अश्याशन भाव सम्बन्ध	गोधूमानामश्नीयात्	गेहूं को खाना चाहिए
10. शिक्षणीय शिक्षण भाव सम्बन्ध	सुभाषितस्य शिक्षते	सुभाषित को सीखता है
11. ज्ञानज्ञेय भाव सम्बन्ध	आवश्यक सूत्रस्य जानीते	आवश्यक सूत्र को जानता है

(372) कर्तृकर्मणोः कृति ।।2।4।89।

कृत्प्रत्यययोगे कर्तरि कर्मणि च षष्ठी स्यात्। चैत्रस्य भोजनम्, मैत्रस्य पठनम्, विश्वस्य ज्ञाता, तीर्थस्य कर्ता, यवानां लावकः, ओदनस्य भोजकः।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

■ कृत् प्रत्यय[1] (कृदन्त प्रत्यय) के योग में कर्ता और कर्म में षष्ठी विभक्ति होती है।

(373) उभयप्राप्तौ कर्तरिवा ।।2।4। 90।

उभयो: कर्तृकर्मणो: प्राप्तिर्यस्मिन् कृति तत्र कर्तरि षष्ठी वा स्यात्। शब्दानामनुशासनमाचार्येणाचार्यस्य वा।

■ जहां (कृदन्त) कृत् प्रत्यय होने पर कर्ता और कर्म में षष्ठी विभक्ति की प्राप्ति होती है वहां कर्ता में षष्ठी विभक्ति विकल्प से होती है तथा कर्म में षष्ठी विभक्ति नित्य होती है। जैसे—

शब्दानामनुशासनमाचार्येणाचार्यस्य वा (आचार्य के द्वारा शब्दों का अनुशासन)

अनुशासन शब्द में अनु उपसर्ग, शास् धातु, अन् प्रत्यय होने से

कर्तृ कर्मणो: कृति (372) से कर्ता और कर्म में षष्ठी विभक्ति की प्राप्ति होती है किन्तु

उभय प्राप्तौ कर्तरि वा (373) से विकल्प से कर्ता आचार्य में षष्ठी विभक्ति हुई है। शब्दानाम् यह कर्म है, कर्म होने से शब्दानाम् में नित्य षष्ठी विभक्ति हुई है।

पक्ष में—कर्तृ साधन ... (350) से आचार्य कर्ता में तृतीया विभक्ति हुई है।

(374) तृन्नुदन्ताव्ययक्वस्वानशतृक्तवतुकिखलर्थानाम्।।2।4।95।

तृन्नादिप्रत्ययसम्बन्धिनो: कर्तृकर्मणो: प्राप्ता षष्ठी न स्यात्। वदिता जनापवादान्, जिनं दिदृक्षु:, शत्रून्, जिष्णु:, कटं कृत्वा, ओदनं भोक्तुम्, तप: तेपिवान्, शास्त्रं विद्वान्, घटं चक्राण:, पटं कुर्वन्, कटं कृतवान्, कटं चक्रि:, सुकरो घटस्त्वया। कारकषष्ठ्या: प्रतिषेधोऽयम्। सम्बन्धे तु षष्ठी स्यादेव। शत्रोर्जिष्णु:, चैत्रस्य कुर्वन् किंकर इत्यर्थ:।

■ तृन्, उदन्त अव्यय, क्वसु, कान, शान, आनश्, शतृ, क्तवतु, कि, खल अर्थ वाले प्रत्यय से सम्बन्धित कर्ता, कर्म से प्राप्त षष्ठी विभक्ति नहीं होती है। जैसे—

वदिता जनापवादान्	(वद् + तृन्)
लोगों का जनापवाद (अफवाह)	
जिनं दिदृक्षु:	(दृश् + उदन्त)
जिन को देखने का इच्छुक	(दृश् + सन् + उ)
शत्रून जिष्णु	(जिं + सन् + उ)
शत्रुओं को जीतने का इच्छुक	
कटं कृत्वा	

[1] कृत् प्रत्यय अर्थात् कृदन्त के प्रत्यय।
दो प्रकार के प्रत्यय का प्रयोग कृदन्त में होता है कृत प्रत्यय, कृत्य प्रत्यय
कृत्य प्रत्यय - तव्य, अनीय, य, क्यप्, ध्यण, ये पांच कृत्य प्रत्यय हैं। इन सभी का प्रयोग चाहिए अर्थ में होता है। इन पांच प्रत्यय के अतिरिक्त जितने भी कृदन्त में प्रत्यय प्रयुक्त होते हैं, वे सभी कृत प्रत्यय कहलाते हैं।
कृत प्रत्यय - णक्, तृच्, तृन्, अनट्, अच्, अण्, णिन्, टक्, खश्, ख आदि।

चैत्रस्य भोजनम्	(भुज् + अनट्)
(चैत्र का भोजन)	
मैत्रस्य पठनम्	(पठ् + अनट्)
(मैत्र का पढ़ना)	
विश्वस्य ज्ञाता	(ज्ञा + तृच्)
(विश्व को जानने वाला)	
तीर्थस्य कर्ता	(कृ + तृच्)
(तीर्थ को करने वाला)	
यवानां लावक:	(लू + णक:)
(जौ को काटने वाला)	
ओदनस्य भोजक:	(भुज् + णक:)
(चावल को खाने वाला)	

कृत् प्रत्यय के योग में चैत्र तथा मैत्र कर्ता की, विश्व, तीर्थ, यव, ओदन कर्मवाचक शब्द से-
गौणात् (334) की सहायता से
कर्तृ कर्मणो: कृति (372) से षष्ठी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

चटाई को करके — कृ + त्वा (त्वा प्रत्यय अव्यय है।)
ओदनं भोक्तुम् — (भुज् + तुमन्)
चावल को खाने के लिए — (तुमन् प्रत्यय अव्यय है)
तपः तेपिवान् — (तप + क्वसु)
तप तपा था
शास्त्रं विद्वान् — (विद् + क्वसु)
शास्त्र जाना था
घटं चक्राणः — (कृ + आन)
घट किया था
पटं कुर्वन् — (कृ + शतृ)
पट को करता हुआ
कटं कृतवान् — (कृ + क्तवतु)
चटाई को किया था
कटं चक्रि : — (कृ + कि)
चटाई का करना
सुकरो घटस्त्वया — (सु + कृ + खल)
आपके द्वारा सरलता से घट किया गया

तृन् उदन्त, अव्यय, क्वसु आदि प्रत्ययों के योग में जनापवाद्, जिन, शत्रु आदि शब्दों में कर्तृ कर्मणोः कृति सूत्र (372) से षष्ठी विभक्ति की प्राप्ति होती है किन्तु तृन्नुदन्ताव्ययक्वस्वानशतृक्तवतुकिखलर्थानाम् (374) सूत्र से तृन्नु आदि प्रत्ययों के योग में षष्ठी विभक्ति का निषेध करने पर

गौणात् (334) की सहायता से

कर्मणि द्वितीया (335) से जनापवाद आदि शब्दों की द्वितीया विभक्ति करने पर तृन्नु दन्ता .... (374) यह सूत्र कारक षष्ठी का प्रतिषेध (निषेध) करता है। किन्तु सम्बन्ध कारक न होने से सम्बन्ध में षष्ठी विभक्ति हो जाती है। जैसे-

शत्रोर्जिष्णुः (शत्रु का जेता)
यहां सम्बन्ध होने से शत्रु शब्द में
गौणात् (334) की सहायता से
शेषे (371) से षष्ठी विभक्ति।
इसी प्रकार-
चैत्रस्य कुर्वन् किङ्कर (चैत्र का नौकर)
यहां पर भी चैत्र में षष्ठी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

(375) अकमेरुकस्य ।।2।4।96।

कमिवर्जितस्य उकप्रत्ययान्तस्य योगे कर्मणि षष्ठी न स्यात्। भोगानभिलाषुकः। अकमेरिति किम्-- दास्याः कामुकः।

■ कमुङ् धातु को छोड़कर उक प्रत्ययान्त का योग होने पर कर्म में षष्ठी विभक्ति नहीं होती है। जैसे—भोगानभिलाषुकः (भोगों को चाहने वाला)

उपर्युक्त उदाहरण के अन्त में उक प्रत्यय है अतः इसके योग में भोग शब्द से कर्तृ कर्मणोः कृति (372) से भोग कर्म में षष्ठी विभक्ति की प्राप्ति किन्तु

अकमेरुकस्य (375) से निषेध करने पर
गौणात् (334) की सहायता से
कर्मणि द्वितीया (335) से द्वितीया विभक्ति करने पर
भोगानभिलाषुकः रूप बनता है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

कमुङ् धातु में षष्ठी विभक्ति को छोड़ा ऐसा क्यों?
दास्या: कामुक: (दासी की कामना करने वाला)
यहां कमुङ् धातु होने से तथा उकञ् प्रत्यय होने से दासी में—
कर्तृ कर्मणो: कृति (372) से षष्ठी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।
अत: दास्या: कामुक: रूप बनता है।

(376) द्विष: शतुर्वा।।2।4।99।

शतृप्रत्ययान्तस्य द्विषधातो: षष्ठी वा स्यात्। चौरस्य चौरं वा द्विषन्।

■ शतृ प्रत्ययान्त द्विष् धातु से कर्म में षष्ठी विभक्ति विकल्प से होती है। जैसे-
चौरस्य चौरं वा द्विषन् (चौर का द्वेषी)
शतृ प्रत्ययान्त द्विष् धातु के योग में चौर कर्म में
कर्तृ कर्मणो: कृति (372) से षष्ठी विभक्ति की प्राप्ति किन्तु
तृन्नु दन्ता ... (374) से शतृ प्रत्यय के योग में चौर कर्म में षष्ठी विभक्ति का निषेध करने पर
गौणात् (334) की सहायता से
द्विष: शतु र्वा ... (376) चौर कर्म में शतृ प्रत्यय के योग में विकल्प में षष्ठी विभक्ति।
चौरस्य द्विषन्।
पक्ष में—गौणात् (334) की सहायता से
कर्मणि द्वितीया (335) से द्वितीया विभक्ति।
चौरं द्विषन्।

(377) क्तस्य वर्तमानाधारयो: ।।2।4।100।

वर्तमाने आधारे चैव विहितस्य क्तस्य कर्तृकर्मणो: षष्ठी स्यात् नान्यत्र। राज्ञां मत:, इदमेषां शयितम्। वर्तमानाधारयोरिति किम्-कुलालेन घट: कृत:।

■ वर्तमान और आधार में कहे गये क्त प्रत्यय के कर्ता कर्म की षष्ठी विभक्ति होती है। अन्य जगह नहीं होती है। अर्थात् जब क्त प्रत्यान्त शब्द (जो कि भूतकाल का बोधक होता है; जैसे-स गत:-वह गया) वर्तमान और आधार अर्थ में प्रयुक्त होता है, तो षष्ठी विभक्ति होती है।

राज्ञां मत:	मन् + क्त	राजा मानते हैं
इदमेषां शयितम्	शीङ्क् + क्त	यह इनकी शय्या

वर्तमान और आधार में क्त प्रत्यय होने से राजन् और इदम् शब्द में कर्तृ कर्मणो: ... से कृत प्रत्यय के योग में षष्ठी विभक्ति की प्राप्ति किन्तु गौणात् (334) की सहायता से क्तस्य वर्तमाना धारयो: (377) से षष्ठी विभक्ति।

इस प्रकार राज्ञां मत: इदमेषां शयितम् रूप बनते हैं।
वर्तमान और आधार होना चाहिए ऐसा क्यों?
कुलालेन घट: कृत: (कुम्हार के द्वारा घट किया गया)
यहां क्त प्रत्यय है लेकिन वर्तमान और आधार न होने से कुलाल शब्द में
कर्तृ साधन ... (350) से तृतीया विभक्ति प्रयुक्त हुई है। यहां कुलाल साधन है।

(378) भावे वा ।।2 । 4 । 101 ।

भावे विहितस्य कर्तरि षष्ठी वा स्यात्। छात्रस्य छात्रेण वा हसितम्।

■ भाव[1] में कहे गए क्त प्रत्यय के कर्ता में षष्ठी विभक्ति विकल्प से होती है। जैसे-
यहां भाव में क्त प्रत्यय होने से कर्तृ कर्मणो: कृति (372) से कृत् प्रत्यय के योग में षष्ठी विभक्ति की प्राप्ति किन्तु
गौणात् (334) की सहायता से

[1] भाव का अर्थ है—क्रिया। भाव में प्रत्यय होने का अर्थ है क्रिया में प्रत्यय होना। भाव एक होता है, इसलिए क्रिया में एक वचन ही होता है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

भावे वा (378) से क्त प्रत्यय के योग में कर्ता छात्र में विकल्प से षष्ठी विभक्ति।
अतः छात्रस्य हसितम् रूप बनता है।
पक्ष में—छात्रेण हसितम्
गौणात् (334) की सहायता से
कर्तृ साधन ... (350) से छात्र कर्ता की तृतीया विभक्ति।
छात्रेण हसितम्।

(379) कृत्यानां कर्तरि वा ।।2।4।93।

कृत्यप्रत्ययानां प्रयोगे कर्तरि षष्ठी वा स्यात्। पक्षे तृतीया। कर्तव्यः, करणीयः, कृत्यः, कार्यो वा उद्यमो भवतः। भवता वा।

■ कृत्य प्रत्यय का योग होने पर कर्ता में षष्ठी विभक्ति विकल्प से होती है। पक्ष में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—

कर्तव्यः	कृ	+	तव्य
करणीयः	कृ	+	अनीय
कृत्यः	कृ	+	क्यप्
कार्यो वा	कृ	+	ध्यण्

उद्यमो भवतः भवता वा (आप के द्वारा उद्यम करना चाहिए)
तव्य, अनीय, य, क्यप्, घ्यण् ये कृत्य प्रत्यय हैं, अतः इनके योग में कर्ता भवत् शब्द में
कर्तृ कर्मणोः ... (372) से कृत् प्रत्यय के योग में षष्ठी विभक्ति की प्राप्ति किन्तु
गौणात् (334) की सहायता से
कृत्यानां कर्तरि वा (379) से कर्ता भवत् की विकल्प से षष्ठी विभक्ति।
भवतः कर्तव्यः करणीयः कृत्यः कार्यो वा उद्यमोः।
भवता कर्तव्यः करणीयः कृत्यः, कार्यो वा उद्यमो।
गौणात् (334) सूत्र की सहायता से
कृत्यानां कर्तरि वा (379) सूत्र से कर्ता भवत् की विकल्प से षष्ठी विभक्ति।
भवत् कर्तव्यः करणीयः कृत्यः कार्यो वा उद्यमो।

पक्ष में भवता कर्तव्यः करणीयः कृत्यः कार्यो वा उद्यमो गौणात् सूत्र की सहायता से कर्तृ साधन ... (350) से कर्ता भवत् की तृतीया विभक्ति हुई है।

(380) आधारे सप्तमी ।।2।4।102।

आधारे वर्तमानान्नाम्नः सप्तमी स्यात्। स च षोढा-औपश्लेषिकः, अतिव्यापकः सामीप्यकः वैषयिकः, नैमित्तिकः, औपचारिकश्च। कटे शेते, वटेगावः तिलेषु तैलम्, दिवि देवाः, युद्धे सन्नह्यते, अंगुल्यग्रे करिशतम्।

■ आधार में रहे हुए नाम से सप्तमी विभक्ति होती है। जिसमें क्रिया हो रही है उसे आधार कहते हैं। और वह आधार छः प्रकार का होता है।

1. औपश्लेषिक	2. सामीप्यक
3. अभिव्यापक	4. वैषयिक
5. नैमित्तिक	6. औपचारिक

1. औपश्लेषिक-(संयोग सम्बन्ध मूलक आधार)
जिस आधार से संलग्न पदार्थ का बोध हो उस आधार को 'औपश्लेषिक' कहते हैं। जैसे-कटे शेते (चटाई पर सोता है) सोने वाले कर्ता का कट के साथ संयोग सम्बन्ध है। अतः कट में सप्तमी।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

2. सामीप्यक-जिससे समीपता का बोध हो उसे 'सामीप्यक आधार' कहते हैं। जैसे वटे गाव:-गायें बरगद के समीप खड़ी है। अशोके सीता आसाञ्चक्रे-अशोक वृक्ष के समीप सीता बैठी थी। इनसे गायें और सीता का बरगद के नीचे या आसापास रहना प्रतीत होता है। अत: वट और अशोक में सप्तमी।
3. अभिव्यापक-व्याप्य का बोध कराने वाले शब्द को 'अभिव्यापक' आधार कहते हैं। जैसे क्षीरे घृतम् (दूध में घी है) तिलेषु तैलम् (तिलों में तेल है)। यहां दूध, तिल व्यापक है और घी और तैल व्याप्य है। व्याप्य व्यापक सम्बन्ध होने से क्षीर और तिल में सप्तमी है।
4. वैषयिक-जिससे विषय (निवास करने के क्षेत्र) का बोध हो उसे वैषयिक आधार कहते हैं। जैसे-तपोवने तपस्वी वसति (तपोवन में तपस्वी निवास करता है)। दिवि देवा: (स्वर्ग में देवता निवास करते हैं) यहां निवास करने के क्षेत्र का बोध होने से तपोवन में सप्तमी।
5. नैमित्तिक-जिस शब्द से होने वाले कार्य के निमित्त की सूचना मिलती है उसे 'नैमित्तिक आधार' कहते हैं। जैसे युद्ध संनह्यते (युद्ध के लिए तैयार होता है)। यहां लड़ने के लिए तैयार होने का निमित्त युद्ध है अत: युद्ध में सप्तमी।
6. औपचारिक-उपचार यानि संकेत को मानकर जो कहा जाता है उसे 'औपचारिक आधार' कहते हैं। जैसे-अंगुल्यग्रे करिशतम्—अंगुलि की नोक पर सौ हाथी है। यह उपचार से कहा जाता है। अत: अंगुल्यग्र में सप्तमी।

(381) यस्य भावेन भावलक्षणम्।।4।2।109।

भाव: क्रिया। यस्य क्रियया अन्या क्रिया लक्ष्यते तत: सप्तमी स्यात्। वर्षति देवे चैत्रो गत:, गोषु दुह्यमानासु आगत:।

■ भाव का अर्थ है क्रिया। जिस (प्रसिद्ध) क्रिया से इसकी (अप्रसिद्ध) क्रिया का काल माना जाये तो वहां (पहली क्रिया में) सप्तमी विभक्ति होती है।

जैसे-

वर्षति देवे चैत्रो गत: (बादल के बरसने पर चैत्र गया)

बादल रूपी कर्ता में रहने वाली वर्षा रूपी क्रिया से गमन रूपी क्रिया लक्षित होती है, अत: वर्षति और देवे में सप्तमी हुई है।

गोषु दुह्यमानाषु आगत:

(गायों के दुहने पर आया)

गाय रूपी कर्म में रहने वाली दोहन-क्रिया से गमन रूपी क्रिया लक्षित होती है, अत: दुह्यमानासु और गोषु में सप्तमी हुई।

(382) षष्ठ्यनादरे ।।2।4।111।

अनादरयुक्ते भावलक्षणे वर्तमानान्नाम्न: षष्ठी वा स्यात्। पक्षे पूर्वेण सप्तमी। रुदति रुदतो वा प्राव्राजीत्।

■ अनादर युक्त भाव लक्षित होने पर वर्तमान नाम से षष्ठी विभक्ति विकल्प से होती है अर्थात्-
अनादर युक्त भाव से किसी की उपेक्षा कर क्रिया करने से अनादर भाव वाले में षष्ठी विभक्ति विकल्प से होती है। पक्ष में पूर्व सूत्र के द्वारा सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे-

रुदत्या: मातु: पुत्र: प्राव्राजीत्

षष्ठ्यानादरे (382) सूत्र से विकल्प से षष्ठी विभक्ति हुई है।

रुदति मातरि पुत्र: प्राव्राजीत् (रोती हुई माता को छोड़कर पुत्र ने सन्यास ले लिया)

यस्य भावेन भाव लक्षणम् (381) सूत्र से सप्तमी विभक्ति हुई है।

(383) निमित्तात्कर्मसंयुक्तात् ।।2।4।108।

कर्मसंयुक्तान्निमितान्नाम्न: सप्तमी स्यात्।

चर्मणि द्वीपिनं हन्ति, दन्तयोर्हन्ति कुञ्जरम्।
केशेषु चमरीं हन्ति, सीम्नि पुष्कलको हत:॥1॥

कर्मसंयुक्तादिति किम्-वेतनेन धान्यं लुनाति।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

■ कर्म संयुक्त निमित्त नाम से सप्तमी विभक्ति होती है। अर्थात् निमित्त यदि कर्म संयुक्त हो तो निमित्त में सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे-

1. चर्मणि द्वीपिनं हन्ति
(चमड़ी के लिए चीता को मारता है)
चर्म निमित्त है, द्वीपी कर्म है। यहां द्वीपी कर्म चर्म-निमित्त से युक्त है, अतः चर्मणि में निमित्तात्कर्मसंयुक्तात् (383) सूत्र से सप्तमी विभक्ति हुई।

2. दन्तयोर्हन्ति कुञ्जरम्
(दांतों के लिए हाथी को मारता है)
दन्त निमित्त है, कुञ्जर कर्म हैं। यहां कुञ्जर-कर्म दन्त-निमित्त से युक्त है, अतः दन्तयोः में निमित्ताकर्म (383) सूत्र से सप्तमी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

3. केशेषु चमरीं हन्ति
(बालों के लिए सुरा गाय को मारता है)
केश निमित्त है, चमरी कर्म। यहां चर्मरी कर्म केश-निमित्त से युक्त है अतः
निमित्ताकर्म ... (383) सूत्र से सप्तमी हुई है।

4. सीम्नि पुष्कलको हतः
(कस्तूरी के लिए हिरन को मारता है)
(अंडकोश या अण्डकोश में विद्यमान कस्तूरी के लिए कस्तूरी मृग को मारता है)
सीमा का अर्थ है- अण्डकोश
पुष्कलक का अर्थ है- कस्तूरीमृग
यहां कस्तूरी निमित्त है, पुष्कलक कर्म है यहां पुष्कलक-कर्म कस्तूरि निमित्त से युक्त है अतः सीमन् शब्द में सप्तमी विभक्ति हुई है।

कर्म संयुक्त (कर्म से युक्त) होना चाहिए ऐसा क्यों?
वेतनेन धान्यं लुनाति
(वेतन के लिए धान काटता है)
यहां पर धान और वेतन निमित्त है पर वह धान्य के साथ संयुक्त नहीं है अतः सप्तमी विभक्ति की बजाय कर्तृ साधन ... (350) सूत्र से वेतन में तृतीया विभक्ति हुई है।

(384) साध्वसाधुभ्याम् ।।2।4।105।

आभ्यां युक्तान्नाम्नः सप्तमी स्यात्। साधुर्मैत्रो मातरि, असाधुर्मातुले।

■ साधु और असाधु (शब्द) से युक्त नाम से सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे-
साधु मैत्रो मातरि (मैत्र माता के लिए भला है)
यहां साधु के योग में मातरि में
साध्वसाधुभ्याम् (384) से सप्तमी विभक्ति हुई है।
असाधु मातुले (मामा के लिए बुरा है)
यहां असाधु के कारण मातुले में साध्वसाधुभ्याम् (384) से सप्तमी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

(385) निर्धारणेऽविभागे सप्तमी च ।।2।4।112।

निर्धारणे वर्तमानान्नाम्नः षष्ठीसप्तम्यौ स्तः अविभागे गम्यमाने। नृणां नृषु वा क्षत्रियः शूरः, गवां गोषु वा कृष्णां बहुक्षीरा, गच्छतां गच्छत्सु वा धावन्तः शीघ्रतमाः। अविभागे इति किम्-माथुराः पाटलिपुत्रकेभ्य आढ्यतराः।

■ निर्धारण[1] में वर्तमान नाम से षष्ठी और सप्तमी विभक्ति होती है, अविभाग[2] (अर्थ) प्रकट होने पर। जैसे-

[1] जाति, गुण, क्रिया या संज्ञा की विशेषता के आधार पर किसी एक को अपने समुदाय से पृथक् करने को निर्धारण (छांटना) कहते है।
[2] क्षत्रिय नृसमुदाय से अलग नहीं है यही अविभाग है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

पक्ष में शेषे (371) से सम्बन्ध के कारण षष्ठी विभक्ति। गवां स्वामी।

इसी प्रकार गवां गोषु वा ईश्वरः, अधिपति, दायादः (पुत्र, भाई बन्धु), साक्षी (गवाही), प्रतिभूः (जमानत करने वाला), प्रसूतः (उत्पन्न) इन सभी के योग में पूर्ववत् षष्ठी, सप्तमी विभक्ति प्रयुक्त होती है।

नृणां नृषु वा क्षत्रियः शूरः (मनुष्यों में क्षत्रिय शूर है)
यहां निर्धारण और अविभाग अर्थ प्रकट होने से नृणां, नृषु में-
निर्धारणेऽविभागे सप्तमी च सूत्र (385) से षष्ठी और सप्तमी। इसी प्रकार
गवां गोषु वा कृष्णा बहुक्षीरा
(गायों में काली गाय अधिक दूध देती है)
गच्छतां गच्छत्सु वा धावन्तः शीघ्रतमाः
(चलने वालों में दौड़ने वाला शीघ्र जाता है)
अविभाग होना चाहिए ऐसा क्यों?
मथुराः पाटलिपुत्रकेभ्य आढ्यतराः
(मथुरावासी पटना के लोगों से अधिक धनी हैं)
यहां विभाग होने से पाटलीपुत्रकेभ्यः में पञ्चमी विभक्ति हुई है।

(386) स्वामीश्वराधिपतिदायादसाक्षिप्रतिभूप्रसूतैर्वा ।।2।4।113।

एभिर्युक्तान्नाम्नः सप्तमी वा स्यात्। पक्षे शेषषष्ठी। गवां गोषु वा स्वामी, ईश्वरः, अधिपतिः, दायादः, साक्षी, प्रतिभूः, प्रसूतो वा।

■ स्वामी, ईश्वर, अधिपति, दायाद, साक्षी, प्रतिभू, प्रसूत इन शब्दों से युक्त नाम से सप्तमी विभक्ति विकल्प से होती है। जैसे-
गवां गोषु वा स्वामी (गायों का स्वामी)
स्वामी के कारण गो शब्द से

प्रस्तुत सूत्र से सप्तमी विभक्ति विकल्प से हुई है।

पक्ष में शेषे (371) से सम्बन्ध के कारण षष्ठी विभक्ति गवां स्वामी इसी प्रकार गवां गोषु वा ईश्वरः, अधिपतिः, दायादः (हिस्सेदार) साक्षी (गवाही) प्रतिभूः (जमानत करने वाला) प्रसूत (उत्पन्न) इन सभी के योग में पूर्ववत् षष्ठी, सप्तमी विभक्ति प्रयुक्त होती है।

(387) तूल्यार्थैस्तृतीयाषष्ठ्यौ ।।2।4।122।

जिनेन जिनस्य वा तुल्यः, समः, सदृशो वा कालुरामाचार्यः।

■ तुल्य अर्थ वाले शब्दों के योग में तृतीया और षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे-
जिनेन जिनस्य वा तुल्यः, समः सदृशो वा कालुरामाचार्यः।
(जिन के सदृश कालुरामाचार्य)
तुल्य, सदृश, सम शब्द तुल्य अर्थ वाले हैं, अतः इनके साथ जिन शब्द में-
तुल्यार्थैस्तृतीयाषष्ठ्यौ (387) से तृतीया और षष्ठी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

(388) ऋते द्वितीयापञ्चम्यौ ।।2।4।124।

ऋते वर्जनार्थकमव्ययम्। तद्योगे नाम्नो द्वितीयापञ्चम्यौ स्तः। ऋते धर्मं धर्माद् वा कुतः सुखम्।

■ ऋते यह अव्यय वर्जन (छोड़ने) के अर्थ में है।
ऋते अव्यय के योग में नाम से द्वितीया और पञ्चमी विभक्ति होती है। जैसे-
ऋते धर्मं धर्माद् वा कुतः सुखम् (धर्म के बिना सुख कहां)
यहां ऋते अव्यय का योग होने से धर्म शब्द में
ऋते द्वितीया पञ्चम्यौ (388) से द्वितीया और पञ्चमी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(389) विना तृतीया च ।।2।4।125।

विना शब्देन युक्तान्नाम्नस्तृतीया द्वितीयापञ्चम्यौ च स्याताम्। विना पापेन पापं पापाद् वा सर्वं फलति।

■ विना शब्द से युक्त नाम से तृतीया, द्वितीया और पञ्चमी विभक्ति होती है। जैसे—

विना पापेन, पापं पापाद् वा सर्वं फलति (पाप से रहित सब फलता है)

यहां विना के योग से पाप शब्द में

विना तृतीया च (389) से तृतीया, द्वितीया और पञ्चमी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

(390) दूरान्तिकार्थादसत्त्वात्सप्तमी ताश्च ।।2।4।126।

दूरान्तिकार्थादसत्त्ववाचिनः सप्तमी द्वितीयातृतीयापञ्चम्यश्च स्युः। दूरे, दूरम्, दूरेण दूरात् वा ग्रामात् ग्रामस्य वा वसति। एवं विप्रकृष्टात्, अन्तिकात्, सन्निकृष्टादपि।

■ असत्त्ववाची (द्रव्य वाचक न हो), दूर अर्थ वाले, अन्तिक अर्थ वाले शब्दों से सप्तमी, द्वितीया, तृतीया और पञ्चमी विभक्ति होती है। जैसे–

दूरे, दूरम्, दूरेण, दूरात् वा ग्रामात् ग्रामस्य वा वसति (गांव से दूर)

असत्त्ववाची दूर अर्थ वाले शब्द से

दूरान्तिकार्थादसत्त्वात्सप्तमी ताश्च (390) से क्रमशः सप्तमी, द्वितीया, तृतीया, पंचमी विभक्ति प्रयुक्त हुई है इसी प्रकार–

विप्रकृष्टे, विप्रकृष्टम्, विप्रकृष्टेन, विप्रकृष्टात् वा ग्रामात् ग्रामस्य वा। (गांव से दूर) अन्तिके, अन्तिकम्, अन्तिकेन, अन्तिकात् वा ग्रामात् ग्रामस्य वा। (गांव के समीप)

सन्निकृष्टे, सन्निकृष्टम्, सन्निकृष्टेन, सन्निकृष्टात् वा ग्रामात् ग्रामस्य वा। (गांव के समीप)

(391) हेत्वर्थैस्तृतीयाद्याः ।।2।4।127।

हेतुर्निमित्तम्। तदर्थैः शब्दैर्युक्तात् तैरेव समानाधिकरणात् नाम्नस्तृतीयाद्या विभक्तयः स्युः। धनेन हेतुना, धनाय हेतवे, धनाद्धेतोः, धनस्य हेतोः, धने हेतौ वा वसति। एवं निमित्तकारणप्रयोजनादयः प्रयोक्तव्याः।

■ हेतु, निमित्त पर्यायवाची है।

हेतु अर्थवाले शब्दों से युक्त हेतुवाचक समानाधिकरण (एक विभक्ति एक अर्थ होने से) नाम से तृतीया आदि (चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, सप्तमी) विभक्तियां होती है। जैसे—

धनेन हेतुना, धनाय हेतवे, धनात् हेतोः, धनस्य हेतोः, धने हेतौ वा वसति।

(धन के हेतु से रहता है)

हेत्वर्थैस्तृतीयाद्याः (391) से क्रमशः तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, सप्तमी विभक्ति हुई है।

इसी प्रकार निमित्त, कारण, प्रयोजन आदि का प्रयोग होने पर तृतीया आदि विभक्तियां हो जाती हैं। जैसे–धनेन निमित्तेन, धनेन कारणेन, धनेन प्रयोजनेन आदि।

(392) सर्वादेश्च सर्वाः ।।2।4।128।

हेत्वर्थैर्युक्तात् तैरेव समानाधिकरणात् सर्वादेर्नाम्नः सर्वा विभक्त्य स्युः। को हेतुः, कं हेतुम्, केन हेतुना, कस्मै हेतवे, कस्माद्धेतोः, कस्य हेतोः, कस्मिन् हेतौ वा वसति। एवं निमित्तादीनां योगेऽपि।

कर्ता कर्म तथा चोक्तं, साधनं तु तृतीयकम्।
दानपात्रमपादान–माधारः कारकाणि षट् ॥1॥

■ हेतु अर्थ वाले शब्दों से युक्त हेतुवाचक समान अधिकरण से सर्व आदि नाम से सभी विभक्तियां हो जाती हैं। जैसे–को हेतुः यहां हेतु के अर्थ में किम् शब्द की सर्वादेश्च सर्वाः (392) से प्रथमा विभक्ति प्रयुक्त हुई है। इसी प्रकार

कं हेतुम् केन हेतुना, कस्मै हेतवे, कस्मात् हेतोः, कस्मिन् हेतौ वा वसति।

यहां क्रमशः द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, सप्तमी विभक्ति प्रयुक्त हुई है।

इसी प्रकार—

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

निमित्त आदि का योग होने पर भी सभी विभक्तियां हो जाती है। जैसे—
किं निमित्तं, किं कारणं, किं प्रयोजनम् आदि।
छः कारक है
कर्ता, कर्म साधन।
दानपात्र, अपादान, आधार
ये छः कारक (संस्कृत में) है।

इस प्रकार कारक प्रकरण पूर्ण हुआ।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

कारक प्रकरणम्
अभ्यास कार्य प्रथम

प्र-01 संस्कृत में कारक कितने है, नाम लिखें?
प्र-02 कारक किसे कहते है तथा सम्बन्ध को कारक क्यों नहीं कहा गया?
प्र-03 कर्ता कारक किसे कहते है तथा कर्ता के कितने प्रकार हैं, समझायें?
प्र-04 द्वितीया विभक्ति वाले सूत्र लिखें?
प्र-05 द्विकर्मक धातुएं कौन-कौन सी हैं, नाम व अर्थ लिखें?
प्र-06 सह, साकम्, निकषा, सर्वत:, हेतु, अधोऽध: इनके योग में कौन-कौन सी विभक्ति होती है?
प्र-07 चतुर्थी विभक्ति वाले सूत्र लिखें?
प्र-08 उपपद विभक्ति व कारक विभक्ति किसे कहते हैं?
प्र-09 नम:, स्वस्ति, द्रुह्, अप, दूर, तुल्य इनके योग में कौनसी विभक्ति होती है?
प्र-10 अपाय का क्या अर्थ है?
प्र-11 कृत्, शतृ, कृत्य, क्तवतु इनके योग में कौनसी विभक्ति होती है?
प्र-12 आधार कितने प्रकार का होता है, उदाहरण देकर समझायें?
प्र-13 कर्म संयुक्त निमित्त से कौनसी विभक्ति होती है, ससूत्र उदाहरण देकर समझायें?
प्र-14 ऋते, विना, शप, निर्धारण, अनादर इनके योग में कौन-कौनसी विभक्ति होती है?
प्र-15 कर्म संज्ञक विधायक सूत्र लिखें? (अर्थात् कर्म संज्ञा करने वाले सूत्र लिखें)
प्र-16 कर्म किसे कहते हैं तथा कर्म के कितने भेद हैं?
प्र-17 अञ्न्नि अवस्था तथा ञिन्न अवस्था से आप क्या समझतें हैं कोई दो उदाहरण देकर समझायें?

कारक प्रकरणम्
अभ्यास कार्य प्रथम्

प्र-18 शुद्धाशुद्धि का विवेक करें?

1. नमो जिनेन्द्रम्	2. अक्षि काण:	3. गुरो: श्लाघते
4. चोरस्य बिभेति	5. चैत्रम् भोजनम्	6. नरेभ्य: क्षत्रिय: शूर:
7. साधुभ्यो भिक्षां ददाति	8. ग्रामात् परित:	9. मैत्रं क्रुध्यति
10. प्रकृत्या चारु:	11. कुण्डलाय हिरण्यम्	

प्र- 19 सूत्र पूर्ति करें।

1. .... नम: ....
2. तृन्नु ....
3. .... सप्तमी
4. .... सर्वा:
5. गति ....

प्र-20 सूत्र पूर्ति करते हुए सोदाहरण अर्थ लिखें?

1. .... तृतीया ....
2. .... कर्म ....
3. क्तस्य ....
4. बोधा ....
5. दुहा ....

प्र-21 ऐसा सूत्र लिखें जिसमें सभी विभक्तियां हुई हों?

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

परिशिष्ट

अ

3	अ, इ, उ, ऋ, लृ, ए, ऐ	।।	1/1/4
10	अं अनुस्वारः	।।	1/1/11
11	अः विसर्गः	।।	1/1/12
375	अकमेरुकस्य	।।	2/4/96
338	अधेः शीङ्स्थासामाधारः	।।	2/4/14
748	अधोऽध्युपरिसामी	।।	8/4/94
18	अन्त्यस्वरादिष्टिः	।।	1/1/34
19	अन्त्यात् पूर्व उपधा	।।	1/1/35
339	अन्वध्याङ्भ्यो वसः	।।	2/4/15
349	अपवर्गे तृतीया	।।	2/4/57
364	अपायेऽवधिपादानम्	।।	2/4/42
7	अवर्जा नामिनः	।।	1/1/8
54	असन्धिरदसोमु.	।।	1/2/35

आ

20	आदैदारो वृद्धिः	।।	1/3/36
9	आद्यन्ताभ्यां प्रत्याहा.	।।	2/2/5
70	आद्यन्तौ ट्किृतौ	।।	2/2/62
380	आधारे सप्तमी	।।	2/4/102

इ

29	इवर्णादीनां स्वरे	।।	1/2/1
48	इन्द्रे	।।	1/2/8

ई

55	ईदूदेद् द्विवचनं.	।।	2/2/36

उ

69	उदः स्थास्तम्भोः सः	।।	1/3/64
346	उपर्याऽधिभिर्द्धित्त्वे	।।	2/4/51
340	उपान्निवासे	।।	2/4/16
347	उपेन चोत्कृष्टे	।।	2/4/55
373	उभयप्राप्तौ कर्तरि वा	।।	2/4/90

ऋ

37	ऋलृवर्णो वा	।।	1/1/19
42	ऋणे प्रसवनक0	।।	1/2/14
43	ऋत्युवसर्गस्य	।।	1/2/16

लृ

8	लृदन्ताः समानाः	।।	1/1/9

ए

9	एऐ ओ औ संध्यक्ष.	।।	1/1/10

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

6	एक द्वि त्रिमात्रा.	।। 1/1/7
33	एदैतोरयायौ	।। 1/2/3
40	एदैतोरैत्	।। 1/2/29
44	एदोतोऽतः पदान्ते	।। 1/2/32
49	एदोतोरुपसर्गस्य	।। 1/2/26
22	एदोदरो गुणः	।। 1/1/37
51	एवेऽनवधारणे	।। 1/2/29

ओ

34	ओदौतोरवावौ	।। 1/2/4
41	ओदौतोरौत्	।। 1/2/22
57	ओन्निपातः	।। 1/2/38
1	ओम्	।। 1/1/1
52	ओष्ठौत्वोः समासे वा	।। 1/2/31

औ

5	औदन्ताः स्वराः	।। 1/1/6

क

333	कर्तुर्व्याप्यं कर्म	।। 2/4/3
372	कर्तृकर्मणोः कृति	।। 2/4/89
350	कर्तृसाधनहेत्वित्थं भूतलक्षणेषु	।। 2/4/58
409	कर्तृ साधने कृता	।। 3/1/52
355	कर्मक्रियाभिप्रेयो दानपात्रम्	।। 2/4/32
335	कर्मणि द्वितीया	
24	कार्यायेत्	।। 1/1/38
15	कुचुटुतुपु वर्गाः	।। 1/1/16
379	कृत्यानां कर्तरि वा	।। 2/4/93
377	क्तस्य वर्तमानाधारयोः	।। 2/4/100
329	क्रियानिमित्तं कारकम्	।। 2/4/1
336	क्रियाविशेषणात्	।। 2/4/48
359	क्रुद्धुहेर्ष्यासूयार्थाना यं प्रतिकोपः	।। 2/4/37

ख

72	खसे चपा झथानाम्	।। 1/3/40

ग

342	गतिबोधाहारशब्दार्थाऽकर्मणाम्	।। 2/4/21
362	गतेरप्राप्ते वा	।। 2/4/70
45	गवः स्वरेऽनक्षे	।। 1/1/7
334	गौणात्	।। 2/4/46

ङ

74	ङ्ण्नो ह्रस्वाद् द्विः स्वरे	।। 1/3/22

च

73	चपाच्छश्छोऽ मे वा	।। 1/3/3

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

26	चादयोः निपातः	।। 1/1/40

ज

62	जबाद्धो झभाः	।। 1/3/4

झ

31	झबे जबा झसानाम्	।। 1/3/43
59	झसा जबाः	।। 2/1/108
39	झसानां झसे सवर्णे	।। 1/3/63

60	ञमे जबा ञमा वा	।। 1/3/1

त

97	तदः सेः स्वर पाद.	।। 1/3/65
23	तदन्तं पदम्	।। 1/1/22
25	तस्य लोपः	।। 1/1/29
17	तुल्यस्थानाभ्यन्तर.	।। 3/1/18
374	तृन्नुदन्ताव्ययक्वस्थानशतृवतुकिखलर्थानाम्	।। 2/4/95
387	तुल्यार्थैस्तृतीयाषष्ठयौ	।। 2/4/122
67	तो:षि	।। 1/3/8

द

356	दानपात्रे चतुर्थी	।। 2/4/63
14	दीर्घः	।। 1/1/15
341	दुहाद्यर्थानामविवक्षितम्	।। 2/4/19
370	दूरान्तिकार्थबहिर्भिः	।। 2/4/84
390	दूरान्तिकार्था दस.	।। 2/4/126
376	द्विषः शतुर्वा	।। 2/4/99

ध

58	धावो दितौ	।। 1/2/42

न

343	न नीखाद्यदिह्वाशब्दायक्रन्दाम्	।। 2/4/26
66	न पदान्तोट्टोरना.	।। 1/3/7
96	नाग्नञ् समासे	।। 1/3/61
93	नामिनो रोऽबे	।। 1/3/55
344	निकषासमयाहा धिगन्तरान्तरेणातियेनतेनैः	।। 2/4/49
383	निमित्तात्कर्मसंयुक्तात्	।। 2/4/208
385	निर्धारणेऽविभागे सप्तमी च	।। 2/4/122
353	निषेधार्थकृताद्यैः	।। 2/4/161
50	नैत्ये धत्योः	।। 1/2/27
81	नोऽप्रशानः सक् छते	।। 1/3/13

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

प

365	पञ्चम्यपादाने	।। 2/4/75
367	पर्यपाभ्यां वर्जने	।। 2/4/76
354	प्रकृत्यादय आख्या.	।। 2/4/29
61	प्रत्यये	।। 1/3/32
366	प्रभृत्यन्यार्थाराधि.	।। 2/4/81
27	प्रादिरूपयसर्गः क्रियायोगे	।। 1/1/41

म

56	मणीवादीनां वा	1/2/37
77	मोऽनुस्वारयमौ हसे.	1/3/18
79	म्नां झपे यमः सव.	1/3/34
381	यस्य भावेन भावलक्षणम्	4/2/109
352	येनाङ्गविकारः	2/4/60
87	यो विसर्गस्य	1/3/53

र

91	रः	1/3/56
357	रूच्यर्थानां प्रीयमाणः	2/4/33
90	रोऽरस्यादिभे	2/1/106
94	रो रि लोपो दीर्धश्चा.	1/3/36

ल

68	लिलः	1/3/10
28	लोकात्	1/1/3

व

399	वा तृतीया सप्तम्योः	3/2/3
83	वा शसे	1/3/45
92	वाहर्पत्यादयः	1/3/57
389	विना तृतीया च	2/4/125
82	विसर्गस्य सश्छते	1/3/44

श

53	शकादीनां टेरन्ध्वा.	1/2/11
64	शात्	1/3/9
47	शिदनेक वर्णः	8/4/124
71	शे चग्वा नोऽश्चे	1/3/21
371	शेषे	2/4/87
358	श्लाघह्नुस्थाशपां ज्ञीप्स्यमानः	2/4/34

ष

382	षष्ठ्यनादरे	2/4/111
46	षष्ठ्यान्त्यस्य	8/4/123
65	ष्टुभिः ष्टु.	1/3/6

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

स

13	संयोगे गुरुः	1/1/14
361	समर्थार्थे नमस्व.	2/4/67
36	समानानां सवर्णे	1/2/12
78	सम्राट्	1/3/20
351	सहार्थे	2/4/49
384	साध्वसाधुभ्याम्	2/4/205
22	सितिबादिर्विभक्तिः	1/1/21
2	सिद्धिरनेकान्तात्	1/1/2
95	सैषाद्धसे लोपः	1/3/60
88	सोऽह्वः	2/1/105
63	स्तोः श्चुभिः श्चुः	1/3/5
89	स्रोर्विसर्गः	2/1/103
330	स्वतन्त्रः कर्ता	2/4/2
75	स्वरात्	1/3/25
16	स्वरानन्तरिताह.	1/1/17
35	स्वरे वाऽसन्धिश्च	1/3/53
386	स्वामीश्वराधिपति.	2/4/113

ह

85	हबे	1/3/50
80	हशसेऽनुस्वारः	1/3/35
363	हितसुखाभ्याम्	2/4/72
391	हेत्वर्थैस्तृतीयाद्याः	2/4/127
32	ह्रस्वोऽपदे वा	1/2/2
12	ह्रस्वो लघुः	1/1/13

इति परिशिष्टम्

☆☆☆

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

जैन विश्व भारती संस्थान

(मान्य विश्वविद्यालय)

लाडनूं – 341 306

मुनि श्री चौथमल जी कृत

कालु – कौमुदी

हिन्दी अनुवाद एवं साधनिका

(परिशिष्ट सहित)

समणी चिन्मयप्रज्ञा

बी. ए. द्वितीय वर्ष

समासप्रकरणम्

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(393 सूत्र से 513 सूत्र तक)

विषयानुक्रम

क्रमाङ्क	विषय	पृष्ठ
1	भूमिका	प.अप
2	संकेत सूची	अपप
3	समास-प्रकरण के सूत्र	अपपप.पग
4	अव्ययीभाव समास	1-12
5	तत्पुरुष समास	13-57
6	बहुव्रीहि समास	58-73
7	द्वन्द्व समास	74-89
8	अलुक् समास	90-93
9	समासाश्रयविधि	94-118
10	परिशिष्ट प्	120-123
11	परिशिष्ट प्प्	124-126
12	परिशिष्ट प्प्प्	127-136

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

भूमिका

संस्कृतभाषारूपी दुर्ग की दो महत्त्वपूर्ण परिखाएं हैं सन्धि एवं समास। बिना इनको लांघे किसी को भी संस्कृतभाषा की गरिमा ठीक से विदित नहीं हो सकती। संस्कृतभाषा में ऐसा कोई ग्रन्थ नहीं जो सन्धि और समास से रहित हो। इन दोनों का सम्यक् बोध, पाठ के सम्यगर्थ में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक युग ऐसा भी आया था जिसमें समासबहुल रचना पाण्डित्य का निकष मानी जाने लगी थी। अनेक पङ्क्तियों तक के सुदीर्घ समासों से विभूषित रचनायें विद्वत्समाज के मनोविनोद का साधन बन गई थी। समास क्या है? संस्कृत वैयाकरणों ने समास का लक्षण सामान्यत: इस प्रकार किया है —

विभक्तिर्लुप्यते यत्र तदर्थस्तु प्रतीयते।
पदानां चैकपद्यं च समासः सोऽभिधीयते ॥

जहां विभक्ति का लोप होता है पर उसका अर्थ प्रतीत होता रहता है, और जहां परस्पर अपेक्षा रखने वाले अनेक पद मिलकर एक पद के रूप में परिणत हो जाते हैं उसे समास कहा जाता है। समास शब्द का अक्षरार्थ है समसनम् — एक साथ या पास-पास रखना। जब दो या दो से अधिक शब्द पास पास रख दिए जाते हैं तो संस्कृत-भाषा के सन्दर्भ में पहला परिवर्तन उसमें यह आता है कि वे अपनी-अपनी स्वतन्त्र सत्ता खो बैठते हैं। जिस विभक्ति के कारण वे पद बने थे उसी का लोप हो जाता है। भिन्न-भिन्न पदों के एक साथ मिल जाने पर उनके अपने-अपने पदत्व के स्थान पर उन सभी का एक अलग ही पद के रूप में उदय होता है। समस्यमान पदों की अपनी-अपनी विभक्तियों, जिन्हें अन्तर्वर्तिनी विभक्तियां कहा जाता है, क्यों कि वे समस्त पद के बीच-बीच में पड़ती हैं, के लोप हो जाने से समास में कुछ संक्षिप्तता आ जाती है। संक्षिप्तता समास का प्रयोजन है। समास में सन्धि नित्य होती है।

समस्त पद के अर्थ का बोध कराने के लिए जो वाक्य या शब्दावली प्रयुक्त की जाती है उसे 'विग्रह' कहते हैं। वह दो प्रकार का है — लौकिक और अलौकिक। लोक में जो प्रयोग के योग्य होता है उसे लौकिक विग्रह कहते हैं; जैसे — संसारम् अतीत:। जो प्रयोग में नहीं आता वह अलौकिक विग्रह है; जैसे — संसार + अम् + अतीत + सि। अलौकिक विग्रह केवल व्याकरण की प्रक्रिया दर्शाने के लिए होता है। जब समास नित्य होता है तब लौकिक विग्रह एक समस्यमान पद के साथ दूसरे किसी असमस्यमान पद को जोड़कर दिखाया जाता है; जैसे — कुम्भस्य समीपम् ➝ उपकुम्भम्। जब समास विकल्प से होता है तब लौकिक विग्रह समस्यमान पदों का दिखाया जाता है; जैसे — संसारम् अतीत: इति संसारातीत:।

समास-परिचय

संस्कृत में पदों की प्रधानता एवं अप्रधानता के आधार पर समास के चार प्रकार हैं — अव्ययीभाव, तत्पुरुष, बहुव्रीहि एवं द्वन्द्व। द्विगु एवं कर्मधारय तत्पुरुष के ही भेद हैं।

अव्ययीभावसमास

अव्ययीभाव एक अन्वर्थ अर्थात् अर्थानुसारी संज्ञा है। इस समास में प्राय: पूर्व पद अव्यय होता है और उत्तरपद अनव्यय, परन्तु समास होने पर समस्त पद अव्यय बन जाता है। अनव्ययं अव्ययं भवतीति

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अव्ययीभाव: अर्थात् जो अव्यय नहीं था उसका अव्यय हो जाना। अव्ययीभाव समास में प्राय: पूर्वपद के अर्थ की प्रधानता होती है; जैसे—स्त्रीषु इति अधिस्त्रि (अर्थात् स्त्रियों में)। यहां 'अधि' यह पूर्वपद है जो सप्तमी अर्थ का द्योतक है, अत: 'अधिस्त्रि' इस समस्त पद में भी सप्तमी की प्रधानता है।

अव्ययीभाव समास के नियम

- अव्ययीभाव समास में समस्त पद का रूप सभी विभक्तियों में एक जैसा रहता है।
- दीर्घान्त शब्द ह्रस्वान्त हो जाते हैं।
- सभी शब्द नपुंसकलिंग हो जाते हैं।
- हसान्त शब्द समासान्त प्रत्यय हो जाने से स्वरान्त हो जाते हैं।
- अकारान्त वर्जित स्वरान्त के बाद आने वाली सभी विभक्तियों का लुक् हो जाता है।
- अकारान्त के बाद तृतीया, पञ्चमी एवं सप्तमी को छोड़कर शेष सभी विभक्तियों के स्थान पर अम् होता है। तृतीया एवं सप्तमी विभक्ति के स्थान पर विकल्प से अम् हो जाता है। जहां अम् नहीं होता है वहां तृतीया, पञ्चमी एवं सप्तमी विभक्ति का रूप जिनवत् हो जाएगा।

तत्पुरुष समास

दो पदों के उस समास को तत्पुरुष कहते हैं जिसमें उत्तरपदार्थ प्रधान होता है अर्थात् जिसमें उत्तरपद का क्रिया में अन्वय होता है और जिसमें पूर्वपद नाना विभक्तियों में होता हुआ उत्तरपद के अर्थ का परिच्छेदक होता है। उत्तरपद में जो लिङ्ग एवं वचन होता है समास के बाद भी वही लिङ्ग एवं वचन रहता है; जैसे—

द्वितीया — संसारम् अतीत: इति संसारातीत:।
तृतीया — अहिना दष्ट: इति अहिदष्ट:।
चतुर्थी — कुण्डलाय हिरण्यम् इति कुण्डलहिरण्यम्।
पञ्चमी — ग्रामात् निर्गत: इति ग्रामनिर्गत:।
षष्ठी — गवां क्षीरम् इति गोक्षीरम्।
सप्तमी — अक्षेषु शौण्ड: इति अक्षशौण्ड:।

तत्पुरुष समास का दूसरा रूप भी मिलता है, पहले पद में अव्यय और दूसरे पद में प्रथमा आदि छह विभक्तियां। इसका प्रयोग दो पदों से अन्य अर्थ में होता है। इसलिए इसे बहुव्रीहिरूपक तत्पुरुष समास कहते हैं। बहुव्रीहि समास और बहुव्रीहिरूपक तत्पुरुष की पहचान विग्रह से होती है। दोनों के विग्रह में बहुत अन्तर है। बहुव्रीहिरूपक तत्पुरुष समास के विग्रह में अव्यय का अर्थ साथ में रहता है, बहुव्रीहि समास में नहीं। समास के बाद उत्तरपद का लिङ्ग नहीं रहता। वह विशेषण बन जाता है। जैसे—

प्रथमा — प्रगत: आचार्य: इति प्राचार्य:।
द्वितीया — अतिक्रान्त: गङ्गाम् इति अतिगङ्ग:।
तृतीया — अनुगतमर्थेन इति अन्वर्थम्।
चतुर्थी — अलं कुमार्यै इति अलंकुमारि:।
पञ्चमी — उत्क्रान्तं कुलात् इति उत्कुलम्।
षष्ठी — पूर्व: कायस्य इति पूर्वकाय:।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

तत्पुरुष के दो अवान्तर भेद और होते हैं— कर्मधारय एवं द्विगु। कुछ वैयाकरण इन दोनों को स्वतन्त्र समास मानते हैं। उनकी मान्यता के अनुसार समास के छह भेद होते हैं।

कर्मधारय समास

विशेषण और विशेष्य अथवा उपमान और उपमेय के रूप में जहां दो शब्दों का मेल होता है वहां कर्मधारय समास होता है। अथवा जिस समास के विग्रह में दोनों पदों के साथ एक ही विभक्ति आती है उसे कर्मधारय समास कहते हैं। कर्म का अर्थ है क्रिया। इस समास के सब पद एक ही क्रिया में अन्वित होते हैं। इसके छह भेद हैं—

1. विशेषणपूर्वपद— जिसमें पूर्वपद विशेषण हो; जैसे— कृष्णश्चासौ सर्पश्च— कृष्णसर्पः। यहां 'कृष्ण' सर्प का विशेषण है।
2. विशेषणोत्तरपद— जिसमें उत्तरपद विशेषण हो; जैसे आचार्यप्रवरः। यहां 'प्रवर' आचार्य का विशेषण है।
3. विशेषणोभयपद — जिसमें दोनों पद विशेषण हो; जैसे शीतं च उष्णं च त्र शीतोष्णम्।
4. उपमानपूर्वपद— जिसमें पूर्वपद उपमानवाची हो; जैसे— घन इव श्यामः त्र घनश्यामः।
5. उपमानोत्तरपद — जिसमें उत्तरपद उपमानवाची हो; जैसे — पुरुषः सिंहः इव त्र पुरुषसिंहः।
6. अवधारणबोधक (निश्चयबोधक) — जिसका पहला पद किसी भी (उपमान, उपमेय आदि) अर्थ में हो और वह दूसरे पद से जोड़ा जाए उसे 'अवधारण बोधक' कहते हैं; जैसे — विद्या एव धनम् त्र विद्याधनम्।

द्विगु समास

जब कर्मधारय समास में पूर्वपद संख्यावचक होता है तब वह द्विगु समास होता है। यह एक प्रकार से कर्मधारय का ही उपभेद है क्योंकि संख्यावाची शब्द विशेषण ही होते हैं। द्विगुसमास प्रायः समुदायबोधक होता है। इसमें नपुंसकलिङ्ग अथवा स्त्रीलिङ्ग एकवचन होता है। जैसे— पञ्चानां पात्राणां समाहारः त्र पञ्चपात्रम्, शतानामब्दानां समाहारः त्र शताब्दी।

बहुव्रीहि समास

बहुव्रीहि पद में दो शब्द हैं— बहु एवं व्रीहि। बहु का अर्थ है अनेक। व्रीहि शब्द धान्यवाची नहीं है, अपितु पदवाचक है अर्थात् जहां दो या दो से अधिक पद मिलकर (अर्थात् एक पद होकर) किसी अन्य (अर्थात् उनसे बहिर्भूत) पद के अर्थ को विशिष्ट करे, वहां बहुव्रीहि समास होता है। बहुव्रीहि समास में सभी पद गौण होते हैं। उन पदों से अन्य पद की प्रधानता होती है। अन्य पदार्थ प्रथमा विभक्ति को छोड़ द्वितीया आदि किसी एक विभक्ति से कहा जाता है। उसके प्रधान होने से बहुव्रीहि का लिङ्ग एवं वचन वही होता है जो उसके वाच्य अन्य पदार्थ का। दूसरे शब्दों में बहुव्रीहि समास विशेषण बनता है। विशेष्य के अनुसार इसमें लिङ्ग एवं वचन होते हैं। विग्रह में यत् शब्द का प्रयोग किया जाता है। यत् शब्द विशेष्य से सम्बन्ध रखता है। यत् शब्द में द्वितीया से लेकर सप्तमी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है। बहुव्रीहि समास में जिन शब्दों में समास होता है, वे शब्द 'तत्' शब्द के द्वारा सूचित अर्थ के विशेषण बन जाते हैं; जैसे—

द्वितीया —आरूढो वानरो यं सः आरूढवानरो वृक्षः।
तृतीया —ऊढो रथो येन सः ऊढरथोऽनड्वान्।
चतुर्थी —उपहृतो बलिर्यस्मै सः उपहृतबलिर्यक्षः।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

पञ्चमी —भीताः शत्रवो यस्मात् सः भीतशत्रुर्नृपः।

षष्ठी—चित्रा गावो यस्य सः चित्रगुः गोपालः।

सप्तमी—वीरा पुरुषाः सन्ति यस्मिन् सः वीरपुरुषो ग्रामः।

- बहुव्रीहि समास समान विभक्ति के साथ होता है; जैसे—आरूढो वानरो यमिति आरूढवानरः।
- बहुव्रीहि समास भिन्न विभक्ति के साथ भी होता है; जैसे—कण्ठे कालो यस्य सः कण्ठेकालः।
- बहुव्रीहि समास सह अर्थ में होता है, जैसे—सह पुत्रेण त्र सपुत्रः।
- बहुव्रीहि समास में प्रायः विशेषण, क्तप्रत्ययान्त एवं सप्तम्यन्त पद का प्राक् निपात होता है।

प्रवृत्तिनिमित्त के एक होने पर जो भाषितपुंस्क हो अर्थात् जिसका पुल्लिंग में भी प्रयोग हो ऐसे स्त्रीलिङ्ग शब्द को उसी का पुंवद्भाव हो जाता है तुल्यार्थ स्त्रीलिङ्ग शब्द परे होने पर; जैसे—दर्शनीया भार्या यस्य सः दर्शनीयभार्यः।

द्वन्द्व समास

जिसमें सब पद प्रधान हों और जिसके विग्रह में 'च' शब्द का प्रयोग होता है उसे द्वन्द्वसमास कहते हैं। द्वन्द्व का अर्थ है जोड़ा। इस समास के उदाहरणों में प्रायः जोड़ों की बहुलता देखी जाती है अतः यह द्वन्द्व समास है। जैसे—मातापितरौ, लाभालाभौ, जयाजयौ आदि।

द्वन्द्व समास के दो भेद हैं—1. इतरेतर 2. समाहार। इन दोनों में ही समुदाय वाच्य होता है।[1]

1. इतरेतर—जिसमें समूह के अवयव पृथक्-पृथक् प्रतीत होते हैं अर्थात् पृथक्-पृथक् प्रत्येक शब्द का समान महत्त्व होता है उसे इतरेतरद्वन्द्व कहते हैं। इसमें जितने पद होते हैं उन्हीं के अनुसार द्विवचन और बहुवचन होता है। समास होने के बाद जो अंतिम शब्द का लिङ्ग होता है वही लिङ्ग रहता है; जैसे—तिलमाषौ, घटशङ्खपटाः, कृत्तिकारोहिण्यौ आदि।
2. समाहार—जिस में समूह के अवयव पृथक्-पृथक् नहीं होते किन्तु उनका एक समुच्चयात्मकरूप होता है। अर्थात् पृथक्-पृथक् शब्दों का महत्त्व न होकर सिर्फ समूह का महत्त्व होता है उसे समाहारद्वन्द्व या एकत्वद्वन्द्व कहते हैं। इसमें एकवचन एवं नपुंसकलिङ्ग होता है; जैसे—लाभालाभम्, अश्वमहिषम् आदि।

द्वन्द्वसमास का एक भेद और है जिसे एकशेष कहते हैं। दो शब्दों में से एक शब्द शेष रहकर दोनों का बोध कराये उसे 'एकशेष' कहते हैं; जैसे—माता च पिता च त्र पितरौ।

द्वन्द्वसमास में प्राक् निपात का नियम अनियमित है।

अलुक् समास

समास में विभक्तियों का लुक् होता है। कुछ शब्द ऐसे हैं जिनमें समास करने पर भी उनकी विभक्तियों का लुक् नहीं होता, उन्हें अलुक्समास कहते हैं; जैसे—परस्मै पदम् त्र परस्मैपदम्।

---

[1] इतरेतरयोगेऽपि, समुदायः प्रकल्प्यते।
समाहारेऽप्यसावेवं, तद्भेदस्तु हरोदितः॥
आद्ये तु संहता वाच्यास्तेन द्विवचनादयः।
समाहारे तु संघातो वाच्यस्तेनैकतैव हि ॥
(प्रक्रिया सर्वस्व, समास खण्ड, पृष्ठ 55)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

केवलसमास

जब समास तो किया जाता है परन्तु उसकी शास्त्र में कोई विशेष संज्ञा नहीं की गई हो तो उसे केवल समास कहते हैं; जैसे—पूर्वं भूतो भूतपूर्वः आदि।

प्रस्तुत कार्य का संक्षिप्त विवरण

- सर्वप्रथम कुछ बड़े एवं गहरे काले अक्षरों में दिए गए सूत्र हैं। उनसे पूर्व दी गई संख्या कालुकौमुदी की सूत्रसंख्या है तथा अन्त में कोष्ठक में दी गई संख्या भिक्षुशब्दानुशासनम् की है।
- सूत्र के तत्काल बाद उसकी संस्कृत वृत्ति है।
- वृत्ति के पश्चात् हिन्दी में सूत्र का अनुवाद है। जहां कहीं सूत्र का अर्थ स्पष्ट करना था वहां उस सूत्र से सम्बन्धित रूपसिद्धियों के पश्चात् रेखाङ्कित पङ्क्तियों में स्पष्ट किया गया है।
- अनुवाद के पश्चात् उन-उन सूत्रों से सम्बन्धित रूपसिद्धियां हैं।
- यत्र तत्र आवश्यकतानुसार संक्षिप्त टिप्पण भी दिए गए हैं।
- कोष्ठक का प्रयोग दो प्रयोजन से किया है—

  क. शब्द के स्पष्टीकरण के लिए। ऐसे कोष्ठक का प्रारम्भ अर्थात् से किया गया है जैसे 406 सूत्र में नान्त अपद (अर्थात् जिसकी पद संज्ञा नहीं है उस) ......।

  ख. वाक्यपूर्ति के लिए; जैसे 397 वें सूत्र में अव्ययीभाव (समास) से परे ......।
- रूपसिद्धि में विविध प्रकारों का उपयोग किया है —

  क. कुछ रूपों की सिद्धि पूरी की गई हैं; जैसे अधिस्त्रि, उपकुम्भम्, जिनश्रितः आदि।

  ख. कुछ रूपों में समास एवं समाससंज्ञा करने के बाद किस रूप की सिद्धि किसकी तरह होगी उसका उल्लेख है। ऐसी रूपसिद्धियों को समासप्रत्यययोः (395) सूत्र से प्रारम्भ करना है। जैसे सूत्र 397 में अधिकुमारि में अधिस्त्रिवत् उल्लेख है। इसका अर्थ है अधिस्त्रि रूप सिद्ध करने के लिए जिन-जिन सूत्रों को काम में लिया गया है उन्हीं सूत्रों का प्रयोग अधिकुमारि रूप की सिद्धि में करना है।

  ग. जिन रूपसिद्धियों में सूत्र विकल्प से काम करते हैं वहां पक्ष में निष्पन्न होने वाले रूप का प्रारम्भ विकल्प से काम करने वाले सूत्र के पश्चात् से किया है। जैसे 431 वें सूत्र में कदुष्णम्। इसका अर्थ है प्रारम्भ की प्रक्रिया पूर्व उल्लिखित रूपवत् होगी।

  घ. कुछ विकल्प से निष्पन्न होने वाले रूपों के प्रारम्भ में ही लिखा है शेष प्रक्रिया अमुकवत्। इसका अर्थ है विकल्प से काम करने वाले सूत्र को छोड़कर लौकिक विग्रह से अन्त तक प्रक्रिया उस रूप की तरह होगी जिसका वहां उल्लेख है। जैसे 502 सूत्र में द्विचत्वारिंशत् रूप में लिखा है शेष प्रक्रिया द्वाचत्वारिंशत्।

  च. जिस रूप की सिद्धि एक बार कर दी है। यदि वही रूप अन्यत्र कहीं आया है तो जिस सूत्र में उसकी सिद्धि की है उसका उल्लेख किया गया है।
- प्रस्तुत कार्य में तीन परिशिष्ट हैं—

  प्रथम परिशिष्ट में समास प्रकरण, समास प्रकरण में प्रयुक्त समास प्रकरण के अतिरिक्त कालुकौमुदी एवं भिक्षुशब्दानुशासनम् के सूत्रों की अकारादिवर्णानुक्रमणिका है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

दूसरे परिशिष्ट में समास प्रकरण में सिद्ध किए गए समस्त पदों की अकारादिवर्णानुक्रमणिका है। उन पदों के आगे दिए गए अङ्क उन सूत्रों के हैं जिनमें उनकी सिद्धि की गई है।

तीसरे परिशिष्ट में सम्पूर्ण समास-प्रकरण की संक्षिप्त झांकी है। सर्वप्रथम जिस सूत्र में उस समस्त पद की सिद्धि की गई है उसकी संख्या है। तत्पश्चात् क्रमशः समस्त पद, समास-विग्रह, समास का नाम एवं समास करने वाला सूत्र संख्या के साथ दिया है।

रूपसिद्धि की सामान्य प्रक्रिया

1. सिद्ध किए जाने वाला रूप
2. लौकिक विग्रह
3. अलौकिक विग्रह
4. समास एवं समास संज्ञा करना
5. विभक्ति का लुक् समासप्रत्ययो: (395) सूत्र से
6. प्राक् निपात (अमुक-अमुक नाम को पूर्व में रखना)
7. समासान्त प्रत्यय (यदि प्राप्ति हो)
8. समासान्त प्रत्यय के निमित्त से होने वाले कार्य; जैसे स्वरादि प्रत्यय परे होने पर—
   अवर्णान्त, इवर्णान्त का लोप इवर्णावर्णस्य (451) सूत्र से।
   नान्त पद की टि का लोप नोऽपदस्य तद्धिते (406) सूत्र से।
   हसादि प्रत्यय परे होने पर—नान्त पद के न् का लोप नाम्नो नोऽनह्नः (135) सूत्र से
9. समास से निष्पन्न होने वाला शब्द बनने पर प्रथमा आदि विभक्तियों में रूप सिद्ध करना।

नोट— (क) परीक्षा में एक बार सूत्र अवश्य ही पूरा लिखें। तत्पश्चात् संकेत देकर ...... कर दें।
(ख) रूप सिद्धि पूरी करें।

आत्म निवेदन

(क) मेरा यह लघु प्रयास संस्कृत व्याकरण में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन में अवश्य ही सहायक होगा। 'को न विमुह्यति शास्त्रसमुद्रे' इस कहावत को ध्यान में रखकर जहां कहीं भी त्रुटि एवं कमी प्रतीत हो उसकी ओर मेरा ध्यान अवश्य ही आकर्षित करेंगे ऐसा विश्वास है।
(ख) प्रस्तुत कार्य के सम्बन्ध में अपने विचार सम्प्रेषित कर मेरे उत्साह को संवर्धित करें।

ध्यान दें— तद्धित प्रकरण की भूमिका में 'तद्धित रूपसिद्धियों के सामान्य नियम' शीर्षक के अन्तर्गत पांचवें बिन्दु में हसान्त के स्थान पर हसादि कर लें।

—समणी चिन्मय प्रज्ञा

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

संकेत सूची

अ. वि.	अलौकिक विग्रह
ए. व.	एक वचन
च. ए. व.	चतुर्थी एक वचन
तृ. ए. व.	तृतीया एक वचन
तृ. वि.	तृतीया विभक्ति
द्वि. व.	द्वितीया विभक्ति
पं. वि.	पञ्चमी विभक्ति
प्र. ए. व.	प्रथमा एक वचन
प्र. ब. व.	प्रथमा बहु वचन
प्र. वि.	प्रथमा विभक्ति
ब. व.	बहु वचन
भिक्षु.	भिक्षुशब्दानुशासनम्
लौ. वि.	लौकिक विग्रह
विभ.	विभक्ति
ष. ब. व.	षष्ठी बहु वचन
स. ए. व.	सप्तमी एक वचन
स. वि.	सप्तमी विभक्ति
सू.	सूत्र

विभक्ति प्रत्यय

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	सि (स्)	औ	जस् (अस्)
द्वितीया	अम्	औ	शस् (अस्)
तृतीया	टा (आ)	भ्याम्	भिस्
चतुर्थी	ङे (ए)	भ्याम्	भ्यस्
पञ्चमी	ङसि (अस्)	भ्याम्	भ्यस्
षष्ठी	ङस् (अस्)	ओस्	आम्
सप्तमी	ङि (इ)	ओस्	सुप् (सु)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

समास प्रकरण के सूत्र

393. नाम नाम्नैकार्थ्ये समासो बहुलम्।
394. अव्ययं कारकसमीपसमृद्धव्यसंप्रत्यर्था-
भावाऽत्ययाऽसंपत्तिख्यातिपश्चाद्योग्यता-
वीप्सापदार्थानतिवृत्तिसादृश्यसदृशयौग-
पद्यानुपूर्व्यसंपत्तिसाकल्यान्तेषु पूर्वार्थे।
395. समासप्रत्यययोः।
396. प्रथमोक्तं प्राक्।
397. अनतो लुक्।
398. अव्ययीभावस्यातोऽमपञ्चम्याः।
399. वा तृतीयासप्तम्योः।
400. अकालेऽव्ययीभावे।
401. यथाऽसादृश्ये।
402. शरदादेरव्ययीभावात्।
403. जराया जरश्च।
404. अनः।
405. वृत्त्यन्तः।
406. नोऽपदस्य तद्धिते।
407. श्रितादिभिः।
408. ऊनार्थपूर्वादिभिः।
409 कर्तृसाधने कृता।
410. तुम्क्त्वाक्तवतुभिः।
411. चतुर्थी प्रकृत्या।
412. हितादिभिः।
413. पञ्चमी भयादिभिः।
414. षष्ठ्ययत्नाच्छेषे।
415. कृति।
416. पूरणशतृशानाव्ययतृप्तार्थैः।
417. सप्तमी शौण्डादिभिः।
418. काकादिभिः क्षेपे।
419. सिंहादिभिः पूजायाम्।
420. नञ्तत्पुरुषः।
421. नञत्।
422. अन् स्वरे
423. नखादयः।
424. सप्तम्युक्तं कृता।
425. ऊर्याद्यनुकरणोपसर्गच्विडाचोगतिर्धातोः प्राक् च।
426. गतिः।
427. कुः पापाल्पयोर्नित्यम् ।
428. कोः कत्तत्पुरुषे।
429. अल्पे।
430. पुरुषे वा।
431. कवश्चोष्णे।
432. प्रादयो गताद्यर्थे प्रथमया।
433. अत्यादयः क्रान्ताद्यर्थे द्वितीयया।
434. अन्यार्थे स्त्रीप्रत्ययगोरन्त्यस्याऽक्वि-
पोऽनंशिसमासेयोबहुव्रीहौ।
435. अवादयः क्रुष्टाद्यर्थे तृतीयया ।
436. पर्यादयो ग्लानाद्यर्थे चतुर्थ्या।
437. निरादयो गताद्यर्थे पञ्चम्या।
438. पूर्वापराधरोत्तरमभिन्नेनांशिना।
439. अर्धं समेंऽशे वा।
440. सायाह्नादयः।
441. विशेषणं विशेष्येण तुल्यार्थे कर्मधारयश्च।
442. पुंवत् कर्मधारये।
443. अच्वेस्तुल्यार्थजातीययोः।
444. शाकपार्थिवादीनां मध्यपदलोपश्च।
445. कुत्सितानि कुत्सनैरपापाद्यैः।
446. उपमानानि सामान्यैः।
447. उपमेयानि व्याघ्रादिभिः सामान्याप्रयोगे।
448. अधिकं च तद्धितोत्तरपदसमाहारेषु।
449. संख्यापूर्वो द्विगुश्च।
450. सखेष्टः।
451. इवर्णावर्णस्य।
452. राज्ञोऽस्त्रियाम्।
453. किं क्षेपे।
454. न किमः क्षेपे।
455. नञस्तत्पुरुषात्।
456. अह्नः।
457. सर्वांशसंख्याव्ययात्।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

458. अतोऽह्नस्य।
459. सर्वांशसंख्यातपुण्यवर्षादीर्घाच्च रात्रेः।
460. तुल्यार्थं चानेकं च।
461. शेषे।
462. विशेषणम
463. पुंवद्भाषितपुंस्कादनूङः स्त्रियास्तुल्यार्थे स्त्रियाम्
464. हंसगमनादयः
465. तेन सहः
466. सहस्य सो वा बहुव्रीहौ
467. सर्वादिश्च बहुव्रीहा
468. सप्तम्यन्तम्
469. नेन्द्वादिभ्यः
470. प्रहरणेभ्यः
471. स्वाङ्गादीपो जातेश्चामानिनि
472. द्विपदाद्धर्मादन्
473. उपसर्गात्
474. नसस्य
475. जायाया जानिः
476. सुहृद्दुर्हृदौ मित्रामित्रयोः
477. स्त्रियामिनः
478. ऋन्नित्यदितः
479. ईबादीदूतां क
480. न कपि
481. चार्थे द्वन्द्वः सहोक्तौ
482. द्वन्द्वे लघ्वक्षरमेकम्
483. इदुदन्तमसखि
484. स्वराद्यदन्तम्
485. अल्पस्वरम्
486. अर्चितम्
487. मासर्तुभ्रातृनक्षत्राण्यानुपूर्व्येण
488. वर्णाः
489. नित्यवैरिणाम्
490. विरोधिनामद्रव्याणाम्
491. आ द्वन्द्वे
492. पुत्रे
493. आत्मनः पूरणे
494. परात्मभ्यां चतुर्थ्याः
495. मूर्खे देवानांप्रियः
496. अमूर्धमस्तकात्स्वाङ्गादकामे
497. तत्पुरुषे कृति
498. ईपः
499. घञ्युपसर्गस्य बहुलम्
500. एकादशषोडशषोडन्षोढाषड्ढाः
501. द्वित्र्यष्टानां द्वात्रयोऽष्टाः प्राक् शतादनशीति बहुव्रीहौ
502. चत्वारिंशदादौ वा
503. खित्यनव्ययस्वरान्तारुषां मुम् ह्रस्वश्च
504. कृत्येऽवश्यमो लोपः
505. समो हिततयोर्वा
506. काममनसोस्तुमश्च
507. अन्यस्य दुगीयकारके
508. अर्थे वा
509. दृग्दृश्दृक्षेषु
510. अन्यत्यदादेराः
511. किमिदमोः कीशीशौ
512. तस्करादयश्चोरादिषु
513. पृषोदरादयः।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अथ समास-प्रकरणम्

अब समास प्रकरण प्रारम्भ हो रहा है।

समासेषु अव्ययीभावः

समासों में अव्ययीभाव (समास प्रारम्भ हो रहा है।)

393. नाम नाम्नैकार्थ्ये समासो बहुलम्[1]। (3/1/19)

नाम नाम्ना सहैकार्थ्ये[2] सति बहुलं समस्यते। स च समाससंज्ञकः स्यात्।

नाम नाम के साथ ऐकार्थ्य होने पर बहुलता से समस्त होता है और वह समाससंज्ञक होता है।

स चतुर्धा—अव्ययीभावतत्पुरुषबहुव्रीहिद्वन्द्वभेदात्। द्विगुकर्मधारयौ तत्पुरुषभेदावेव।

वह (समास) चार प्रकार का है— अव्ययीभाव, तत्पुरुष, बहुव्रीहि एवं द्वन्द्व। द्विगु और कर्मधारय तत्पुरुष के ही भेद हैं।

394. अव्ययं कारकसमीपसमृद्ध्यसंप्रत्यर्थाभावाऽत्ययाऽसंपत्तिख्यातिपश्चाद्योग्यतावीप्सा-पदार्थानतिवृत्तिसादृश्यसदृश[3]यौगपद्यानुपूर्व्यसंपत्ति[4]साकल्यान्तेषु पूर्वार्थे। (3/1/23)

कारकाद्यर्थेषु यदव्ययं तन्नाम्ना सह ऐकार्थ्ये सति पूर्वपदार्थे समस्यते सोऽव्ययीभावसमासः स्यात्। स्त्री + सुप् + अधि इत्यलौकिके विग्रहवाक्ये सप्तम्यर्थद्योतकमधि अव्ययं स्त्रीनाम्ना सह समस्तम्। कारक आदि (अर्थात् कारक, समीप, समृद्धि, असंप्रति, अर्थाभाव, अत्यय, असंपत्ति, ख्याति, पश्चात्, योग्यता, वीप्सा, पदार्थानतिवृत्ति, सादृश्य, सदृश, यौगपद्य, आनुपूर्व्य, संपत्ति, साकल्य और अन्त) अर्थों में जो अव्यय है उसका नाम के साथ ऐकार्थ्य होने पर पूर्व पद के अर्थ में समास होता है और वह अव्ययीभाव समास है।

---

[1] क्वचित् प्रवृत्तिः क्वचिदप्रवृत्तिः, क्वचिद् विभाषा क्वचिदन्यदेव।
विधेर्विधानं बहुधा समीक्ष्य, चतुर्विधं बाहुलकं वदन्ति॥
कहीं पर सूत्र की प्रवृत्ति होती है, कहीं पर सूत्र की प्रवृत्ति नहीं होती, कहीं पर विकल्प से होती है तथा कहीं पर अन्य ही कार्य हो जाता है। इस प्रकार सूत्रों की प्रवृत्ति की बहुत प्रकार से समीक्षा करके (विद्वान्) बाहुलक को चार प्रकार का कहते हैं।

[2] आकाङ्क्षा आदि के वश परस्पर सम्बद्धार्थ होना पदों का सामर्थ्य है। जब तक आकाङ्क्षा, योग्यता और आसत्ति न हो पदों का परस्पर सम्बन्ध नहीं बनता और न ही वे समर्थ कहला सकते। जैसे—'राज्ञः पुरुषः' ये पद परस्पर आकाङ्क्षा रखते हैं। केवल राज्ञः कहने से आकाङ्क्षा रहती है कि राजा का क्या? जब 'पुरुषः' कह देते हैं तो वह आकाङ्क्षा शान्त हो जाती है। इसी तरह केवल 'पुरुषः' कहने पर भी आकाङ्क्षा बनी रहती है किस का पुरुष? जब 'राज्ञः' कह दिया जाता है तो वह आकाङ्क्षा मिट जाती है। इस प्रकार 'राज्ञः' को 'पुरुषः' की और 'पुरुषः' को 'राज्ञः' की आकाङ्क्षा रहने से इन पदों में सामर्थ्य रहता है अतः इन का समास हो जाता है। जब तक पदों में परस्पर मिलने की योग्यता न हो वे असमर्थ रहते हैं। जैसे—अग्निना सिञ्चति। ये असम्बद्ध पद हैं क्योंकि अग्नि में सिञ्चन की योग्यता नहीं पाई जाती। इसी प्रकार उचित आसत्ति (अर्थात् निकटता) न होने पर भी पदों में सामर्थ्य नहीं होता। यदि 'राज्ञः' पद अब कह दिया और 'पुरुषः' पद तुरन्त बाद न कहकर अनुचित व्यवधान के बाद कहा जाए तो आसत्ति न रहने से इनमें सामर्थ्य न रहेगा।
सामर्थ्य दो प्रकार का होता है—व्यपेक्षाभाव सामर्थ्य और एकार्थीभाव सामर्थ्य। वाक्य में व्यपेक्षाभाव सामर्थ्य होता है जैसे—'राज्ञः पुरुषः' एक वाक्य है। इसमें 'राज्ञः' और 'पुरुष' ये दोनों पद ऊपर कहे गए प्रकार से व्यपेक्षा रखते हैं। परन्तु समास में एकार्थीभाव (अर्थात् मिलकर एक अर्थ कहना) रूप सामर्थ्य होता है। जैसे—'राजपुरुषः' इसमें राज्ञः पुरुषः' ये दो पृथक् पद हैं। इनका पृथक्-पृथक् अर्थ है किन्तु जब इन दो पदों का समास होकर 'राजपुरुषः' एक पद बन जाता है तब उन दोनों पदों के अर्थ का एक साथ बोध होता है इसको एकार्थीभाव सामर्थ्य कहते हैं।
इस प्रकार व्यपेक्षा और एकार्थीभाव रूप सामर्थ्य से युक्त पदों का ही समास हो सकता है।

[3] सादृश्यशब्दो धर्मवाची, सदृशस्तु धर्मिवाचीत्यनयोर्भेदः।
सादृश्य शब्द धर्मवाची है, सदृश शब्द धर्मीवाची (अर्थात् जिसमें धर्म रहे) है।

[4] प्रश्न है समृद्धि शब्द आ चुका फिर सम्पत्ति का ग्रहण क्यों? समृद्धि एवं सम्पत्ति में अन्तर है। 'सम्पत्तिरात्मभावनिष्पत्तिः, समृद्धिस्त्वन्यभावनिष्पत्तिरिति तयोर्भेदः'। स्वयं के द्वारा निष्पन्न होने वाली सम्पत्ति है अन्य द्वारा निष्पन्न (अर्थात् देवता आदि के प्रसाद से प्राप्त की गई) समृद्धि है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

395. समासप्रत्यययो:। (3/2/6)

समासे सति प्रत्यये च परे विभक्तेर्लुक् स्यात्। इति विभक्तेर्लुकि सति स्त्री अधि इति स्थिते।

समास होने पर और प्रत्यय परे होने पर विभक्ति का लुक् होता है।

396. प्रथमोक्तं[1] प्राक्। (3/1/165)

अत्र समासमात्रे सूत्रे प्रथमान्तपदेन यदुक्तं तत्प्राक् प्रयोक्तव्यम्।

अव्ययीभावञिन्नन्ते, कृत्यक्तानखलन्तकम्।
त्वाद्यन्तं त्वमभिव्याप्य, भावे द्वन्द्वैकता तथा॥

इति लिङ्गानुशासनात् नपुंसकत्वम्। नपुंसके इति ह्रस्वे — अधिस्त्रि।

केवल समास करने वाले सूत्र में जो प्रथमान्त पद से कहा गया है उसका पहले प्रयोग करना (अर्थात् पहले रखना) चाहिए।

397. अनतो लुक्। (3/2/5)

अव्ययीभावात् स्यादेर्लुक् स्यात् न त्वदन्तात्। इति सर्वत्र समानरूपाणि। एवं कुमार्यामिति —– अधिकुमारि।

समीपे — कुम्भस्य समीपमिति विग्रहे।

अव्ययीभाव (समास) से परे सि आदि (विभक्तियों) का लुक् होता है लेकिन (शब्द के) अकार अन्त में नहीं होना चाहिए।

अधिस्त्रि

स्त्रीषु इति लौ. वि.

स्त्री + सुप् + अधि अ. वि.

अव्ययं कारक ..... (394) सूत्र से सप्तमी अर्थ द्योतक अधि अव्यय का स्त्री नाम के साथ समास और अव्ययीभावसमास संज्ञा

समास .... (395) सू. से विभ. का लुक्

स्त्री अधि

प्रथमोक्तं..... (396) सू. से अधि अव्यय को पूर्व में रखने पर

अधिस्त्री

अव्ययीभावञिन्नन्ते, कृत्यक्तानखलन्तकम्।
त्वाद्यन्तं त्वमभिव्याप्य, भावे द्वन्द्वैकता तथा॥[2]

इस कारिका से अधिस्त्री शब्द को नपुंसकलिंग करने पर

नपुंसके (198) सू. से ह्रस्व

अधिस्त्रि

---

[1] केवल समास करने वाले सूत्रों में जो प्रथमान्त से उक्त (अर्थात् कहा गया) है उसका प्राक् निपात होता है। जैसे — अव्ययं कारकसमीप ...... (394) सू. में 'अव्ययं' पद प्रथमा से उक्त है अत: अव्ययीभाव समास में अव्यय का प्राक् निपात (अर्थात् पूर्व में रखना) होता है। इसी प्रकार चतुर्थी प्रकृत्या (411) सू. में 'चतुर्थी' पद प्रथमा से उक्त है अत: लौकिक विग्रह में जो पद चतुर्थ्यन्त होगा उसका प्राक् निपात होगा। जैसे — घटाय मृत्तिका = घटमृत्तिका। यदि किसी सूत्र में प्रथमा से उक्त पद साक्षात् न पढ़ा गया हो तो उस सूत्र में अनुवृत्ति से प्राप्त पदों में जो पद प्रथमा से उक्त है लौकिक विग्रह में उसका बोध कराने वाले पद का प्राक् निपात होगा। जैसे — श्रितादिभि: (407) सू. में अनुवृत्ति से प्राप्त 'द्वितीया' पद प्रथमा से उक्त है अत: उसके बोध्य पद का प्राक् निपात होगा। जैसे — जिनं श्रित: = जिनश्रित:।

[2] अव्ययीभाव (समास में निष्पन्न होने वाले शब्द), भाव में होने वाले ञिन्, कृत्य (अर्थात् तव्य, अनीय, य, क्यप्, घ्यण्), क्त, आन (कान), अनट्, खल्, त्व से लेकर त्व तक (अर्थात् भिक्षु. 7/3/56 से 7/3/78 के मध्य आने वाले प्रत्यय त्व, ट्यण्, य, एयण्, अञ्, अ, अकञ्, ईय, त्व) ये प्रत्यय जिनके अन्त में हैं ऐसे शब्द तथा द्वन्द्व समास में एकत्व होने पर नपुंसक लिंग होता है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

प्र. वि. के ए. वि. की विवक्षा में सि प्रत्यय

अधिस्त्रि + सि

अनतो..... (397) सू. से सि प्रत्यय का लुक् करने पर अधिस्त्रि रूप सिद्ध हुआ।

(प्रथमा से सप्तमी तक सभी विभक्तियों में अधिस्त्रि रूप बनेगा।)

अधिकुमारि

कुमार्याम् इति लौ. वि.

कुमारी + ङि + अधि अ. वि.

अव्ययं..... (394) सू. से सप्तमी अर्थ द्योतक अधि अव्यय का कुमारी नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

शेष अधिस्त्रिवत्

398. अव्ययीभावस्यातोऽमपञ्चम्याः। (3/2/2)

अदन्ताव्ययीभावात् स्यादेरमादेशः स्यात् पञ्चमीं त्यक्त्वा। उपकुम्भं तिष्ठति, पश्यति देहि वा सर्वत्राऽम्। अपञ्चम्या इति किम्—उपकुम्भात्।

अदन्त अव्ययीभाव से पञ्चमी विभक्ति को छोड़कर सि आदि (प्रत्ययों) को अम् आदेश होता है।

उपकुम्भम्

कुम्भस्य समीपम् इति लौ. वि.

कुम्भ + ङस् + उप अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से समीप अर्थ द्योतक उप अव्यय का कुम्भ नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

कुम्भ उप

प्रथमोक्तं .... (396) सू. से उप अव्यय को पूर्व में रखने पर

उपकुम्भ

अव्ययीभाव ...... इस कारिका से नपुंसकलिंग

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

उपकुम्भ + सि

अव्ययी .... (398) सू. से सि प्रत्यय को अम् आदेश

उपकुम्भ + अम्

समानादमः (104) सू. से अम् के अकार का लोप

उपकुम्भ + म्

वर्णों को मिलाने पर उपकुम्भम् रूप सिद्ध हुआ।

उपकुम्भं तिष्ठति, उपकुम्भं पश्यति, उपकुम्भं देहि—इन उदाहरणों में क्रमशः प्रथमा, द्वितीया एवं चतुर्थी विभक्ति के एकवचन के स्थान पर अव्ययी ...... (398) सू. से अम् हुआ है। शेष प्रक्रिया पूर्ववत्।

अव्ययी ...... (398) सूत्र में पञ्चमी विभक्ति को क्यों छोड़ा? उपकुम्भात् इस उदाहरण में अव्ययी ...... (398) सू. से ङसि के स्थान पर अम् नहीं होगा।

उपकुम्भात्

कुम्भस्य समीपम् लौ. वि.

कुम्भ + ङस् + उप अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से समीप अर्थ द्योतक उप अव्यय का कुम्भ नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

कुम्भ उप
प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से उप अव्यय को पूर्व में रखने पर
उपकुम्भ
अव्ययीभाव ...... इस कारिका से नपुंसकलिंग
पं. वि. के ए. व. की विवक्षा में ङसि प्रत्यय
उपकुम्भ + ङसि
ङसिराद् (110) सू. से ङसि प्रत्यय को आद् आदेश
उपकुम्भ + आद्
समानानां ...... (36) सू. से अकार का आकार के साथ दीर्घ
उपकुम्भाद्
वावसाने (111) सू. से द् का विकल्प से त् करने पर उपकुम्भात् रूप सिद्ध हुआ।
पक्ष में — जहां पर वावसाने (111) सू. से द् को त् नहीं होगा वहां उपकुम्भाद् रूप होगा।

399. वा तृतीयासप्तम्योः। (3/2/3)

अदन्ताव्ययीभावात् तृतीयासप्तम्योरमादेशो वा स्यात् । उपकुम्भम् उपकुम्भेन वा कृतम् । उपकुम्भम् , उपकुम्भे वा स्थितम् । एवं मद्राणां समृद्धिः सुमद्रम् , निद्रा सम्प्रति न युज्यते इत्यतिनिद्रम् , मक्षिकाणामभावो निर्मक्षिकम् । अत्ययो विनाशः । हिमस्य अत्ययः अतिहिमम् , यवनानामसंपत्तिर्दुर्यवनम् , भिक्षोः ख्यातिरितिभिक्षु , जिनस्य पश्चात् अनुजिनम् , रूपस्य योग्यम् अनुरूपं चेष्टते । बहूनां सजातीयानां क्रियादिना साकल्येन व्याप्तुमिच्छा वीप्सा । अर्थमर्थं प्रति प्रत्यर्थम् । शक्तिमनतिक्रम्य यथाशक्ति ।

अदन्त अव्ययीभाव (समास) से परे तृतीया एवं सप्तमी (विभक्तियों) को अम् आदेश विकल्प से होता है।

उपकुम्भं कृतम्

कुम्भस्य समीपम् लौ. वि.
कुम्भ + ङस् + उप अ. वि.
अव्ययं ...... (394) सू. से समीप अर्थ द्योतक उप अव्यय का कुम्भ नाम के साथ समास और अव्ययीभावसमास संज्ञा
समास ..... (395) सू. से विभ. का लुक्
कुम्भ उप
प्रथमोक्तं .... (396) सू. से उप अव्यय को पूर्व में रखने पर
उपकुम्भ
अव्ययीभाव ...... इस कारिका से नपुंसकलिंग
तृ. वि. के ए. व. की विवक्षा में टा प्रत्यय
उपकुम्भ + टा
अव्ययी ...... (398) सू. से टा प्रत्यय के स्थान पर अम् की प्राप्ति किन्तु उसे रोककर
वा तृतीया ...... (399) सू. से टा प्रत्यय के स्थान पर विकल्प से अम्
उपकुम्भ + अम्
समानादमः (104) सू. से अम् के अकार का लोप करने पर
उपकुम्भ + म्
वर्णों को मिलाने पर उपकुम्भम् रूप सिद्ध हुआ।
पक्ष में — जहां वा तृतीया ...... (399) सू. से टा को अम् नहीं होगा वहां —

उपकुम्भेन कृतम्

कुम्भस्य समीपम् लौ. वि. से तृ. वि. के ए. व. की विवक्षा में टा प्रत्यय तक पूर्ववत् प्रक्रिया

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

उपकुम्भ + टा

टेनः (106) सू. से टा प्रत्यय को इन

उपकुम्भ + इन

अवर्णस्येवर्णादावेदोदरलः (38) सू. से अकार का इकार के साथ ए करने पर उपकुम्भेन रूप सिद्ध हुआ।

उपकुम्भं स्थितम्

कुम्भस्य समीपम् लौ. वि.

कुम्भ + ङस् + उप अ. वि.

अव्यय ...... (394) सू. से समीप अर्थ द्योतक उप अव्यय का कुम्भ नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

कुम्भ उप

प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से उप अव्यय को पूर्व में रखने पर

उपकुम्भ

अव्ययीभाव ...... इस कारिका से नपुंसकलिंग

स. वि. के ए. व. की विवक्षा में ङि प्रत्यय

उपकुम्भ + ङि

अव्ययी..... (398) सू. से ङि प्रत्यय के स्थान पर अम् की प्राप्ति किन्तु उसे रोककर

वा तृतीया ...... (399) सू. से विकल्प से ङि प्रत्यय को अम्

उपकुम्भ + अम्

समाना ...... (104) सू. से अम् के अकार का लोप

उपकुम्भ + म्

वर्णों को मिलाने पर उपकुम्भम् रूप सिद्ध हुआ।

पक्ष में—जहां पर वा तृतीया ...... (399) सू. से ङि का अम् नहीं होगा वहां—

उपकुम्भे स्थितम्

कुम्भस्य समीपम् लौ. वि. से लेकर स. वि. के ए. व. की विवक्षा में ङि प्रत्यय तक पूर्ववत् प्रक्रिया

उपकुम्भ + ङि, ङ् अनुबन्ध

उपकुम्भ + इ

अवर्णस्ये ...... (38) सू. से अकार का इकार के साथ ए करने पर उपकुम्भे रूप सिद्ध हुआ।

उपकुम्भ शब्द के रूप

विभ.	**ए. व.**	**द्वि. व.**	**ब. व.**
प्र. वि.	उपकुम्भम्	उपकुम्भम्	उपकुम्भम्
द्वि. वि.	उपकुम्भम्	उपकुम्भम्	उपकुम्भम्
तृ. वि.	उपकुम्भम्	उपकुम्भम्	उपकुम्भम्
	उपकुम्भेन	उपकुम्भाभ्याम्	उपकुम्भैः
च. वि.	उपकुम्भम्	उपकुम्भम्	उपकुम्भम्
प. वि.	उपकुम्भात्	उपकुम्भाभ्याम्	उपकुम्भेभ्यः
ष. वि.	उपकुम्भम्	उपकुम्भम्	उपकुमभम्
स. वि.	उपकुम्भम्	उपकुम्भम्	उपकुम्भम्
	उपकुम्भे	उपकुम्भयोः	उपकुम्भेषु

सुमद्रम्

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

मद्राणां समृद्धिः[1] लौ. वि.

मद्र + आम् + सु अ. वि.

अव्ययं .... (394) सू. से समृद्धि अर्थ द्योतक सु अव्यय का मद्र नाम के साथ समास और अव्ययीभावसमास संज्ञा

शेष उपकुम्भवत्

अतिनिद्रम्

निद्रा सम्प्रति न युज्यते लौ. वि.

निद्रा + सि + अति अ. वि.

अव्ययं .... (394) सू. से असम्प्रति[1] अर्थ द्योतक अति अव्यय का निद्रा नाम के साथ समास और अव्ययीभावसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

निद्रा अति

प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से अति अव्यय को पूर्व में रखने पर

अतिनिद्रा

अव्ययीभाव .... इस कारिका से नपुंसकलिंग

नपुंसके (198) सू. से ह्रस्व

अतिनिद्र

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

अतिनिद्र + सि

शेष उपकुम्भवत्

निर्मक्षिकम्

मक्षिकाणामभावः लौ. वि.

मक्षिका + आम् + निर् अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से अर्थाभाव[2] द्योतक निर् अव्यय का मक्षिका नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

मक्षिका निर्

प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से निर् अव्यय को पूर्व में रखने पर

निर्मक्षिका

जलतुम्बिका[3] न्याय से रेफ का ऊर्ध्वगमन

निर्मक्षिका

अव्ययीभाव ...... इस कारिका से नपुंसकलिंग

नपुंसके (198) सू. से ह्रस्व

निर्मक्षिक

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

निर्मक्षिक + सि

शेष उपकुम्भवत्

अतिहिमम्

हिमस्य अत्ययः लौ. वि.

---

[1] ऋद्धेराधिक्यं समृद्धिः।
ऋद्धि की अधिकता का नाम है समृद्धि।

[1] असंप्रति वर्तमानकाले उपभोगादेः प्रतिषेधः।
असंप्रति का अर्थ है — वर्तमान काल में (उसके) उपभोग आदि का निषेध।

[2] अर्थाभावो वस्तुनोऽभावः।
वस्तु का अभाव अर्थाभाव है।

[3] जैसे जल रहित तुम्बी पानी के ऊपर रहती है वैसे ही स्वर रहित रकार ऊपर चल जाता है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

हिम + ङस् + अति अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से अत्यय (अर्थात् विनाश) अर्थ द्योतक अति अव्यय का हिम नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

शेष उपकुम्भवत्

दुर्यवनम्

यवनानामसम्पत्तिः लौ. वि.

यवन + आम् + दुर् अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से असम्पत्ति अर्थ द्योतक दुर् अव्यय का यवन नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

समास ..... (395) सू. से विभ. का लुक्

यवन दुर्

प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से दुर् अव्यय को पूर्व में जोड़ने पर

दुर्यवन

जलतुम्बिका न्याय से रेफ का ऊर्ध्वगमन

दुर्यवन

अव्ययीभाव ...... कारिका से नपुंसकलिंग

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

दुर्यवन + सि

शेष उपकुम्भवत्

इतिभिक्षु

भिक्षोः ख्यातिः लौ. वि.

भिक्षु + ङस् + इति अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से ख्याति (अर्थात् प्रकट करना) अर्थ द्योतक इति अव्यय का भिक्षु नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

भिक्षु इति

प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से इति अव्यय को पूर्व में रखने पर

इतिभिक्षु

अव्ययीभाव ...... इस कारिका से नपुंसकलिंग

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

इतिभिक्षु + सि

अनतो..... (397) सू. से सि प्रत्यय का लुक् करने पर इतिभिक्षु रूप सिद्ध हुआ।

अनुजिनम्

जिनस्य पश्चात् लौ. वि.

जिन + ङस् + अनु अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से पश्चात् अर्थ द्योतक अनु अव्यय का जिन नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

शेष उपकुम्भवत्

अनुरूपं चेष्टते

रूपस्य योग्यम् लौ. वि.

रूप + ङस् + अनु अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से योग्यता अर्थ द्योतक अनु अव्यय का रूप नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

शेष उपकुम्भवत्

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

प्रत्यर्थम्

अर्थमर्थं प्रति लौ. वि.

अर्थ + अम् + प्रति अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से वीप्सा[1] अर्थ द्योतक प्रति अव्यय का अर्थ नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

शेष उपकुम्भवत्

यथाशक्ति

शक्तिमनतिक्रम्य लौ. वि.

शक्ति + अम् + यथा अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से पदार्थानतिवृत्ति (अर्थात् उत्तरपद के अर्थ का अतिक्रमण नहीं करना) अर्थ में यथा अव्यय का शक्ति नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

शेष इतिभिक्षुवत्

400. अकालेऽव्ययीभावे। (3/2/127)

अव्ययीभावे सहस्य सादेशः स्यात् अकालवाचिन्युत्तरपदे। शीलस्य सादृश्यं सशीलमनयोः, व्रतेन सदृशमिति सव्रतम्, चक्रेण सह गदां धेहीति सचक्रम्, ज्येष्ठस्यानुक्रमेण इति अनुज्येष्ठम्, क्षत्राणां संपत्तिरिति सक्षत्रम्, सतृणमभ्यवहरति, न किञ्चित्त्यजतीत्यर्थः, सपिण्डैषणमधीते, पिण्डैषणापर्यन्तमधीते इत्यर्थः।

अव्ययीभाव (समास) में सह को स आदेश होता है कालवाची उत्तरपद में नहीं होने पर।

सशीलम्

शीलस्य सादृश्यम् लौ. वि.

शील + ङस् + सह अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से सादृश्य (अर्थात् समानता) अर्थ द्योतक सह अव्यय का शील नाम के साथ समास और अव्ययीभावसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

शील सह

प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से सह अव्यय को पूर्व में रखने पर

सहशील

अकाले ...... (400) सू. से सह को स आदेश

सशील

अव्ययीभाव ...... इस कारिका से नपुंसकलिंग

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

सशील + सि

शेष उपकुम्भवत्

सव्रतम्

व्रतेन सदृशम् लौ. वि.

व्रत + टा + सह अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से सदृश (अर्थात् समान) अर्थ द्योतक सह अव्यय का व्रत नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

---

[1] बहूनां सजातीयानां क्रियादिना साकल्येन व्याप्तुमिच्छा वीप्सा।
बहुत से सजातीय (अर्थात् समान जातीय पदार्थों) का क्रिया एवं गुण के कारण से सम्पूर्ण रूप से व्याप्त (अर्थात् विशेष रूप से प्राप्त) करने की इच्छा वीप्सा है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

शेष सशीलवत्

सचक्रम्

चक्रेण युगपत् लौ. वि.

चक्र + टा + सह अ. वि.

अव्ययं...... (394) सू. से युगपत् (अर्थात् एक साथ) अर्थ द्योतक सह अव्यय का चक्र नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

शेष सशीलवत्

अनुज्येष्ठम्

ज्येष्ठस्य आनुपूर्व्येण (अर्थात् अनुक्रमेण) लौ. वि.

ज्येष्ठ + ङस् + अनु अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से आनुपूर्व्य (अर्थात् क्रमशः) अर्थ द्योतक सह अव्यय का ज्येष्ठ नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

शेष उपकुम्भवत्

सक्षत्रम्

क्षत्राणां संपत्तिः लौ. वि.

क्षत्र + आम् + सह अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से संपत्ति अर्थ द्योतक सह अव्यय का क्षत्र नाम के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

शेष उपकुम्भवत्

सतृणम्[1] अभ्यवहरति

तृणमपरित्यज्य अभ्यवहरति लौ. वि.

तृण + अम् + सह अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से साकल्य (अर्थात् सम्पूर्ण) अर्थ द्योतक सह अव्यय का तृण नाम के साथ समास और अव्ययीभावसमास संज्ञा

शेष सशीलवत्

सपिण्डैषणमधीते

पिण्डैषणायाः पर्यन्तमधीते लौ. वि.

पिण्डैषणा + ङस् + सह अ. वि.

अव्ययं ...... (394) सू. से अन्त अर्थ द्योतक सह अव्यय का पिण्डैषणा के साथ समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

पिण्डैषणा सह

प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से सह अव्यय को पूर्व में रखने पर

सहपिण्डैषणा

अकाले ...... (400) सू. से सह को स आदेश

सपिण्डैषणा

अव्ययीभाव ...... इस कारिका से नपुंसकलिंग

नपुंसके (198) सू. से ह्रस्व

सपिण्डैषण

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

सपिण्डैषण + सि

[1] सतृणमभ्यवहरति अर्थात् तृण का भी परित्याग किए बिना खाता है। यहां तृणभक्षण में तात्पर्य नहीं, परोसे हुए भोजन को बिना कुछ छोड़े खाता है इतना ही विवक्षित है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

शेष उपकुम्भवत्

401. यथाऽसादृश्ये। (3/1/24)

असादृश्येऽर्थे यथा इत्यव्ययं समस्यते सोऽव्ययीभावसमासः स्यात्। यथावृद्धमर्चय, ये ये वृद्धास्तान्नित्यर्थः। असादृश्ये इति किम्—यथा ऋषभस्तथा वीरः।

सादृश्यवर्जित अर्थ में यथा[1] अव्यय समस्त होता है और वह अव्ययीभावसमास होता है।

यथावृद्धमर्चय

ये ये वृद्धाः लौ. वि.

वृद्ध + जस् + यथा अ. वि.

यथा ...... (401) सू. से समास एवं अव्ययीभावसमास संज्ञा

शेष उपकुम्भवत्

यथा ...... (401) सू. में यथा अव्यय सादृश्यवर्जित अर्थ में हो ऐसा क्यों? यथा ऋषभस्तथा वीरः (अर्थात् ऋषभ के समान महावीर हैं।)। यहां यथा अव्यय सादृश्य अर्थ में है अतः यथा अव्यय का ऋषभ नाम के साथ समास नहीं होगा।

402. शरदादेरव्ययीभावात्। (8/3/27)

बहु + जस् + स्वामिन् + जस् अ. वि.

तुल्यार्थं ...... (462) सू. से समास एवं बहुव्रीहिसमास संज्ञा

शेष बहुदण्डिकावत्

478. ऋन्नित्यदितः (8/3/109)

ऋकारान्तान्नित्यं दिदादेशो यस्मात्तदन्ताच्च बहुव्रीहेः कप् स्यात्। बहुकर्तृकः।

ऋकारान्त से एवं जिन शब्दों से (स्त्रीलिंग में ङित् प्रत्यय के स्थान में) नित्य दित् आदेश होते हैं वे (शब्द) जिनके अंत में है ऐसे बहुव्रीहि (समास) से कप् (प्रत्यय) होता है।

बहुकर्तृकः

बहवः कर्तारः यस्मिन् सः लौ. वि.

बहु + जस् + कर्तृ + जस् अ. वि.

तुल्यार्थं ...... (460) सू. से समास एवं बहुव्रीहिसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

बहु कर्तृ

विशेषणम् (462) सू. से विशेषण को पूर्व में रखने पर

बहुकर्तृ

ऋन् ...... (478) सू. से कप् प्रत्यय

बहुकर्तृ + कप् , प् अनुबन्ध

वर्णों को मिलाने पर बहुकर्तृक

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

बहुकर्तृक + सि

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

शेष जिनश्रितवत्

479. ईबादीदूतां के (2/3/109)

एषां ह्रस्वः स्यात् कप्रत्यये परे।

ईप्, आ, ई एवं ऊ का ह्रस्व हो जाता है क प्रत्यय परे होने पर।

480. न कपि (2/3/110)

पूर्वेण प्राप्तो ह्रस्वो न स्यात् कपि परे। बहुकुमारीकः।

ईबा ...... (479) सू. से प्राप्त ह्रस्व नहीं होता है कप् परे होने पर।

बहुकुमारीकः

बह्व्यः कुमार्यो यस्य सः लौ. वि.

बह्वी + जस् + कुमारी + जस् अ. वि.

तुल्यार्थं ...... (460) सू. से समास एवं बहुव्रीहिसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

बह्वी कुमारी

विशेषणम् (462) सू. से विशेषण को पूर्व में रखने पर

बह्वीकुमारी

पुंवद् ...... (463) सू. से बह्वी को पुंवद्

बहुकुमारी

ऋन् ...... (478) सू. से कप् प्रत्यय

बहुकुमारी + कप्, प् अनुबन्ध

ईबा ...... (479) सू. से ह्रस्व की प्राप्ति किंतु

न कपि (480) सू. से निषेध

वर्णों को मिलाने पर बहुकुमारीक

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

बहुकुमारीक + सि

शेष जिनश्रितवत्

इति बहुव्रीहिः

बहुव्रीहिसमास समाप्त।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अथ द्वन्द्वः

अब द्वन्द्व समास प्रारम्भ हो रहा है।

481. चार्थे द्वन्द्वः सहोक्तौ (3/1/133)

सहोक्तिविषये चार्थे वर्तमानं नाम नाम्ना सह वा समस्यते स च द्वन्द्वसमासः स्यात्। समुच्चयान्वाचयेतरेतरयोगसमाहारश्चार्थाः। तत्र परस्परनिरपेक्षस्याऽनेकस्य क्रियाकारका-देरेकस्मिन्नन्वयः समुच्चयः। चैत्रः पचति पठति च, चैत्रो मैत्रश्च पठति। समुच्चये एवान्यतरस्य गौणत्वेऽन्वाचयः। वटो! भिक्षामट गां चानय। मिलितानामन्वय इतरेतरयोगः। चैत्रश्च मैत्रश्च चैत्रमैत्रौ गच्छतः। संहतिः समाहारः। समाहारे एकवद्भावः। धवश्च खदिरश्च पलाशश्च धवखदिरपलाशं तिष्ठति। अत्राद्ययोः सहोक्त्यभावात् समासो न।

सहोक्तिविषय[1] में च के अर्थ में वर्तमान नाम का नाम के साथ विकल्प से समास होता है और वह द्वन्द्वसमास है।[2] च के चार अर्थ होते हैं — समुच्चय , अन्वाचय , इतरेतरयोग और समाहार। परस्पर निरपेक्ष अनेक क्रिया अथवा कारकों का एक में अन्वय (अर्थात् सम्बन्ध) होता है वहां च का अर्थ समुच्चय होता है। जैसे — चैत्रः पचति पठति च। यहां एक कारक (चैत्रः) का पचति एवं पठति दो क्रियाओं से सम्बन्ध है अतः इनके बाद प्रयुक्त होने वाला च समुच्चय अर्थ में है। समुच्चय में ही जब कोई एक गौण हो जाए तब वहां च का अर्थ अन्वाचय होता है। जैसे — भिक्षामट गां च आनय। (भिक्षार्थ भ्रमण कर, यदि मार्ग में गाय मिले तो उसे भी लेते आना।) यहां भिक्षा के लिए जाना आवश्यक कर्त्तव्य है और गाय का लाना गौण है अतः गां के बाद प्रयुक्त च अन्वाचय अर्थ में है। जब अनेक पदार्थ मिलकर किसी एक क्रियादि में अन्वित होते हैं वहां च का अर्थ इतरेतरयोग होता है। जैसे — चैत्रश्च मैत्रश्च चैत्रमैत्रौ गच्छतः। जब समूह एकीभूत होकर क्रिया आदि में अन्वित होता है तब वहां च का अर्थ समाहार होता है। समाहार में एकवत् भाव हो जाता है। समुच्चय और अन्वाचय में सहोक्ति का अभाव होने से समास नहीं होता।

482. द्वन्द्वे लघ्वक्षरमेकम् (3/1/168)

द्वन्द्वे लघ्वक्षरं नाम प्राग् निपतति यत्र चानेकं तत्रैकमेव। तिलमाषौ, घटशङ्खपटाः, पटशङ्खघटाः।

द्वन्द्व (समास) में लघु अक्षर वाले नाम का प्राक् निपात होता है। जहां अनेक (लघु अक्षर वाले नाम होते हैं) उनमें एक का ही (प्राक् निपात होता है)।

तिलमाषौ

तिलश्च माषश्च लौ. वि.

तिल + सि + माष + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

तिलमाष

द्वन्द्वे ...... (482) सू. से तिल शब्द को पूर्व में रखने पर

तिलमाष

प्र. वि. के द्विवचन की विवक्षा में औ प्रत्यय

तिलमाष + औ

ओदौतोरौत् (41) सू. से अकार का औकार के साथ औकार करने पर तिलमाषौ रूप सिद्ध हुआ।

घटशङ्खपटाः

घटश्च शङ्खश्च पटश्च लौ. वि.

---

[1] यद्वर्तिपदैः प्रत्येकं पदार्थानां युगपदभिधानं सा सहोक्तिः।
जब समास के घटक पदों से प्रत्येक पदार्थ का एक साथ कथन होता है तब वह सहोक्ति कहलाती है।

[2] द्वन्द्व समास में जहां समास नहीं होगा वहां वाक्य ही रह जाएगा।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

घट + सि + शङ्ख + सि + पट + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

घट शङ्ख पट

द्वन्द्वे ...... (482) सू. से घट शब्द को पूर्व में रखने पर

घटशङ्खपट

प्र. वि. के ब. व. की विवक्षा में जस् प्रत्यय

घटशङ्खपट + जस् , ज् अनुबन्ध

अदेतोरपदान्तेऽत: (102) सू. से अकारलोप की प्राप्ति किन्तु उसे रोककर

अतो जस्भ्यांये (103) सू. से अकार का आकार

घटशङ्खपटा + अस्

समानानां ...... (36) सू. से आकार का अकार के साथ दीर्घ

घटशङ्खपटास्

स्रोर्वि ...... (89) सू. से सकार का विसर्ग करने पर घटशङ्खपटा: रूप सिद्ध हुआ।

पटशङ्खघटा:

घटश्च शङ्खश्च पटश्च लौ. वि.

घट + सि + शङ्ख + सि + पट + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

घट शङ्ख पट

द्वन्द्वे ...... (482) सू. से पट शब्द को पूर्व में रखने पर

पटशङ्खघट

प्र. वि. के ब. व. की विवक्षा में जस् प्रत्यय

पटशङ्खघट + जस्

शेष घटशङ्खपटवत्

483. इदुदन्तमसखि (3/1/170)

सखिशब्दं वर्जयित्वा इकारान्तोकारान्तमेकं नाम द्वन्द्वसमासे प्राग् निपतति। पतिसुतौ, पटुगुप्तौ। असखीति किम्—सुतसखायौ।

सखि शब्द को छोड़कर इकारान्त अथवा उकारान्त एक नाम का द्वन्द्व समास में प्राक् निपात होता है।

पतिसुतौ

पतिश्च सुतश्च लौ. वि.

पति + सि + सुत + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

पतिसुत

इदुदन्त ...... (483) सू. से पति शब्द का प्राक् निपात

पतिसुत

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

पतिसुत + औ

शेष तिलमाषवत्

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

पटुगुप्तौ

पटुश्च गुप्तश्च लौ. वि.

पटु + सि + गुप्त + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

पटु गुप्त

इदुदन्त ...... (483) सू. से पटु शब्द का प्राक् निपात

पटुगुप्त

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

पटुगुप्त + औ

शेष तिलमाषवत्

सखि शब्द को क्यों छोड़ा ? सुतसखायौ। इस उदाहरण में सखि शब्द का, इकारान्त होने पर भी, प्राक् निपात नहीं होगा क्योंकि सूत्र में सखि शब्द के प्राक् निपात का निषेध है।

सुतसखायौ

सुतश्च सखा च लौ. वि.

सुत + सि + सखि + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

सुतसखि

द्वन्द्वे ...... (482) सू. से सुत शब्द का प्राक् निपात

सुतसखि

प्र. वि. के द्विवचन की विवक्षा में औ प्रत्यय

सुतसखि + औ

ऐः सख्युरितोऽशिधौ (149) सू. से इकार का ऐकार

सुतसखै + औ

एदैतोरयायौ (33) सू. से ऐ का आय्

सुखसख् आय् औ

स्वरहीनं ...... न्याय से वर्णों को मिलाने पर सुखसखायौ रूप सिद्ध हुआ।

484. स्वराद्यदन्तम् (3/1/173)

द्वन्द्वसमासे स्वरादि यददन्तं तदेकं नाम प्राग् निपतति। अश्वखरौ, इन्द्रचन्द्रौ।

द्वन्द्वसमास में जो स्वरादि अकारान्त (अर्थात् जिसके स्वर आदि में है और अकार अन्त में है ऐसा) नाम है उस एक नाम का प्राक् निपात होता है।

अश्वखरौ

अश्वश्च खरश्च लौ. वि.

अश्व + सि + खर + सि अ. वि.

द्वन्द्वे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

अश्व खर

स्वराद्य ...... (484) सू. से अश्व शब्द का प्राक् निपात

अश्वखर

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अश्वखर + औ

शेष तिलमाषवत्

इन्द्रचन्द्रौ

इन्द्रः च चन्द्रः च लौ. वि.

इन्द्र + सि + चन्द्र + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

शेष अश्वखरवत्

485. अल्पस्वरम् (3/1/176)

द्वन्द्वसमासे अल्पस्वरमेकं नाम प्राग् निपतति। धवखदिरौ, वागर्थौ।

द्वन्द्व समास में अल्प स्वर वाले एक नाम का प्राक् निपात होता है।

धवखदिरौ

धवश्च खदिरश्च लौ. वि.

धव + सि + खदिर + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

धव खदिर

अल्पस्वरम् ...... (485) सू. से धव शब्द का प्राक् निपात

धवखदिर

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

धवखदिर + औ

शेष तिलमाषवत्

वागर्थौ

वाक् च अर्थश्च लौ. वि.

वाच् + सि + अर्थ + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

वाच्अर्थ

अल्पस्वरम् (485) सू. से वाच् शब्द का प्राक् निपात

वाच्अर्थ

चजोः कगौ (245) सू. से च् का क्

वाक्अर्थ

झसा जबाः (59) सू. से क् का ग्

वाग्अर्थ

स्वरहीनं ...... न्याय से वर्णों को मिलाने पर वागर्थ

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

वागर्थ + औ

शेष तिलमाषवत्

486. अर्चितम् (3/12/179)

द्वन्द्वसमासे यदर्चितं तदेकं नाम प्राग् निपतति। देवदैत्यौ, मातापितरौ।

द्वन्द्वसमास में जो पूजित है उस एक नाम का प्राक् निपात होता है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

देवदैत्यौ

देवश्च दैत्यश्च लौ. वि.

देव + सि + दैत्य + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

देव दैत्य

अर्चितम् ...... (486) सू. से देव शब्द का प्राक् निपात

देवदैत्य

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

देवदैत्य + औ

शेष तिलमाषवत्

मातापितरौ

माता च पिता च लौ. वि.

मातृ + सि + पितृ + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

मातृ पितृ

अर्चितम् (486) सू. से मातृ शब्द का प्राक् निपात

मातृपितृ

आ द्वन्द्वे (491) सू. से ऋकार का आकार

मातापितृ

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

मातापितृ + औ

पुंस्त्रियोः ...... (133) सू. से औ प्रत्यय की थुट् संज्ञा

थुटि (167) सू. से ऋ को अर्

मातापितर् + औ

स्वरहीनं ...... न्याय से वर्णों को मिलाने पर मातापितरौ रूप सिद्ध हुआ।

487. मासर्तुभ्रातृनक्षत्राण्यानुपूर्व्येण (3/1/182)

इत्येतद्वाचिशब्दरूपमानुपूर्व्येण प्राग् निपतति द्वन्द्वे। फाल्गुनचैत्रौ, हेमन्तवसन्तौ, बलदेववासुदेवौ, कृत्तिकारोहिण्यौ।

द्वन्द्व समास में मास , ऋतु , भ्रातृ एवं नक्षत्रवाची शब्दरूप का क्रमशः प्राक् निपात होता है।

फाल्गुनचैत्रौ

फाल्गुनश्च चैत्रश्च लौ. वि.

फाल्गुन + सि + चैत्र + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

फाल्गुन चैत्र

मासर्तु ...... (487) सू. से फाल्गुन शब्द का प्राक् निपात

फाल्गुनचैत्र

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

फाल्गुनचैत्र + औ

शेष तिलमाषवत्

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

हेमन्तवसन्तौ

हेमन्तश्च वसन्तश्च लौ. वि.

हेमन्त + सि + वसन्त + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

हेमन्त वसन्त

मासर्तु ...... (487) सू. से हेमन्त शब्द का प्राक् निपात

हेमन्तवसन्त

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

हेमन्तवसन्त + औ

शेष तिलमाषवत्

बलदेववासुदेवौ

बलदेवश्च वासुदेवश्च लौ. वि.

बलदेव + सि + वासुदेव + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

शेष फाल्गुनचैत्रवत्

कृत्तिकारोहिण्यौ

कृत्तिका च रोहिणी च लौ. वि.

कृत्तिका + सि + रोहिणी + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

कृत्तिका रोहिणी

मासर्तु ...... (487) सू. से कृत्तिका शब्द का प्राक् निपात

कृत्तिकारोहिणी

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

कृत्तिकारोहिणी + औ

इवर्णादीनां ...... (29) सू. से ईकार का यकार

कृत्तिकारोहिण्य् + औ

स्वरहीनं ...... न्याय से वर्णों को मिलाने पर कृत्तिकारोहिण्यौ रूप सिद्ध हुआ।

488. वर्णाः (3/1/187)

द्वन्द्वे वर्णवाचीन्यानुपूर्व्येण प्राग् निपतन्ति। ब्राह्मणक्षत्रियौ, विट्शूद्रौ। पूर्वोक्तानां पूर्वनिपातः क्वचिद्वा। गुणवृद्धी, वृद्धिगुणौ, धर्मार्थौ, अर्थधर्मौ, समीरणाग्नी, अग्निसमीरणौ, वसन्तग्रीष्मौ, ग्रीष्मवसन्तौ, भीमसेनार्जुनौ, अर्जुनभीमसेनौ। क्वचिन्न — जायापती, जंपती, दंपती, भार्यापती, पुत्रपती, शूद्रार्यौ, उलूखलमूसले, नरनारायणौ, पाण्डुधृतराष्ट्रौ, पुष्यपुनर्वसू।

द्वन्द्वसमास में वर्णवाची का क्रमशः प्राक् निपात होता है।

ब्राह्मणक्षत्रियौ

ब्राह्मणश्च क्षत्रियश्च लौ. वि.

ब्राह्मण + सि + क्षत्रिय + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

ब्राह्मण क्षत्रिय

वर्णाः (488) सू. से ब्राह्मण शब्द का प्राक् निपात

ब्राह्मणक्षत्रिय

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

ब्राह्मणक्षत्रिय + औ

शेष तिलमाषवत्

विट्शूद्रौ

विट् च शूद्रश्च लौ. वि.

विश् + सि + शूद्र + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

विश् शूद्र

वर्णाः (488) सू. से विश् शब्द का प्राक् निपात

विश्शूद्र

शराज्भ्राज्यज्सृज्मृज्भ्रस्ज्व्रश्च्परिव्राजां षः (179) सू. से श् का ष् विष्शूद्र

झसा ...... (59) सू. से ष् का ड्

विड्शूद्र

खसे ...... (72) सू. से ड् का ट्

विट्शूद्र

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

विट्शूद्र + औ

शेष तिलमाषवत्

वृद्धिगुणौ

वृद्धिश्च गुणश्च लौ. वि.

वृद्धि + सि + गुण + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

वृद्धि गुण

इन्दुदन्त ...... (483) सू. से वृद्धि शब्द के प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु उसे रोककर गुणवृद्ध्यादिषु वा (भिक्षु. 3/1/172) सू. से विकल्प से वृद्धि का प्राक् निपात

वृद्धिगुण

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

वृद्धिगुण + औ

शेष तिलमाषवत्

पक्ष में—जहां गुण ...... (भिक्षु 3/1/172) सू. से वृद्धि का प्राक् निपात नहीं होगा वहां—

गुणवृद्धी

वृद्धिश्च गुणश्च लौ. वि.

वृद्धि + सि + गुण + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

वृद्धि गुण

राजदन्तादिषु (भिक्षु. 3/1/166) सू. से गुण शब्द का प्राक् निपात

गुणवृद्धि

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

गुणवृद्धि + औ

इदुतोऽस्त्रेरौरीदूत् (140) सू. से औ को ई

गुणवृद्धि + ई

समानानां ...... (36) सू. से इकार को ईकार के साथ दीर्घ करने पर गुणवृद्धी रूप सिद्ध हुआ।

अर्थधर्मौ

अर्थश्च धर्मश्च लौ. वि.

अर्थ + सि + धर्म + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

अर्थ धर्म

स्वराद्यदन्तम् (484) सू. से अर्थ शब्द के नित्य प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु उसे रोककर

धर्मार्थादिषु वा (भिक्षु. 3/1/175) सू. से विकल्प से अर्थ का प्राक् निपात

अर्थधर्म

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

अर्थधर्म + औ

शेष तिलमाषवत्

पक्ष में—जहां धर्मा ...... (भिक्षु. 3/1/175) सू. अर्थ शब्द का प्राक् निपात नहीं होगा वहां—

धर्मार्थौ

अर्थश्च धर्मश्च लौ. वि.

धर्म + सि + अर्थ + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

धर्म अर्थ

राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/166) सू. से धर्म शब्द का प्राक् निपात

धर्मअर्थ

समानानां ...... (36) सू. से अकार का अकार के साथ दीर्घ

धर्मार्थ

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

धर्मार्थ + औ

शेष तिलमाषवत्

अग्निसमीरणौ

अग्निश्च समीरणश्च लौ. वि.

अग्नि + सि + समीरण + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

अग्नि समीरण

अल्पस्वरम् (485) सू. से अग्नि शब्द के प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु उसे रोककर

समीरणाग्न्यादिषु वा (भिक्षु. 3/1/178) सू. से अग्नि शब्द का विकल्प से प्राक् निपात

अग्निसमीरण

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अग्निसमीरण + औ

शेष तिलमाषवत्

पक्ष में—जहां समीरणा ...... (भिक्षु. 3/1/175) सू. से अग्नि का प्राक् निपात नहीं होगा वहां—

समीरणाग्नी

अग्निश्च समीरणश्च लौ. वि.

अग्नि + सि + समीरण + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

अग्नि समीरण

राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/166) सू. से समीरण शब्द का प्राक् निपात

समीरणअग्नि

समानानां ...... (36) सू. से अकार का अकार के साथ दीर्घ

समीरणाग्नि

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

समीरणाग्नि + औ

शेष गुणवृद्धिवत्

वसन्तग्रीष्मौ

वसन्तश्च ग्रीष्मश्च लौ. वि.

वसन्त + सि + ग्रीष्म + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

वसन्त ग्रीष्म

मासर्तु ...... (487) सू. से वसन्त शब्द के नित्य प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु उसे रोककर वसन्तग्रीष्मादिषु वा (भिक्षु. 3/1/183) सू. से वसन्त शब्द का विकल्प से प्राक् निपात

वसन्तग्रीष्म

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

वसन्तग्रीष्म + औ

शेष तिलमाषवत्

पक्ष में—जहां वसन्त ...... (भिक्षु. 3/1/183) सू. से वसन्त शब्द का प्राक् निपात नहीं होगा—

ग्रीष्मवसन्तौ

वसन्तश्च ग्रीष्मश्च लौ. वि.

वसन्त + सि + ग्रीष्म + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

ग्रीष्म वसन्त

राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/166) सू. से ग्रीष्म शब्द का प्राक् निपात

ग्रीष्मवसन्त

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

ग्रीष्मवसन्त + औ

शेष तिलमाषवत्

भीमसेनार्जुनौ

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

भीमसेनश्च अर्जुनश्च लौ. वि.

भीमसेन + सि + अर्जुन + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

भीमसेन अर्जुन

मासर्तु ...... (487) सू. से भीमसेन शब्द के नित्य प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु उसे रोककर भीमसेनार्जुनादिषु वा (भिक्षु. 3/1/185) सू. से भीमसेन शब्द का विकल्प से प्राक् निपात

भीमसेनअर्जुन

समानानां ...... (36) सू. से अकार का अकार के साथ दीर्घ

भीमसेनार्जुन

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

भीमसेनार्जुन + औ

शेष तिलमाषवत्

पक्ष में—जहां भीमसेन ...... (भिक्षु. 3/1/185) सू. से भीमसेन का प्राक् निपात नहीं होगा वहां—

अर्जुनभीमसेनौ

भीमसेनश्च अर्जुनश्च लौ. वि.

भीमसेन + सि + अर्जुन + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

अर्जुन भीमसेन

राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/166) सू. से अर्जुन शब्द का प्राक् निपात

अर्जुनभीमसेन

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

अर्जुनभीमसेन + औ

शेष तिलमाषवत्

जंपती

जाया च पतिश्च लौ. वि.

जाया + सि + पति + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

जाया पति

इन्दुदन्त ...... (484) सू. से पति शब्द के प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु उसे रोककर राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/166) सूत्र से जाया शब्द का प्राक् निपात एवं जाया को विकल्प से जं आदेश

जंपति

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

जंपति + औ

शेष गुणवृद्धिवत्

जहां राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/166) सू. से जाया के स्थान पर विकल्प से दं आदेश होगा वहां—

दंपती

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

शेष प्रक्रिया जंपतीवत्

जहां राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/66) सू. से जाया के स्थान पर जं एवं दं आदेश नहीं होगा वहां —

जायापती

शेष प्रक्रिया जंपतीवत्

पुत्रपती

पुत्रश्च पतिश्च लौ. वि.

पुत्र + सि + पति + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

पुत्र पति

इन्दुदन्त ...... (484) सू. से पति शब्द के प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु

न जायापत्यादिषु (भिक्षु. 3/1/171) सू. से निषेध

राजदन्तादिषु (भिक्षु. 3/1/166) सूत्र से पुत्र शब्द का प्राक् निपात

पुत्रपति

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

पुत्रपति + औ

शेष गुणवृद्धिवत्

शूद्रार्यौ

शूद्रश्च आर्यश्च लौ. वि.

शूद्र + सि + आर्य + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

शूद्र आर्य

स्वराद्यदन्तम् (484) सू. से आर्य शब्द के प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु

न शूद्रार्यादिषु (भिक्षु. 3/1/174) सू. से निषेध

राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/166) सूत्र से शूद्र शब्द का प्राक् निपात

शूद्रआर्य

समानानां ...... (36) सू. से अकार का आकार के साथ दीर्घ

शूद्रार्य

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

शूद्रार्य + औ

शेष तिलमाषवत्

उलूखलमूसले

उलूखलञ्च मूसलञ्च लौ. वि.

उलूखल + सि + मूसल + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

उलूखल मूसल

अल्पस्वरम् (485) सू. से मूसल शब्द के प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु

नोदूखलमूसलादिषु (भिक्षु. 3/1/177) सू. से निषेध

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/166) सूत्र से उलूखल शब्द का प्राक् निपात

उलूखलमूसल

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

उलूखलमूसल + औ

ईरौः (192) सू. से औ को ई

उलूखलमूसल + ई

अवर्णस्ये ...... (38) सू. से अकार का ईकार के साथ एकार करने पर उलूखलमूसले रूप सिद्ध हुआ।

नरनारायणौ

नरश्च नारायणश्च लौ. वि.

नर + सि + नारायण + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

नर नारायण

अर्चितम् (486) सू. से नारायण शब्द के प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु

न नरनारायणादिषु (भिक्षु. 3/1/180) सू. से निषेध

राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/166) सू. से नर शब्द का प्राक् निपात

नरनारायण

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

नरनारायण + औ

शेष तिलमाषवत्

पाण्डुधृतराष्ट्रौ

पाण्डुश्च धृतराष्ट्रश्च लौ. वि.

पाण्डु + सि + धृतराष्ट्र + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

पाण्डु धृतराष्ट्र

मासर्तु ...... (487) सू. से धृतराष्ट्र शब्द के प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु

न पाण्डुधृतराष्ट्रादिषु (भिक्षु. 3/1/184) सू. से निषेध

राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/166) सू. से पाण्डु शब्द का प्राक् निपात

पाण्डुधृतराष्ट्र

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

धृतराष्ट्र + औ

शेष तिलमाषवत्

पुष्यपुनर्वसू

पुष्यश्च पुनर्वसुश्च लौ. वि.

पुष्य + सि + पुनर्वसु + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

पुष्य पुनर्वसु

मासर्तु ...... (487) सू. से पुनर्वसु शब्द के प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

न पुष्यपुनर्वस्वादिषु (भिक्षु. 3/1/186) सू. से निषेध
राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/166) सू. से पुष्य शब्द का प्राक् निपात
पुष्यपुनर्वसु
प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय
पुष्यपुनर्वसु + औ
इदुतो ...... (140) सू. से औ को ऊ
पुष्यपुनर्वसु + ऊ
समानानां ...... (36) सू. से उकार का ऊकार के साथ दीर्घ करने पर पुष्यपुनर्वसू रूप सिद्ध हुआ।

489. नित्यवैरिणाम् (3/1/152)

एषां द्वन्द्व एकत्वं स्यात्। अहिनकुलम्, अश्वमहिषम्, मार्जारमूषकम्।

जिनका जातिनिबद्ध वैर हो उन नित्य वैरी (प्राणियों) का द्वन्द्व समास में एकत्व हो जाता है।

अहिनकुलम्

अहिश्च नकुलश्च लौ. वि.
अहि + सि + नकुल + सि अ. वि.
चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा
समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्
अहि नकुल
अल्प ...... (485) सू. से अहि शब्द का प्राक् निपात
अहिनकुल
नित्य ...... (489) सू. से एकत्व
अव्ययीभाव ...... इस कारिका से नपुंसकलिंग
प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय
अहिनकुल + सि
शेष मासविकलवत्

अश्वमहिषम्

अश्वश्च महिषश्च लौ. वि.
अश्व + सि + महिष + सि अ. वि.
चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा
शेष अहिनकुलवत्

मार्जारमूषकम्

मार्जारश्च मूषकश्च लौ. वि.
मार्जार + सि + मूषक + सि अ. वि.
चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा
समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्
मार्जारमूषक
नित्य ...... (489) सू. से एकत्व
अव्ययीभाव ...... इस कारिका से नपुंसकलिंग
प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय
मार्जारमूषक + सि

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

शेष मासविकलवत्

490. विरोधिनामद्रव्याणाम् (3/1/160)

अद्रव्यवृत्तीनां विरोधिवाचिनां द्वन्द्वमेकत्वं वा स्यात्। सुखदु:खम्, सुखदु:खे, लाभालाभम्, लाभलाभौ। विरोधिनामिति किम्—कामक्रोधौ। अद्रव्याणामिति किम्—शीतोष्णे जले।

द्रव्यवर्जित में रहने वाले विरोधिवाची का द्वन्द्व समास में एकत्व विकल्प से होता है।

सुखदु:खम्

सुखञ्च दु:खञ्च लौ. वि.

सुख + सि + दु:ख + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

सुख दु:ख

अर्चितम् (484) सू. से सुख शब्द का प्राक् निपात

सुखदु:ख

विरोधिना ...... (490) सू. से विकल्प से एकत्व

अव्ययीभाव ...... इस कारिका से नपुंसकलिंग

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

सुखदु:ख + सि

शेष मासविकलवत्

पक्ष में—जहां पर विरोधिना ...... (490) सू. से एकत्व नहीं होगा वहां—

सुखदु:खे

सुखञ्च दु:खञ्च लौ. वि. से अर्चितम् (486) सू. तक पूर्ववत् प्रक्रिया

सुखदु:ख

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

सुखदु:ख + औ

ईरौ: (192) सू. से औ का ई

सुखदु:ख + ई

अवर्णस्ये ...... (38) सू. से अकार का ईकार के साथ एकार करने पर सुखदु:खे रूप सिद्ध हुआ।

लाभालाभम्

लाभश्च अलाभश्च लौ. वि.

लाभ + सि + अलाभ + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

लाभ अलाभ

अर्चितम् (486) सू. से लाभ शब्द का प्राक् निपात

लाभअलाभ

समानानां ...... (36) सू. से अकार का अकार के साथ दीर्घ

लाभालाभ

विरोधि ...... (490) सू. से विकल्प से एकत्व

अव्ययीभाव ...... इस कारिका से नपुंसकलिंग

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

लाभालाभ + औ

शेष सुखदु:खवत्

पक्ष में—जहां विरोधिना ...... (490) सू. से एकत्व नहीं होगा वहां—

लाभालाभौ

लाभश्च अलाभश्च लौ. वि. से समानानां ...... (36) सू. तक पूर्ववत् प्रक्रिया

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

लाभालाभ + औ

शेष तिलमाषवत्

विरोधीवाची हो ऐसा क्यों? कामक्रोधौ। काम और क्रोध विरोधी नहीं है अत: इनमें विरोधिना ...... (490) सू. से एकत्व नहीं होगा।

कामक्रोधौ

कामश्च क्रोधश्च लौ. वि.

काम + सि + क्रोध + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

कामक्रोध

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

कामक्रोध + औ

शेष तिलमाषवत्

द्रव्य में वर्तन नहीं करना चाहिए ऐसा क्यों? शीतोष्णे जले। जल एक द्रव्य है। शीत और उष्ण जल में वर्तन करते हैं अत: शीतोष्ण में विरोधिना ...... (490) सू. से विकल्प से एकत्व नहीं होगा।

शीतोष्णे

शीतञ्च उष्णञ्च लौ. वि.

शीत + सि + उष्ण + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

शीत उष्ण

स्वराद्य ...... (448) सू. से उष्ण शब्द के प्राक् निपात की प्राप्ति किन्तु उसे रोककर

राजदन्ता ...... (भिक्षु. 3/1/166) सू. से शीत शब्द का प्राक् निपात

शीतउष्ण

अवर्णस्ये ...... (38) सू. से अकार का उकार के साथ ओकार

शीतोष्ण

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

शीतोष्ण + औ

शेष सुखदु:खवत्

491. आ द्वन्द्वे (3/2/39)

विद्यायोनिसम्बन्धिनामृकारान्तानां द्वन्द्वे उत्तरपदे परे आकारादेश: स्यात्। होतापोतारौ, मातापितरौ।

द्वन्द्व समास में उत्तरपद परे होने पर विद्या एवं योनि सम्बन्धी ऋकारान्त को आकार आदेश होता है।

होतापोतारौ

होता च पोता च लौ. वि.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

होतृ + सि + पोतृ + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा से पुंस्त्रियोः .... (133) सू. से औ की थुट् संज्ञा तक मातापितरौवत् प्रक्रिया

तृस्वसृनप्तृनेष्टृत्वष्टृक्षत्तृहोतृपोतृप्रशास्तृणामार् (162) सू. से ऋकार का आर्

होतापोत् आर् + औ

स्वरहीनं ...... न्याय से वर्णों को मिलाने पर होतापोतारौ रूप सिद्ध हुआ।

मातापितरौ

यह रूप 486 वें सू. में सिद्ध कर चुके हैं।

492. पुत्रे (3/2/40)

पुत्रशब्दे उत्तरपदे परे विद्यायोनिसंबन्धिन ऋकारान्तस्य आकारान्तादेशो भवति द्वन्द्वसमासे। मातापुत्रौ, पितापुत्रौ।

द्वन्द्वसमास में पुत्रशब्द उत्तरपद में होने पर विद्या एवं योनि सम्बन्धी ऋकारान्त को आकारान्त आदेश होता है।

मातापुत्रौ

माता च पुत्रश्च लौ. वि.

मातृ + सि + पुत्र + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

मातृ पुत्र

अर्चितम् (486) सू. से मातृ शब्द का प्राक् निपात

मातृपुत्र

पुत्रे (492) सू. से ऋकार का आकार

मातापुत्र

प्र. वि. के द्वि. व. की विवक्षा में औ प्रत्यय

मातापुत्र + औ

शेष तिलमाषवत्

पितापुत्रौ

पिता च पुत्रः च लौ. वि.

पितृ + सि + पुत्र + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

शेष मातापुत्रवत्।

इति द्वन्द्वः

द्वन्द्व समास समाप्त।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अथ अलुक्समासः
अब अलुक् समास प्रारम्भ हो रहा है।

493. आत्मनः पूरणे (3/2/14)

आत्मनः परस्य तृतीयाया लुग् न स्यात् पूरणप्रत्ययान्ते परे। आत्मनाचतुर्थः, आत्मनाषष्ठः। पूर्वादित्वात् समासः।

आत्मन् से परे तृतीया (विभक्ति) का लुक् नहीं होता है पूरणप्रत्ययान्त परे होने पर।

आत्मनाचतुर्थः

आत्मना चतुर्थः लौ. वि.

आत्मन् + टा + चतुर्थ + सि अ. वि.

ऊनार्थ ...... (408) सू. से विकल्प से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से तृ. ए. व. (अर्थात् टा प्रत्यय) एवं प्र. ए. व. (अर्थात् सि प्रत्यय) के लुक् की प्राप्ति किन्तु

आत्मनः ...... (493) सू. से तृ. वि. के लुक् का निषेध

आत्मना चतुर्थ

प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से आत्मना का प्राक् निपात

आत्मनाचतुर्थ

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

आत्मनाचतुर्थ + सि

शेष जिनश्रितवत्

पक्ष में—जहां समास नहीं होगा वहां—आत्मना चतुर्थः।

आत्मना षष्ठः

आत्मना षष्ठः लौ. वि.

आत्मन् + टा + षष्ठ + सि अ. वि.

ऊनार्थ ...... (408) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

शेष आत्मनाचतुर्थवत्

पक्ष में—जहां समास नहीं होगा वहां—आत्मना षष्ठः।

494. परात्मभ्यां चतुर्थ्याः (3/2/17)

आभ्यां परस्याश्चतुर्थ्या लुग् न स्यात् संज्ञायामुत्तरपदे परे। परस्मैपदम्, आत्मनेपदम्। हितादित्वात्समासः।

संज्ञा होने पर इन (पर एवं आत्मन् शब्दों) से परे चतुर्थी (विभक्ति) का लुक् नहीं होता है उत्तरपद परे होने पर।

परस्मैपदम्

परस्मै पदम् लौ. वि.

पर + ङे + पद + सि अ. वि.

हितादिभिः (412) सू. से विकल्प से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से च. ए. व. (अर्थात् ङे प्रत्यय) एवं प्र. ए. व. (अर्थात् सि प्रत्यय) के लुक् की प्राप्ति किन्तु

परात्मभ्यां ...... (494) सू. से चतुर्थी लुक् का निषेध

परस्मै पद

प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से परस्मै को पूर्व में रखने पर

परस्मैपद

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

परस्मैपद + सि

शेष मासविकलवत्

पक्ष में — जहां समास नहीं होगा वहां — परस्मै पदम्।

आत्मनेपदम्

आत्मने पदम् लौ. वि.

आत्मन् + ङे + पद + सि अ. वि.

हितादिभिः (412) सू. से विकल्प से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

शेष परस्मैपदवत्

पक्ष में — जहां समास नहीं होगा वहां — आत्मने पदम्।

495. मूर्खे देवानांप्रियः (3/2/34)

देवानांप्रिय इति षष्ठ्या लुगभावो निपात्यते मूर्खेऽभिधेये। अन्यत्र देवप्रियः।

मूर्ख अर्थ होने पर षष्ठी विभक्ति के लुक् के अभाव में देवानांप्रिय यह निपातन से सिद्ध होता है।

देवानांप्रियः

देवानां प्रियः लौ. वि.

देव + आम् + प्रिय + सि अ. वि.

षष्ठ्य ...... (414) सू. से विकल्प से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से ष. ब. व. (अर्थात् आम् प्रत्यय) एवं प्र. ए. व. (अर्थात् सि प्रत्यय) के लुक् की प्राप्ति किन्तु

मूर्खे ...... (495) सू. से षष्ठी विभ. के लुक् का निषेध

देवानाम् प्रिय

प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से देवानाम् को पूर्व में रखने पर

देवानाम्प्रिय

मोऽनुस्वार ...... (77) सू. से मकार का अनुस्वार

देवानांप्रिय

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

देवानांप्रिय + सि

शेष जिनश्रितवत्

जहां मूर्ख अर्थ नहीं होगा वहां —

देवप्रियः

देवानां प्रियः लौ. वि.

देव + आम् + प्रिय + सि अ. वि.

षष्ठ्य ...... (414) सू. से विकल्प से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

शेष जिनश्रितवत्

पक्ष में — जहां समास नहीं होगा वहां — देवानां प्रियः।

496. अमूर्धमस्तकात्स्वाङ्गादकामे (3/2/21)

मूर्धमस्तकवर्जितादन्तात् हसान्ताच्च स्वाङ्गवाचिनः परस्याः सप्तम्या लुक् न स्यात् कामवर्जिते उत्तरपदे परे। कण्ठेकालः, उदरेमणिः, शिरसिशिखः। अमूर्धमस्तकादिति किम् — मूर्धशिखः, मस्तकशिखः। अकाम इति किम् — मुखे कामोऽस्य मुखकामः।

मूर्धन् एवं मस्तक वर्जित अदन्त एवं हसान्त स्वाङ्गवाची से परे सप्तमी (विभक्ति) का लुक् नहीं होता है कामवर्जित उत्तरपद परे होने पर।

कण्ठेकालः एवं **उदरेमणिः** रूप 468 सू. में सिद्ध कर चुके हैं।

शिरसिशिखः

शिरसि शिखा यस्य सः लौ. वि.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

शिरस् + ङि + शिखा + सि अ. वि.

हंसगमना ...... (464) सू. से समास एवं बहुव्रीहिसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से स. ए. व. (अर्थात् ङि प्रत्यय) एवं प्र. ए. व. (अर्थात् सि प्रत्यय) के लुक् की प्राप्ति किन्तु

अमूर्ध ...... (496) सू. से स. वि. के लुक् का निषेध

शिरसि शिखा

सप्तम्यन्तम् (468) सू. से सप्तमी अन्त को पूर्व में रखने पर

शिरसिशिखा

अन्यार्थे ...... (434) सू. से ह्रस्व

शिरसिशिख

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

शिरसिशिख + सि

शेष जिनश्रितवत्

मूर्धन् एवं मस्तक को क्यों छोड़ा? मूर्धशिखः, मस्तकशिखः। इन दोनों उदाहरणों के पूर्वपद में क्रमशः मूर्धन् एवं मस्तक हैं अमूर्ध ...... (496) सू. के द्वारा इन दोनों का निषेध कर देने के कारण इनके बाद आने वाली विभक्ति का लुक् हो जाता है।

मूर्धशिखः

मूर्धनि शिखा यस्य सः लौ. वि.

मूर्धन् + ङि + शिखा + सि अ. वि.

हंसगमना ...... (464) सू. से समास एवं बहुव्रीहिसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

मूर्धन् शिखा

सप्तम्यन्तं ...... (468) सू. से सप्तमी अन्त को पूर्व में रखने पर

मूर्धन्शिखा

नाम्नो ...... (135) सू. से न् का लोप

मूर्धशिखा

अन्यार्थे ...... (434) सू. से ह्रस्व

मूर्धशिख

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

मूर्धशिख + सि

शेष जिनश्रितवत्

मस्तकशिखः

मस्तके शिखा यस्य सः लौ. वि.

मस्तक + ङि + शिखा + सि अ. वि.

हंसगमना ...... (464) सू. से समास एवं बहुव्रीहिसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

मस्तक शिखा

सप्तम्यन्तम् (468) सू. से सप्तमी अन्त को पूर्व में रखने पर

मस्तकशिखा

अन्यार्थे ...... (434) सू. से ह्रस्व

मस्तकशिख

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

मस्तकशिख + सि

शेष जिनश्रितवत्

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

काम शब्द उत्तरपद में नहीं हो ऐसा क्यों? मुखकामः। इस उदाहरण में काम शब्द उत्तरपद में होने के कारण स. वि. का लुक् हो गया।

मुखकामः

मुखे कामोऽस्य सः लौ. वि.
मुख + ङि + काम + सि अ. वि.
हंसगमना ...... (464) सू. से समास एवं बहुव्रीहिसमास संज्ञा
समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्
मुख काम
सप्तम्यन्तम् (468) सू. से सप्तमी अन्त को पूर्व में रखने पर
मुखकाम
प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय
मुखकाम + सि
शेष जिनश्रितवत्

497. तत्पुरुषे कृति (3/2/22)

अदन्तात् हसान्ताच्च परस्याः सप्तम्या लुग् न स्यात् कृदन्ते उत्तरपदे तत्पुरुषसमासे। स्तम्बेरमः, कर्णेजपः।

अदन्त और हसान्त से परे सप्तमी विभक्ति का लुक् नहीं होता है तत्पुरुषसमास में कृदन्त उत्तरपद परे होने पर।

स्तम्बेरमः

स्तम्बे रमते लौ. वि.
स्तम्ब + ङि + रम अ. वि.
सप्तम्युक्तं ...... (424) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा
समास ...... (395) सू. से स. ए. व. (अर्थात् ङि प्रत्यय) के लुक् की प्राप्ति किन्तु
तत्पुरुषे ...... (497) सू. से स. वि. के लुक् का निषेध
स्तम्बे रम
प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से स्तम्बे को पूर्व में रखने पर
स्तम्बेरम
प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय
स्तम्बेरम + सि
शेष जिनश्रितवत्

कर्णेजपः

कर्णे जपति लौ. वि.
कर्ण + ङि + जप अ. वि.
सप्तम्युक्तं ...... (424) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा
शेष स्तम्बेरमवत्

इत्यलुक्समासः
अलुक्समास समाप्त।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अथ समासाश्रयविधि
अब समासाश्रयविधि प्रारम्भ हो रही है।

498. ईपः (3/2/65)

तरादिषु[1] परेषु भाषितपुंस्कात्परस्येपो ह्रस्वः स्यात् तुल्यार्थे। गौरितरा, कुमारिकल्पा।

तरादि (तर, तम, रूप, कल्प, चेलड् , ब्रुव , गोत्र , मत , हत) परे होने पर भाषितपुंस्क से परे ईप् ह्रस्व होता है समान विभक्ति होने पर।

गौरितरा

इयमनयोः अतिशयेन गौरी लौ. वि.
द्वयोर्विभज्ये च तरः (715) सू. से तर प्रत्यय
गौरी + सि + तर अ. वि.
समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्
गौरी तर
वर्णों को मिलाने पर गौरीतर
आबतः ...... (295) सू. से आप् प्रत्यय
गौरीतर + आप् , प् अनुबन्ध
समानानां ...... (36) सू. से अकार का आकार के साथ दीर्घ
गौरीतरा
ईपः (498) सू. से ह्रस्व
गौरितरा
प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय
गौरितरा + सि
आपः (172) सू. से सि प्रत्यय का लोप करने पर गौरितरा रूप सिद्ध हुआ।

कुमारिकल्पा

ईषदसमाप्ता कुमारी लौ. वि.
अतमादेरीषदसमाप्ते कल्पदेश्यदेशीयाः (725) सू. से कल्प प्रत्यय
कुमारी + सि + कल्प अ. वि.
शेष गौरितरावत्

499. घञ्युपसर्गस्य बहुलम् (3/2/87)

घञन्ते उत्तरपदे उपसर्गस्य बहुलं दीर्घः स्यात्। नीमेदः, नीवारः, प्रावारः, प्रासादः, प्राकारः। क्वचिद्वा — परिणामः, परीणामः। क्वचिन्न — प्रतापः, प्रभावः।

घञन्त उत्तरपद परे होने पर उपसर्ग का (स्वर) बहुलता से दीर्घ होता है।

नीमेदः

नि (अर्थात् निश्शेषेण) मेदनम् लौ. वि.
नि + मेद अ. वि.
ऊर्यादिनु ...... (425) सू. से नि की गति संज्ञा एवं धातु से पूर्व प्रयोग करने पर
गतिः (426) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा
निमेद
घञ्युप ...... (499) सू. से उपसर्ग का (स्वर) दीर्घ
नीमेद
प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

---

[1] तरतमरूपकल्पचेलड्ब्रुवगोत्रमतहत इति तरादिः।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

नीमेद + सि

शेष जिनश्रितवत्

नीवारः

निवरणम् लौ. वि.

नि + वार अ. वि.

ऊर्याद्यनु ...... (425) सू. से नि की गति संज्ञा एवं धातु से पूर्व प्रयोग करने पर

गतिः (426) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

निवार

शेष नीमेदवत्

प्रावारः

प्रवरणम् लौ. वि.

प्र + वार अ. वि.

ऊर्याद्यनु ...... (425) सू. से प्र की गति संज्ञा एवं धातु से पूर्व प्रयोग करने पर

गतिः (426) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

शेष नीमेदवत्

प्रासादः

प्रसदनम् लौ. वि.

प्र + साद अ. वि.

ऊर्याद्यनु ...... (425) सू. से प्र की गति संज्ञा एवं धातु से पूर्व प्रयोग करने पर

गतिः (426) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

प्रसाद

शेष नीमेदवत्

प्राकारः

प्रकरणम् लौ. वि.

प्र + कार अ. वि.

ऊर्याद्यनु ...... (425) सू. से प्र की गति संज्ञा एवं धातु से पूर्व प्रयोग करने पर

गतिः (426) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

प्रकार

शेष नीमेदवत्

कहीं-कहीं विकल्प से दीर्घ होता है—

परीणामः

परिणमनम् लौ. वि.

परि + नाम अ. वि.

ऊर्याद्यनु ...... (425) सू. से परि की गति संज्ञा एवं धातु से पूर्व प्रयोग करने पर

गतिः (426) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

परिनम

अवकुप्वनुस्वारविसर्गजिह्वामूलीयोपध्मानीयैरन्तरेऽपि (121) सू. से न को ण

परिणम

घञ्युप ...... (499) सू. से विकल्प से उपसर्ग का इकार दीर्घ

परीणाम

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

परीणाम + सि

शेष जिनश्रितवत्

जहां इकार दीर्घ नहीं होगा वहां—

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

परिणामः

शेष प्रक्रिया परीणामवत्

कहीं-कहीं पर दीर्घ नहीं होता है —

प्रतापः

प्रतनम् लौ. वि.

प्र + ताप अ. वि.

ऊर्याद्यनु ...... (425) सू. से प्र की गति संज्ञा एवं धातु से पूर्व प्रयोग करने पर

गतिः (426) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

प्रताप

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

प्रताप + सि

शेष जिनश्रितवत्

प्रभावः

प्रभवनम् लौ. वि.

प्र + भाव अ. वि.

ऊर्याद्यनु ...... (425) सू. से प्र की गति संज्ञा एवं धातु से पूर्व प्रयोग करने पर

गतिः (426) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

प्रभाव

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

प्रभाव + सि

शेष जिनश्रितवत्

500. एकादशषोडशषोडन्षोढाषड्ढाः (3/2/94)

एते कृतदीर्घत्वादयो निपात्यन्ते। एकोत्तरा दश, एकं च दश च वा एकादश, षोडश। एवं षड् दन्ता अस्य षोडन्, षड्भिः प्रकारैः षोढा षड्ढा वा।

जिनमें दीर्घत्व आदि कर दिया है ऐसे ये (एकादश, षोडश, षोडन्, षोढा, षड्ढा) निपातन से सिद्ध होते हैं।

एकादश

एकोत्तरा दश लौ. वि.

एकोत्तर + जस् + दशन् + जस् अ. वि.

विशेषणं ...... (441) सू. से विकल्प से समास

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

एकोत्तर दशन्

शाक ...... (444) सू. से मध्यम पद (उत्तर) का लोप एवं कर्मधारय और तत्पुरुषसमास संज्ञा

एक दशन्

संख्या समासे (भिक्षु. 3/1/189) सू. से एक का प्राक् निपात

एकदशन्

एकादश ...... (500) सू. से क में स्थित अकार का आकार

एकादशन्

प्र. वि. के ब. व. की विवक्षा में जस् प्रत्यय

एकादशन् + जस्

जश्शसोर्डतिष्णो लुक् (156) सू. से जस् का लुक्

एकादशन्

नाम्नो ...... (135) सू. से नकार का लोप करने पर एकादश रूप सिद्ध हुआ।

पक्ष में — जहां समास नहीं होगा वहां विग्रह ही रह जाएगा।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

एकादश

एकं च दश च लौ. वि.

एक + सि + दशन् + जस् अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

एकदशन्

संख्या समासे (भिक्षु. 3/1/189) सू. से एक का प्राक् निपात

एकदशन्

एकादश ...... (500) सू. से क में स्थित अकार का दीर्घ

एकादशन्

प्र. वि. के ब. व. की विवक्षा में जस् प्रत्यय

एकादशन् + जस्

शेष एकादशवत्

पक्ष में—जहां समास नहीं होगा वहां विगह ही रह जाएगा।

षोडश

षट् च दश च लौ. वि.

षष् + जस् + दशन् + जस् अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

षष् दशन्

संख्या ...... (भिक्षु. 3/1/189) सू. से षष् का प्राक् निपात

षष्दशन्

एकादश ...... (500) सू. से ष् का उकार एवं दकार का डकार

षउडशन्

अवर्णस्ये ...... (38) सू. से अकार का उकार के साथ ओकार

षोडशन्

प्र. वि. के ब. व. की विवक्षा में जस् प्रत्यय

षोडशन् + जस्

शेष एकादशवत्

पक्ष में—जहां समास नहीं होगा वहां विग्रह ही रह जाएगा।

षोडन्

षड् दन्ता अस्य लौ. वि.

षष् + जस् + दन्त + जस् अ. वि.

तुल्यार्थं ...... (460) सू. से समास एवं बहुव्रीहिसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

षष् दन्त

सर्वादिश्च ...... (467) सू. से षष् का प्राक् निपात

षष्दन्त

एकादश ...... (500) सू. से ष् का उ , दन्त का दतृ एवं दतृ के द् का ड्

षउडतृ

अवर्णस्ये ...... (38) सू. से अकार को उकार के साथ ओकार

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

षोडतृ , ऋकार अनुबन्ध

षोडत्

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

षोडत् + सि

पुंस्त्रियोः ...... (133) सू. से सि प्रत्यय की थुट् संज्ञा

मिदन्त्यस्वरात्परः (195) सू. की सहायता से

उदृदितो नुम् (249) सू. से अन्तिम स्वर से परे नुम् का आगम

षोडनुम्त् + सि, मकार अनुबन्ध, उकार उच्चारणार्थ

षोडन्त् + सि

हसेपः ...... (183) सू. से सि प्रत्यय का लोप

संयोगस्य (206) सू. से त् का लोप करने पर षोडन् रूप सिद्ध हुआ।

पक्ष में—जहां समास नहीं होगा वहां विग्रह ही रह जाएगा।

षोढा

षड्भिः प्रकारैः लौ. वि.

संख्याया धा (706) सू. से धा प्रत्यय

षष् + भिस् + धा अ. वि.

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

षष् धा

एकादश ...... (500) सू. से ष् का उ एवं ध् का ढ्

षउढा

अवर्णस्ये ...... (38) सू. से अकार का उकार के साथ ओकार

षोढा

अधण्तस्वाद्येनान्तः (भिक्षु. 1/1/50) सू. से प्रत्यय की अव्यय संज्ञा

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

षोढा + सि

अव्ययस्य (294) सू. से सि प्रत्यय का लोप करने पर षोढा रूप सिद्ध हुआ।

षड्ढा

षड्भिः प्रकारैः लौ. वि.

संख्याया ...... (706) सू. से धा प्रत्यय

षष् + भिस् + धा अ. वि.

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

षष्धा

नाम ...... (131) सू. से षष् की पद संज्ञा

झसा ...... (59) सू. से ष् का ड्

षड्धा

ष्टुभिः ष्टुः (65) सू. से ध् का ढ्

षड्ढा

अधण् ...... (भिक्षु. 1/1/50) सू. से प्रत्यय की अव्यय संज्ञा

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

षड्ढा + सि

शेष षोढावत्

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

501. द्वित्र्यष्टानां द्वात्रयोऽष्टाः प्राक् शतादनशीति बहुव्रीहौ (3/2/95)

द्व्यादीनां द्वादय आदेशाः स्युः प्राक् शतात् संख्यायामुत्तरपदे अशीति बहुव्रीहिसमासविषयं चोत्तरपदं वर्जयित्वा। द्वाभ्यामधिका दश, द्वौ च दश चेति वा द्वादश। एवं त्रयोदश, अष्टादश। प्राक् शतादिति किम् — द्विशतम्। अनशीति बहुव्रीहाविति किम् — द्व्यशीतिः, द्वौ वा त्रयो वा द्वित्राः।

शत से पहले-पहले द्वि, त्रि एवं अष्टन् को (क्रमशः) द्वा, त्रयस् एवं अष्टा आदेश होते हैं संख्यावाची उत्तरपद में होने पर (किन्तु) उत्तरपद में अशीति एवं बहुव्रीहिसमास के विषय को छोड़कर।

द्वादश

द्वाभ्यामधिका दश लौ. वि.

द्वि + भ्याम् + अधिक + जस् + दशन् + जस् अ. वि.

विशेषण ...... (441) सू. से विकल्प से समास

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

द्वि अधिक दशन्

शाक ...... (444) सू. से मध्यम पद (अधिक) का लोप एवं तत्पुरुष और कर्मधारयसमास संज्ञा

द्विदशन्

संख्या ...... (भिक्षु. 3/1/189) सू. से द्वि का प्राक् निपात

द्विदशन्

प्र. वि. के ब. व. की विवक्षा में जस् प्रत्यय

द्विदशन् + जस्

शेष एकादशवत्

पक्ष में — जहां समास नहीं होगा वहां विग्रह ही रह जाएगा।

द्वादश

द्वौ च दश च लौ. वि.

द्वि + औ + दशन् + जस् अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

द्वि दशन्

संख्या ...... (भिक्षु. 3/1/189) सू. से द्वि का प्राक् निपात

द्विदशन्

द्वित्र्यष्टानां ...... (501) सू. से द्वि को द्वा आदेश द्वादशन्

प्र. वि. के ब. व. की विवक्षा में जस् प्रत्यय

द्वादशन् + जस्

शेष एकादशवत्

पक्ष में — जहां समास नहीं होगा वहां विग्रह ही रह जाएगा।

त्रयोदश

त्रयश्च दश च लौ. वि.

त्रि + जस् + दशन् + जस् अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

त्रि दशन्

संख्या ...... (भिक्षु. 3/1/189) सू. से त्रि का प्राक् निपात

त्रिदशन्

द्वित्र्यष्टानां ...... (501) सू. से त्रि का त्रयस्

त्रयस्दशन्

स्रोर्वि ...... (89) सू. से सकार का विसर्ग

त्रयःदशन्

हबे (85) सू. से विसर्ग का उकार

त्रयउदशन्

अवर्णस्ये ...... (38) सू. से अकार को उकार के साथ ओकार

त्रयोदशन्

प्र. वि. के ब. व. की विवक्षा में जस् प्रत्यय

त्रयोदशन् + जस्

शेष एकादशवत्

पक्ष में—जहां समास नहीं होगा वहां विग्रह ही रह जाएगा।

अष्टादश

अष्ट च दश च लौ. वि.

अष्टन् + जस् + दशन् + जस् अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

अष्टन् दशन्

संख्या ...... (भिक्षु. 3/1/189) सू. अष्टन् का प्राक् निपात

अष्टन्दशन्

द्वित्र्यष्टानां ...... (501) सू. से अष्टन् का अष्टा

अष्टादशन्

प्र. वि. के ब. व. की विवक्षा में जस् प्रत्यय

अष्टादशन् + जस्

शेष एकादशवत्

पक्ष में—जहां समास नहीं होगा वहां विग्रह ही रह जाएगा।

सौ से पहले-पहले ऐसा क्यों? द्विशतम् (एक सौ दो) यह संख्या सौ से बाद की है अतः द्वि शब्द को द्वित्र्यष्टानां ......(501) सू. से द्वा नहीं होगा।

द्विशतम्

द्वौ च शतं च लौ वि.

द्वि + औ + शत + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

द्वि शत

संख्या ...... (भिक्षु. 3/1/189) सू. से द्वि का प्राक् निपात

द्विशत

द्वन्द्वः संख्या विंशत्यादिना संख्यायाम् (भिक्षु. 3/1/146) सू. से एकत्व

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

द्विशत + सि

शेष मासविकलवत्

पक्ष में—जहां समास नहीं होगा वहां विग्रह ही रह जाएगा।

उत्तरपद में अशीति न हो ऐसा क्यों ? द्वयशीतिः इस उदाहरण में अशीति उत्तरपद में है अतः द्वित्र्यष्टानां ...... (501) सू. से द्वि का द्वा नहीं होगा।

द्वयशीतिः

द्वौ च अशीतिः च लौ. वि.

द्वि + औ + अशीति + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

द्वि अशीति

संख्या ...... (भिक्षु. 3/1/189) सू. से द्वि का प्राक् निपात

द्विअशीति

इवर्णादीनां ...... (29) सू. से इकार का यकार

द्व्यअशीति

स्वरहीनं ...... न्याय से वर्णों को मिलाने पर द्वयशीति

द्वन्द्वः संख्या विंशत्यादिना संख्यायाम् (भिक्षु. 3/1/146) सू. से एकत्व

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

द्वयशीति + सि

शेष जिनश्रितवत्

पक्ष में—जहां समास नहीं होगा वहां विग्रह ही रह जाएगा।

उत्तरपद बहुव्रीहिसमास का विषय न हो ऐसा क्यों? द्वित्राः में बहुव्रीहिसमास होने से द्वि का द्वा नहीं होगा।

द्वित्राः

द्वौ वा त्रयः वा लौ. वि.

द्वि + औ + त्रि + जस् अ. वि.

सुज्वार्थे संख्या संख्येये संख्यया बहुव्रीहिः (भिक्षु. 3/1/125) सू. से समास एवं बहुव्रीहिसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

द्वि त्रि

संख्या ...... (भिक्षु. 3/1/189) सू. द्वि का प्राक् निपात

द्वित्रि

संख्याया बहुव्रीहेः (भिक्षु. 8/3/70) सू. से समासान्त ड प्रत्यय

द्वित्रि + ड , ड् अनुबन्ध

द्वित्रि + अ

तदन्तं पदम् (23) सू. से द्वि एवं त्रि की पद संज्ञा की प्राप्ति किन्तु

वृत्त्यन्तः (405) सू. से अन्तिम की पदसंज्ञा का निषेध

इवर्णा ...... (451) सू. से इकार का लोप

द्वित्र् + अ

स्वरहीनं ...... न्याय से वर्णों को मिलाने पर द्वित्र

प्र. वि. के ब. व. की विवक्षा में जस् प्रत्यय

द्वित्र + जस्

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

शेष घटशङ्खपटवत्

502. चत्वारिंशदादौ वा (3/2/96)

द्वित्र्यष्टानां प्राक्शताच्चत्वारिंशदादौ संख्यायामुत्तरपदे यथासंख्यं द्वा, त्रयस् , अष्टा इत्येते आदेशा वा भवन्ति अनशीतिबहुव्रीहौ। द्वाचत्वारिंशत्, द्विचत्वारिंशत्, त्रयश्चत्वारिंशत्, त्रिचत्वारिंशत्, अष्टाचत्वारिंशत्, अष्टचत्वारिंशत्।

सौ से पहले-पहले द्वि, त्रि एवं अष्टन् को क्रमशः द्वा, त्रयस् एवं अष्टा आदेश विकल्प से होते हैं चत्वारिंशत् आदि संख्या उत्तरपद में होने पर किन्तु अशीति एवं बहुव्रीहिसमास के विषय को छोड़कर।

द्वाचत्वारिंशत्

द्वौ च चत्वारिंशत् च लौ. वि.

द्वि + औ + चत्वारिंशत् + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

द्वि चत्वारिंशत्

संख्या ...... (भिक्षु. 3/1/189) से द्वि का प्राक् निपात

द्विचत्वारिंशत्

चत्वारिंशदादौ वा (502) सू. से द्वि को विकल्प से द्वा आदेश

द्वाचत्वारिंशत्

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

द्वाचत्वारिंशत् + सि

हसेपः ...... (183) सू. से सि प्रत्यय का लोप करने पर द्वाचत्वारिंशत् रूप सिद्ध हुआ।

पक्ष में—जहां चत्वा ...... (502) सू. से द्वि को द्वा आदेश नहीं होगा वहां—

द्विचत्वारिंशत्

शेष प्रक्रिया द्वाचत्वारिंशत्वत्

पक्ष में—जहां समास नहीं होगा वहां विग्रह ही रह जाएगा।

त्रयश्चत्वारिंशत्

त्रयः च चत्वारिंशत् च लौ. वि.

त्रि + जस् + चत्वारिंशत् + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

त्रि चत्वारिंशत्

संख्या ...... (भिक्षु. 3/1/189) सू. से त्रि का प्राक् निपात

त्रिचत्वारिंशत्

चत्वा ...... (502) सू. से विकल्प से त्रि को त्रयस् आदेश

त्रयस्चत्वारिंशत्

स्रोर्वि ...... (89) सू. से सकार का विसर्ग

त्रयःचत्वारिंशत्

विसर्गस्य सश्छते (82) सू. से विसर्ग का सकार

त्रयस्चत्वारिंशत्

स्तोः श्चुभिः श्चुः (63) सू. से सकार का शकार

त्रयश्चत्वारिंशत्

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

त्रयश्चत्वारिंशत् + सि

शेष द्वाचत्वारिंशत्वत्

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

पक्ष में—जहां चत्वा ...... (502) सू. से त्रि को त्रयस् आदेश नहीं होगा वहां—

त्रिचत्वारिंशत्

शेष प्रक्रिया द्विचत्वारिंशत्वत्

पक्ष में—जहां समास नहीं होगा वहां विग्रह ही रह जाएगा।

अष्टाचत्वारिंशत्

अष्टौ अथवा अष्ट च चत्वारिंशत् च लौ. वि.

अष्टन् + जस् + चत्वारिंशत् + सि अ. वि.

चार्थे ...... (481) सू. से विकल्प से समास एवं द्वन्द्वसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

अष्टन् चत्वारिंशत्

संख्या ...... (भिक्षु. 3/1/189) सू. से अष्टन् का प्राक् निपात

अष्टन्चत्वारिंशत्

चत्वा ...... (502) सू. से विकल्प से अष्टन् को अष्टा आदेश

अष्टाचत्वारिंशत्

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

अष्टाचत्वारिंशत् + सि

शेष द्वाचत्वारिंशत्वत्

पक्ष में—जहां पर चत्वा ...... (502) सू. से अष्टन् को अष्टा आदेश नहीं होगा वहां—

अष्टचत्वारिंशत्

अष्टन्चत्वारिंशत् तक पूर्ववत् प्रक्रिया

नाम्नो ...... (135) सू. से नकार का लोप

अष्टचत्वारिंशत्

प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय

अष्टचत्वारिंशत् + सि

शेष द्वाचत्वारिंशत्वत्

पक्ष में—जहां समास नहीं होगा वहां विग्रह ही रह जाएगा।

503. खित्यनव्ययस्वरान्तारुषां मुम् ह्रस्वश्च (3/2/139)

अव्ययवर्जितस्वरान्तस्य अरुषश्च मुमागमः स्यात् यथाप्राप्तह्रस्वश्च खिदन्ते परे। कालिंमन्या, हरिणिंमन्या, मेघंकरः, प्रियंवदः, अरुंतुदः।

अव्ययवर्जित स्वरान्त और अरुष् को मुम् का आगम होता है और यथाप्राप्त (अर्थात् जहां दीर्घान्त हो) को ह्रस्व होता है खिदन्त (कृदन्त) परे होने पर।

कालिंमन्या

कालीमात्मानं मन्यते लौ. वि.

काली + अम् + मन्य अ. वि.

सप्तम्युक्तं ...... (424) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा

समास ...... (395) सू. से विभ. का लुक्

काली मन्य

प्रथमोक्तं ...... (396) सू. से काली को पूर्व में रखने पर

कालीमन्य

मिदन्त्यस्वरात्परः (195) सू. की सहायता से

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

खित्यनव्यय ...... (503) सू. से अन्तिम स्वर से परे मुम् का आगम एवं ह्रस्व
कालिमुम्मन्य, म् अनुबन्ध, उकार उच्चारणार्थ
मोऽनुस्वार ...... (77) सू. से मकार का अनुस्वार
कालिंमन्य
आबतः ...... (395) सू. से आप् प्रत्यय
कालिंमन्य + आप्, प् अनुबन्ध
समानानां ...... (36) सू. से अकार का आकार के साथ दीर्घ
कालिंमन्या
प्र. वि. के ए. व. की विवक्षा में सि प्रत्यय
कालिंमन्या + सि
शेष घटमृत्तिकावत्

हरिणिंमन्या

हरिणीमात्मानं मन्यते लौ. वि.
हरिणी + अम् + मन्य अ. वि.
सप्तम्युक्तं ...... (424) सू. से समास एवं तत्पुरुषसमास संज्ञा
शेष कालिंमन्यावत्

मेघंकरः

मेघं करोति लौ. वि.
